राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

नई दिल्ली से प्रकाशित

वर्ष : 11
अंक : 232
पृष्ठ : 08
नई दिल्ली
शनिवार 05 मार्च 2022
मूल्य : 1.50/-
RNI No .DELHIN/2011/38334

मुख्य अपडेट
पेज 2 बिहार सरकार गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए गरीबों को दे रही आर्थिक मदद : मंगल
पेज 3 टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रिब्यूशन लिमिटेड ने लगातार दूसरे वर्ष मनाया लाइनमैन दिवस, कलाइनमैनों की निस्वार्थ सेवा
पेज 5 उप्र को ऐसा नेतृत्व चाहिये जो राष्ट्रभक्ति से भरा हो : मोदी, वाराणसी में सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मोदी

स्वागत समारोह



आंध्र प्रदेश के पश्चिम गोदावरी जिले के पोलावरम परियोजना पुनर्वास कॉलोनी के लोगों द्वारा केंद्रीय जल शक्ति मंत्री, गजेंद्र सिंह शेखावत का स्वागत किया गया।

## पाकिस्तान के पेशावर में फिदायीन हमला...

# जुमे की नमाज के दौरान मस्जिद में ब्लास्ट; 56 की मौत, 190 से ज्यादा घायल

(एजेंसी)।

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पेशावर में शुक्रवार को जुमे की नमाज के दौरान फिदायीन हमला हुआ। ब्लास्ट में ? 56 नमाजियों की मौत हो गई। 190 से ज्याद लोग घायल हो गए। 10 की हालत गंभीर है। ये विस्फोट पेशावर के कोचा रिसालदार इलाके में किस्सा ख्वानी बाजार की एक शिया मस्जिद में हुआ। हमले के वक्त मस्जिद में करीब 150 लोग मौजूद थे।

पेशावर पुलिस के मुताबिक शहर के किस्सा ख्वानी बाजार में दो हमलावरों ने मस्जिद में घुसने की कोशिश की। रोकने पर उन्होंने वहां खड़े पुलिसकर्मियों पर फायरिंग कर दी।

एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई। एक हमलावर भी मारा गया। फायरिंग में एक दूसरा पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गया। इसी बीच अकेला बचा हमलावर मस्जिद में घुस गया और उसने खुद को उड़ा लिया।

### दो हमलावर गार्ड को मारकर अंदर घुसे



रेस्क्यू टीम ने घायलों को लेडी रीडिंग अस्पताल में भर्ती कराया है। स्थानीय लोगों ने भी घायलों को अपनी मोटरसाइकिल और कारों में लादकर अस्पताल पहुंचाया। घटना के बाद पुलिस और सुरक्षा टीमों ने इलाके की घेराबंदी कर दी है। लेडी रीडिंग अस्पताल के प्रवक्ता का कहना है कि कई घायलों की हालत बेहद गंभीर है।

### काले कपड़े पहने हुआ था एक हमलावर...

हमले के दौरान वहां मौजूद एक चश्मदीद ने पाकिस्तानी मीडिया को बताया कि एक हमलावर काले कपड़े पहने था। वह मस्जिद के मेन हॉल में घुस गया और खुद को उड़ा लिया। इसके बाद हर जगह लाशें और घायल लोग ही पड़े थे। हॉल नमाजियों से भरा हुआ था।

# भागलपुर में बम बनाते समय धमाका

## एक ही परिवार के 5 सदस्यों सहित 14 की मौत

भागलपुर। बिहार के भागलपुर में बम बनाते समय हुए विस्फोट में 14 लोगों की मौत हो गई है। शहर के काजवली चक इलाके में गुरुवार रात करीब 11.30 बजे जबरदस्त धमाका हुआ। इससे करीब 5 किमी तक का इलाका दहल उठा। वहीं, बम फटने से चार घर ढह गए। दोपहर 3 बजे तक 14 शव निकाले गए हैं। इसके अलावा विस्फोट में 10 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। इनका इलाज चल रहा है।

डीजीपी एसके सिंघल ने प्रेस कांफ्रेंस कर कहा है कि बगैर लाइसेंस के पटाखा बनाया जा रहा था, इस कारण स्थानीय थानेदार सुधांशु कुमार को सस्पेंड कर दिया गया है। इस घटना की पुलिस मैनुअल के तहत जांच की जाएगी। स्थानीय थाना ने इसकी जांच पहले से क्यों नहीं की ? इस पॉइंट पर भी जांच होगी। विस्फोटक सामग्री कहां से आई थी, इसकी भी जांच होगी। उन्होंने कहा है कि पटना से ATS की टीम भागलपुर जाएगी। वहां हुए पहले ब्लास्ट से लेकर अब तक हुए सारे ब्लास्ट की जांच करेगा।

डीजीपी ने बताया कि मोहम्मद आजाद के घर में रहने वाली लीलावती के यहां विस्फोट हुआ है। लीलावती का परिवार पटाखा बनाने का अवैध कारोबार करता था। लीलावती समेत उसके परिवार के 5 सदस्यों की भी मौत हुई है। पुलिस को मलबे से 5 किलो बारूद और काफी संख्या में लोहे की कीलें मिली हैं। इस वजह से पुलिस बम ब्लास्ट के एंगल से भी जांच कर रही है। कुछ ही दिनों पहले आईबी ने भी भागलपुर पुलिस को अलर्ट किया था। विस्फोट से करीब 5 किमी के दायरे में बसे दस हजार परिवारों ने पूरी रात दहशत में गुजारी। रात भर अफरातफरी का माहौल रहा।

भागलपुर एसएसपी बाबूराम ने कहा कि यहां तीन लोग पटाखा बनाने का काम करते थे। इसी में अचानक विस्फोट होने से आसपास के चार मकान गिरने और मलबे में लोगों के दबने से मौतें हुई हैं। कुछ लोगों ने बताया है कि लीलावती देवी के मकान में विस्फोट हुआ है। स्नस्रुकी टीम जांच कर रही है। पूरी रिपोर्ट आने के बाद पता चलेगा कि विस्फोटक किस तरह का था। घटना पर पीएम मोदी ने भी शोक जताते हुए ट्वीट किया और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से फोन पर बात की। विस्फोट में लीलावती समेत उसके परिवार के 5 सदस्यों और महेंद्र मंडल के परिवार के तीन सदस्यों की मौत हुई है। तीन और शवों की पहचान राहुल कुमार (21 वर्ष), गणेश प्रसाद सिंह (60), उर्मिला देवी (70) के रूप में किया गया है। सभी काजवली चक के हैं।





### ई-रिक्शे से कई लोगों को अस्पताल पहुंचाया

धमाका होने के बाद घर में जैसे ही लोग देखने के लिए अंदर घुसे घर गिरना शुरू हो गया। परिवार के सभी सदस्य मलबे में दब चुके थे। घटनास्थल पर बहुत धुंआ हो जाने से कुछ दिखाई नहीं दे रहा था। किसी तरह कुछ लोगों को ई-रिक्शे से ले जाकर मायागंज अस्पताल में भर्ती कराया। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत है।

काजवली चक में बम ब्लास्ट से कई घरों को भी नुकसान पहुंचा है। किसी की छत गिर गई है। किसी की खिड़की में लगा शीशा टूट गया है। वहीं, स्थानीय रमेश कुमार ने बताया कि पहले कभी भी इतनी जोर से आवाज नहीं हुई थी। ब्लास्ट होने के बाद सड़कों पर पूरी तरह से बारूद का धुआं भर गया।

### इनकी मौत हुई है

**संतोष कुमार की पत्नी आरती कुमारी (24) और बेटे अयांश कुमार (2), दीपक मंडल की पत्नी पिंकी देवी, बेटे प्रियांशु कुमार, महेंद्र मंडल (70) और उसकी पत्नी शीला देवी (55), नंदनी देवी (26) पति मनीष मंडल माधोपुर थाना वासुदेवपुर मुंगेर, गणेश प्रसाद सिंह(60) काजवलीचक, लीलावती देवी (55) पत्नी स्वर्गीय शंकर मंडल ततारपुर, राहुल कुमार उर्फ रोहित (20) पुत्र राजकुमार ततारपुर, उर्मिला देवी (60) पति स्वर्गीय बैजनाथ पूरब टोला कहलगांव, मोनू कुमार (3 वर्ष) पिता मनीष मंडल माधोपुर मुंगेर, राजकुमार शाह ( 45) वर्ष पिता स्वर्गीय काजवलीचक और सुनील कुमार मंडल उर्फ संजय मंडल काजवलीचक की मौत हुई है।**



### एटीएस करेगी विस्फोट की जांच

विस्फोट की जांच की जिम्मेवारी बिहार एटीएस को मिल गई है। पुलिस मुख्यालय की तरफ से इस घटना की जांच के लिए जल्द आदेश जारी कर दिया है। शुक्रवार को पटना में एडीजी लॉ एंड ऑर्डर संजय सिंह ने कहा कि भागलपुर में तातारपुर थाना के तहत काजवली चक इलाके में यह विस्फोट हुआ है। पुलिस मुख्यालय भी दावा कर रही है कि पटाखा बनाने के दौरान यह घटना हुई है। अचानक से गुरुवार रात में विस्फोट हुआ। घटना में कुछ की मौत मौके पर तो कुछ की मौत इलाज के दौरान हुई।

स्थानीय लोगों के मुताबिक शब-ए-बारात के लिए घर में बम बनाया जा रहा था, जिसको लेकर ये ब्लास्ट हुआ है। घायल निर्मल ने भी इसकी पुष्टि की है। DIG सुजीत कुमार का कहना है कि स्नस्रुकी टीम जांच कर रही है इसके बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि यह किस तरह का विस्फोट था।

### बम डिस्पोजल टीम मौके पर पहुंची

एसएसपी बाबूराम ने रात की घटना पर अपडेट किया है। घटना में घायल 11 लोगों का इलाज जारी है। घटना का कारण सम्भवत: पटाखा मटेरियल में विस्फोट है। अभी तक जो जानकारी मिली है कि पीड़ित परिवारों में से एक परिवार पटाखा बनाने का काम करता था। जिसके घर मे पहले भी विस्फोट की घटना हो चुकी है। उसी के घर मे विस्फोटक पदार्थ में विस्फोट हुआ प्रतीत होता है। बम डिस्पोजल टीम और एफएसएल की टीम के निरीक्षण के बाद स्थिति कुछ ओर स्पष्ट हो सकेगी।

# जीवन भर नमक का कर्ज चुकाता रहूंगा : मोदी

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव की सियासी जंग अब अंतिम दौर में पहुंच चुकी है। प्रदेश में छह दौर का मतदान खत्म हो चुका है और अब बारी अंतिम और निर्णायक दौर की है। यही कारण है कि सभी दलों के प्रमुखों ने वाराणसी में डेरा डाल लिया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को मिर्जापुर में जनसभा को संबोधित किया और इस दौरान उन्होंने सोशल मीडिया पर शेयर एक वीडियो का जिक्र किया जिसमें एक वृद्ध महिला को यह कहते हुए सुना गया कि उसने मोदी का नमक खाया और वो उनका साथ नहीं छोड़ सकती।

पीएम ने इस वीडियो का जिक्र करते हुए कहा कि एक मां ये शब्द बोलती है, यह मेरे लिए शब्द नहीं आशीर्वाद है। मैं उस गरीब मां से कहना चाहता हूं कि आपने मोदी का नमक नहीं खाया बल्कि आपका वोट नमक आप तक पहुंचा रहा है। जो नमक आपने मुझे खिलाया है, मैं जीवनभर एक बेटे की तरह उसका कर्ज चुकाता रहूंगा।



काशीवासी दिल खोलकर अपने सांसद और पीएम का स्वागत कर रहे हैं।

बता दें कि पिछले महीने एक वृद्ध महिला का वीडियो सोशल मीडिया पर वारयल हुआ था जिसमें वह कहती हुई नजर आ रही थीं, %मैंने मोदी का नमक खाया है, धोखा नहीं देंगे।% यह महिला मैनपुरी की रहने वाली है, जिसके वीडियो को बीजेपी उत्तर प्रदेश ने अपने ट्विटर हैंडल पर ट्वीट किया था।

हालांकि इस वीडियो पर लोगों ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए लिखा था, %नमक मोदी का नहीं देश का नमक है।% वहीं जानकारों का मानना है कि पीएम मोदी ने अपने विरोधियों को साधते हुए आज मिर्चापुर की रैली में इस वृद्ध महिला का जिक्र किया।

रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि इस सदी में भारत की ताकत कैसे बढ़ रही है ये हमने इस कोरोना काल में भी देखा है। दुनिया के बड़े-बड़े देश संकट के समय में पस्त पड़ गए थे, लेकिन भारत पिछले दो साल से अपने 80 करोड़ नागरिकों को मुफ्त राशन दे रहा है।

उन्होंने कहा कि आपके लिए ये समय देश के साथ एकजुट होकर, कंधे से कंधा मिलाकर खड़े होने का है। इस बार आपका वोट समर्थ भारत और सशक्त उत्तर प्रदेश के सपनें को साकार करने के लिए है।

दुनिया के बड़े-बड़े देश कोरोना काल में अपने नागरिकों को सीधे पैसा नहीं भेज पाए। लेकिन भारत ने इस कोरोना काल में महिलाओं के बैंक खातों में सीधे 30 हजार करोड़ रुपये भेजे।

### शहनाई की गूंज के बीच मोदी का भगवा अवतार, बाबा विश्वनाथ का षोडशोपचार पूजन कर डमरू भी बजाया



**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज बनारस की परिक्रमा की। उन्होंने यहां मलदहिया से गोदौलिया चौराहे तक तीन किमी लंबा रोड शो किया। इस दौरान उनका भगवा अवतार नजर आया। पीएम मोदी ने सिर पर भगवा टोपी पहन रखी थी। सबसे पहले उन्होंने मलदहिया चौराहे पर सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद रोड शो के लिए निकले। जगह-जगह लोगों ने पीएम मोदी का फूल-माला और पटकों से स्वागत किया। एक कलाकार ने भोले बाबा के भेष में भभूत लगाकर नृत्य किया। उस्ताद बिस्मिल्लाह खान की फोटो लगाकर समर्थकों ने शहनाई बजाई। रोड शो मलदहिया, लहुराबीर, कबीरचौरा, मैदागिन चौराहा होते हुए करीब 2 ;46 घंटे बाद श्री काशी विश्वनाथ धाम पहुंचा।

### दिल्ली सरकार ने 17 शिक्षकों को किया सम्मानित

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने शुक्रवार को 'सम्मान व्याख्याताओं का' कार्यक्रम के तहत दिल्ली सरकार द्वारा वितपोषित कॉलेजों और राज्य विश्वविद्यालयों में शानदार काम करने वाले 17 शिक्षकों को सम्मानित किया। इस मौके पर सिसोदिया ने कहा, "राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों का सबसे बड़ा योगदान रहा है। हमारे शिक्षक अपने कामों से लाखों जिंदगियों को प्रभावित करते है। हमारे शिक्षक देश की नीँव हमारे बच्चों को तैयार करते है। दिल्ली में नॉलेज बेस्ड सोसाइटी के निर्माण में हमारे कॉलेजों की फैकल्टी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है इसलिए उन्हें सम्मानित करना हमारा कर्तव्य है। केजरीवाल सरकार का विज़न शिक्षा के माध्यम से देश को बदलना है और हम इस दिशा में हमारे सभी शिक्षक अग्रिम पंक्ति में खड़े होकर अपना योगदान दे रहे है।" उन्होंने कहा कि 2019 में केजरीवाल सरकार द्वारा शुरू की गई इस योजना का उद्देश्य कॉलेज प्रवक्ताओं के शानदार योगदान को स्वीकार करना है।

## नहीं रहे स्पिन के जादूगर शेन वॉर्न

### 52 साल की उम्र में ली अंतिम सांस

(एजेंसी)।

**नई दिल्ली।** दुनिया के बेहतरीन स्पिनरों में शुमार आस्ट्रेलिया के दिग्गज शेन वार्न का 52 साल की उम्र में निधन हो गया। फिलहाल उनका निधन किस वजह से हुआ है इसके सही कारण का खुलासा नहीं हो पाया है, लेकिन फाक्स स्पोर्ट्स के मुताबिक हार्ट अटैक की वजह से ऐसा हुआ।

महज 52 साल की उम्र में विश्व क्रिकेट के दिग्गज का इस तरह से जाना खेल प्रेमियों के लिए एक बड़ा झटका है।

शेन वार्न विश्व क्रिकेट का एक ऐसा नाम जिन्होंने अपनी गेंदबाजी के जरिए स्पिन के मायने ही बदल दिए।

अपनी गेंदबाजी के लिए वार्न ने दुनिया में एक ऐसी मिसाल कायम की जिसे क्रिकेट के इतिहास में हमेशा ही याद रखा जाएगा।

उन्होंने खेल के मैदान पर ना सिर्फ विकेट लिए बल्कि अपने खेल से तमाम क्रिकेट फैंस के दिल भी जीते। क्या उनकी बाल आफ सेंचुरी को कोई भूल सकता है कभी। क्या उनकी गेंदबाजी स्टाइल को अपनी याद से मिटा सकता है कोई।



आंकड़ों की बात करें तो वो उसमें भी किसी से कम नहीं थे और उनका खेलने का स्टाइल, उनके आंकड़ें चाहे वो क्रिकेट का कोई भी प्रारूप हो हर जगह वो बेमिसाल हैं।

# सुना है मोदी जी ने मगरमच्छ से लड़ाई लड़ी थी, लेकिन गंगा में तैर नहीं पाए : राहुल

एजेंसी

**वाराणसी।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी शुक्रवार को वाराणसी पहुंचे। राहुल अपनी बहन प्रियंका गांधी के साथ करीब एक किलोमीटर पैदल चल कर काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचे। पूजा-अर्चना के बाद दोनों फूलपुर के लिए रवाना हो गए। फूलपुर की सभा में राहुल ने PM नरेंद्र मोदी पर तंज किया, कहा, 'अब PM रोजगार, नौकरी, 15 लाख की बात क्यों नहीं करते हैं। मैं कभी नहीं कहूंगा कि आपके खाते में 15 लाख रुपए आएंगे। क्योंकि मैं आपसे झूठ नहीं बोल सकता। मोदी जी कहते हैं कि हम विदेशी हैं। हमारा परिवार भी इलाहाबाद का है। सुना है कि मोदी जी ने मगरमच्छ से लड़ाई लड़ी थी। मगर हमने उन्हें देखा कि जब वह गंगा में घुसे तो उनसे तैरा भी नहीं गया।'

### झूठ बोलते हैं प्रधानमंत्री...

राहुल गांधी ने कहा कि मोदी कहते हैं कि मैं हिंदू धर्म की रक्षा करता हूं। नरेंद्र मोदी जी झूठ मत बोलो। आप किसान, मजदूर के लिए नहीं बल्कि अपनी कुर्सी बचाने के लिए झूठ बोलते हैं और असत्य का साथ देते हैं। राहुल गांधी ने कहा कि बेरोजगारी और महंगाई बड़ी समस्याएं हैं। छुट्टा पशु मोदी जी का गिफ्ट है। आपको अच्छा लगे या न लगे, लेकिन आपको उत्तर प्रदेश में रोजगार नहीं मिलने वाला है। आप अपने बच्चों को कॉलेज-यूनिवर्सिटी भेजते हो। जब आप भेजते हो तो किसका पैसा लगता है, आपका लगता है।

# अमेरिका ने परमाणु ऊर्जा संयंत्र पर हुए हमले को बताया युद्ध अपराध, पुतिन ने कहा- रूस के पड़ोसियों को नहीं बढ़ाना चाहिए तनाव

(एजेंसी)।

**मास्को।** रूस और यूक्रेन के बीच छिड़ी जंग और भी ज्यादा अक्रामक होती जा रही है। इस बीच, बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको ने शुक्रवार को कहा कि बेलारूसी सशस्त्र बल यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में भाग नहीं ले रहे हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि यूक्रेन में रूस के सैन्य अभियान में हमारी सेना भाग नहीं लेंगी। रूस के बेहद करीबी सहयोगी लुकाशेंको ने कहा कि उन्होंने शुक्रवार को राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से टेलीफोन पर लंबी बातचीत की है। बता दें कि रूस ने यूक्रेन पर बहु-आयामी आक्रमण करने के लिए बेलारूसी क्षेत्र का उपयोग किया है।



भारत ने यूक्रेन पर रूसी आक्रमण के बाद एक स्वतंत्र अंतरराष्ट्रीय जांच आयोग की स्थापना पर संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में मतदान से परहेज किया है। यूक्रेन के परमाणु संयंत्र में हुए हमले पर अमेरिका ने कड़ी प्रतिक्रिया जाहिर की है। कीव में संयुक्त राज्य अमेरिका के दूतावास ने ट्वीट किया कि परमाणु ऊर्जा संयंत्र पर हमला करना एक युद्ध अपराध है। यूरोप के सबसे बड़े परमाणु संयंत्र पर पुतिन की गोलाबारी उसके आतंक के शासन को एक कदम आगे ले जाती है।

मास्को द्वारा यूक्रेन में अपनी सेना भेजने के आठ दिन बाद राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार को रूस के पड़ोसियों से तनाव नहीं बढ़ाने का आग्रह किया। पुतिन ने टेलीविजन पर कहा कि हमारे पड़ोसियों के प्रति कोई बुरा इरादा नहीं है। और मैं उन्हें सलाह भी दूंगा कि वे स्थिति को न बढ़ाएं, कोई प्रतिबंध न लगाएं। हम अपने सभी दायित्वों को पूरा करते हैं और उन्हें पूरा करना जारी रखेंगे।

यूक्रेनी के परमाणु कंपनी का कहना है कि परमाणु संयंत्र पर रूसी हमले में 3 यूक्रेनी सैनिक मारे गए और 2 घायल हुए हैं। यूक्रेन के जैपोरिझिया परमाणु बिजली संयंत्र पर रूसी हमले के बाद वहां विकिरण का बड़ा खतरा पैदा हो गया है। संयंत्र पर रूसी मिसाइल से हमले के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन व ब्रिटेन के पीएम बोरिस जानसन ने अपने यूक्रेनी समकक्ष वोलोदिमिर जेलेंस्की से फोन पर बात की।

## शार्ट न्यूज

### ईपीएफओ ने महिलाओं के लिए शुरु किया गुलाबी डेस्क

**नयी दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के दिल्ली मध्य क्षेत्रीय कार्यालय ने महिला अंशधारकों की समस्याओं के समाधान के लिए गुलाबी डेस्क आरंभ किया है। कार्यालय के क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त आलोक यादव ने शुक्रवार को यहां बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव और महिला सप्ताह के अंतर्गत कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, दिल्ली (मध्य) ने महिलाओं के लिए विशेष सहायता केंद्र की स्थापना की है। गुलाबी रंग में रंगे इस पटल पर एक महिला कर्मी महिला आगंतुकों की समस्याओं का निवारण करेगी। उन्होंने कहा कि आठ मार्च तक चलने वाले विशेष अभियान में महिलाओं के भविष्य निधि एवं पेंशन दावों का निपटान सर्वोच्च प्राथमिकता पर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि महिला सदस्यों के ई-नॉमिनेशन भी करवाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस डेस्क पर महिला कर्मियों को ही तैनात किया जा रहे हैं। यादव ने बताया कि ई-नॉमिनेशन बहुत जरुरी और महत्वपूर्ण है। इससे अंशधारकों के भविष्य निधि एवं पेंशन के दावों में सरलता होती है। इसके अलावा मृत्यु के उपरांत दावों के निपटान आसानी से होता है।

### फॉरेस्टर पद मामला : 332 प्रश्न हटाये जाने के मामले में एसएसएससी को पुनर्विचार के निर्देश

**नैनीताल।** उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने फॉरेस्टर पद के लिये आयोजित लिखित परीक्षा में 332 प्रश्न हटाये जाने को लेकर उपजी कथित विसंगति के मामले में शुक्रवार को अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को निर्देश दिये कि याचिकाकर्ताओं के प्रत्यावेदन पर पुनर्विचार करे। मामले को मनजीत पंवार समेत दस अन्य परीक्षार्थियों की ओर से चुनौती दी गयी। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की पीठ में हुई। याचिकाकर्ताओं की ओर से एक याचिका के माध्यम से कहा गया कि आयोग की ओर पिछले साल 16 जुलाई से 25 जुलाई के मध्य फारेस्टर पद के लिये लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया और आठ अक्टूबर को अंतिम चयन किया गया। परीक्षा के लिये 18 सेटों में 100-100 के 1800 प्रश्न तैयार किये गये। याचिकाकर्ताओं की ओर से यह भी कहा गया कि इसी बीच एक कमेटी की संस्तुति पर आयोग ने 332 प्रश्नों को हटा दिया। याचिकाकर्ताओं की ओर से आगे कहा गया कि परीक्षा के बाद यह गंभीर विसंगति है। याचिकाकर्ताओं की ओर से इससे परीक्षार्थियों को नुकसान होने की आशंका व्यक्त की गयी। दूसरी ओर आयोग की ओर से कहा गया कि इसमें कोई विसंगति उत्पन्न नहीं हुई है। तय मानकों के अनुसार ही कड़ाई से चयन किया गया है। हटाये गये प्रश्नों के बदले में सभी परीक्षार्थियों को समान अंक प्रदान किये गये हैं। किसी के साथ किसी प्रकार को कोई पूर्वाग्रह नहीं अपनाया गया है। अदालत ने हालांकि इसके बाद आयोग को निर्देश दिये कि याचिकाकर्ताओं के प्रत्यावेदन पर आठ सप्ताह के अंदर पुनर्विचार करे।

### मेघालय, असम के मुख्यमंत्री ने सीमा विवाद को लेकर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

शिलॉन्ग। मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा और असम के उनके समकक्ष हिमंत बिस्वा सरमा ने दोनों पड़ोसी राज्यों के बीच छह क्षेत्रों को लेकर शुरू हुए विवाद के समाधान के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मलिक ने विधानसभा के सदस्यों के लिए अपने पारंपरिक संबोधन में कहा कि दोनों मुख्यमंत्रियों ने गत 29 जनवरी को गुवाहाटी में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए थे, जिसे अग्रिम कार्रवाई के लिए गृह मंत्रालय के पास भेजा गया है। उन्होंने कहा, हमें विश्वास और उम्मीद है कि जिन छह सीमावर्ती क्षेत्रों को लेकर विवाद शुरू हुआ है, उसे जल्द ही सुलझा लिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि दोनों मुख्यमंत्रियों ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से 20 जनवरी को मुलाकात की थी। श्री मलिक ने कहा कि सरकार सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और विकास के लिए असम के साथ इस जटिल सीमा विवाद को हल करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विधानसभा को इस बात की भी जानकारी दी कि दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने छह महीनों में कई बैठकें की हैं, जिसमें पहले 12 में से छह विवादित क्षेत्रों पर विचार करने का निर्णय लिया गया था। इन छह क्षेत्रों में ताराबारी, गिज़ांग, हाहिम, बोकलापारा, खानापारा-पिल्लंगकाटा और रातचेरा शामिल हैं।

### बालकृष्णन तीसरी बार माकपा के केरल प्रदेश सचिव निर्वाचित

कोच्चि । मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के वरिष्ठ नेता एवं पोलित ब्यूरो सदस्य कोडियेरी बालकृष्णन को शुक्रवार को तीसरी बार केरल में पार्टी का राज्य सचिव चुना गया। इससे पहले बालकृष्णन 2015 में पहली बार पार्टी के प्रदेश सचिव बने थे। वह 2018 में दूसरी बार फिर से चुने गए , हालांकि उन्होंने चिकित्सा उपचार के लिए नवंबर-2020 में पद छोड़ दिया। बालकृष्णन देसाभिमानी अखबार के मुख्य संपादक भी हैं। वह 1982, 1987, 2001, 2006 और 2011 में थालास्सेरी विधानसभा सीट से विधायक निर्वाचित हुए थे। वह वी एस अच्युदानंदन सरकार में गृह मंत्री भी रहे। उन्होंने 1970 में माकपा के छात्र इकाई के माध्यम से राजनीति में प्रवेश किया। वह 1973 और 1979 के बीच स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) की केरल प्रदेश समिति के सचिव और इसके अखिल भारतीय संयुक्त सचिव रहे थे। आपातकाल के दौरान उन्हें 16 महीने के लिए मीसा के तहत कैद किया गया था।

### गंगा नदी में खनन किसके प्राधिकार से हो रहा

नैनीताल। तीर्थ नगरी हरिद्वार में गंगा नदी में हो रहे खनन के खिलाफ दायर जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने प्रदेश सरकार को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए विस्तृत जवाब मांगा है। अदालत ने पूछा है कि गंगा नदी में किसकी अनुमति से खनन हो रहा है। हरिद्वार के कनखल स्थित मातृ सदन की ओर से इस मामले को चुनौती दी गयी है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति आरसी खुल्बे की युगलपीठ में इस मामले की सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि सरकार राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) की ओर से इसी साल फरवरी, 2022 में गंगा नदी में खनन पर प्रतिबंध जारी कर दिया गया है। इसके बावजूद रायपुर से भोपुरा तक गंगा नदी में कई स्थानों पर खनन कार्य चल रहा है। मशीनों से खनन किया जा रहा है। यही नहीं वैज्ञानिक अध्ययनों से भी साफ है कि गंगा नदी में खनन कार्य नहीं होना चाहिए। सरकार की ओर से कहा गया कि उच्च न्यायालय ने 2016 में एक आदेश जारी कर गंगा में खनन पर प्रतिबंध जारी कर दिया गया था लेकिन शीर्ष अदालत ने उच्च न्यायालय के आदेश पर स्थगनादेश जारी कर दिया है। आज सुनवाई के दौरान अदालत ने इस प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए प्रदेश सरकार से पूछा है कि गंगा नदी में कहां-कहां खनन हो रहा है और किस प्राधिकार के तहत खनन हो रहा है। साथ ही सरकार एनएमसीजी के निर्देशों का पालन क्यों नहीं कर रही है। अदालत ने सरकार से तीनों मामलों में आगामी आठ मार्च तक जवाब मांगा है। अगली सुनवाई आठ मार्च को होगी।

### केरल में होटल के महिला शौचालय में मिला मोबाइल फोन, कर्मचारी गिरफ्तार

कोझिकोड। केरल में कोझिकोड जिले के रामनट्टुकरा स्थित एक होटल के महिला शौचालय में वीडियो रिकॉर्ड करने के लिए मोबाइल फोन रखने के आरोप में एक कर्मचारी को शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के बताया कि उन्होंने एक महिला की शिकायत के बाद पश्चिम बंगाल में दिनाजपुर जिले के खुरका निवासी तुफैल राजा (20) को गिरफ्तार किया। वह होटल का कर्मचारी है। घटना गुरुवार देर शाम की है। शिकायतकर्ता महिला होटल पैराडाइज के महिला शौचालय में गयी, तो उसे खिड़की पर कागज में लिपटा मोबाइल कैमरा मिला। उसने घटना की जानकारी होटल मालिक को दी और पुलिस को सूचित किया, जिसके बाद तुफैल को गिरफ्तार कर लिया गया।

# बढ़ेंगी आशीष मिश्रा की मुश्किल

## बेल को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में केन्द्रीय मंत्री अजय मिश्रा के बेटे एवं मामले में मुख्य आरोपी आशीष मिश्रा को जमानत देने के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर 11 मार्च को सुनवाई करने के लिए शुक्रवार को सहमत हो गया है। इस हिंसा में चार किसानों सहित आठ लोग मारे गए थे।



प्रधान न्यायाधीश एन वी रमण के नेतृत्व वाली एक पीठ ने वकील प्रशांत भूषण की उस दलील पर गौर किया कि मामले के अन्य आरोपी आशीष मिश्रा को दी गई राहत का हवाला देते हुए जमानत के लिए अदालत का रुख कर रहे हैं। पीठ ने भूषण से कहा कि वह उच्च न्यायालय को सूचित करें कि शीर्ष अदालत जमानत रद्द करने की याचिका पर सुनवाई कर रही है।

प्रधान न्यायाधीश ने कहा, मैं मामले को 11 मार्च के लिए सूचीबद्ध कर सकता हूं। अन्य न्यायाधीश भी मौजूद होने चाहिए। उच्च न्यायालय की एकल-न्यायाधीश पीठ ने 10 फरवरी को मिश्रा को जमानत दे दी थी, जिन्होंने चार महीने हिरासत में बिताए थे। भूषण ने अदालत में दाखिल प्रतिवेदन में कहा कि उच्च न्यायालय ने मिश्रा को जमानत देते हुए कानून का पालन नहीं किया और उसके सबूतों से छेड़छाड़ करने सहित अन्य पहलुओं पर गौर नहीं किया।

भूषण ने कहा कि अन्य आरोपी भी इस फैसले का हवाला देकर अब जमानत मांग रहे हैं। उन्होंने उच्च न्यायालय को यह निर्देश देने का अनुरोध किया कि वह फिलहाल अन्य आरोपियों की जमानत याचिका पर सुनवाई ना करे। पीठ ने कहा, उच्च न्यायालय के समक्ष ज्ञापन दाखिल करें कि हम मामले पर 11 मार्च को सुनवाई कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी में हिंसा में मारे गए किसानों के परिवारों के तीन सदस्यों ने मामले में मुख्य आरोपी आशीष मिश्रा को जमानत देने के उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देते हुए उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर की है। गौरतलब है कि किसानों का एक समूह उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की यात्रा के खिलाफ तीन अक्टूबर को प्रदर्शन कर रहा था, तभी लखीमपुर खीरी में एक एसयूवी (कार) ने चार किसानों को कथित तौर पर कुचल दिया। इससे गुस्साए प्रदर्शनकारियों ने भाजपा के दो कार्यकर्ताओं और एक चालक को कथित तौर पर पीट-पीट कर मार डाला , जबकि हिंसा में एक स्थानीय पत्रकार की भी मौत हो गई।

हाल ही में, अधिवक्ता शिव कुमार त्रिपाठी और सीएस पांडा ने आरोपी आशीष मिश्रा की जमानत रद्द करने की अपील करने करते हुए एक अन्य याचिका दायर की थी, जिनके पत्र पर शीर्ष अदालत ने घटना का स्वत-संज्ञान लिया था। किसान नेताओं ने दावा किया है कि उस वाहन में आशीष मिश्रा थे, जिसने प्रदर्शनकारियों को कुचला था। हालांकि, उन्होंने आरोपों को खारिज किया है।

पिछले साल 17 नवंबर को, शीर्ष अदालत ने उत्तर प्रदेश एसआईटी द्वारा जांच की निगरानी के लिए पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति राकेश कुमार जैन को नियुक्त किया था। किसान जगजीत सिंह, पवन कश्यप और सुखविंदर सिंह ने मिश्रा की जमानत रद्द करने की अपील करते हुए वकील प्रशांत भूषण के माध्यम से याचिका दायर की है।

## नैनीताल : विद्युत दर वृद्धि मामले में हाईकोर्ट से नहीं मिली राहत

नैनीताल। उत्तराखंड में विद्युत दरों में वृद्धि के खिलाफ दायर जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए शुक्रवार को उच्च न्यायालय ने बिजली दरों में वृद्धि पर रोक जारी नहीं की, लेकिन अब इस मामले में 24 मार्च को सुनवाई होगी। देहरादून के आरटीआई क्लब की ओर से दायर जनहित याचिका पर कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश और न्यायमूर्ति आरसी खुल्बे की अदालत में सुनवाई हुई।

याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि उत्तराखंड पावर कारपोरेशन लिमिटेड (यूपीसीएल) घाटे के नाम पर प्रति वर्ष बिजली की दरों में बढ़ोतरी करता आ रहा है। इस साल भी बढ़ोतरी करने की योजना है। याचिकाकर्ता की ओर से आगे कहा गया कि ऊर्जा विभाग प्रदेश के 27 लाख बिजली उपभोक्ताओं से विद्युत कनेक्शन के नाम पर सिक्योरिटी मनी में कथित रूप से गड़बड़ी कर रहा है। उन्होंने कहा गया कि विभाग उपभोक्ताओं से कनेक्शन के नाम पर धनराशि वसूल करता है। विभाग की ओर से प्रावधान किया गया है कि उपभोक्ताओं से वसूले इस धनराशि को बैंकों में सावधि जमा (फिक्स डिपोजिट) कर और उससे आने वाले ब्याज से उपभोक्ताओं को बिजली बिल में राहत प्रदान करेगा। साथ ही विभाग इससे घाटे की प्रतिपूर्ति भी करेगा। याचिकाकर्ता की ओर से अदालत को बताया गया कि लेकिन विभाग प्रावधान के विपरीत उपभोक्ताओं के फिक्स डिपोजिट के नाम पर बैंकों में जमा धन को वापस लेता जा रहा है।

अभी तक 1600 करोड़ के फिक्स डिपोजिट को विभाग वापस ले चुका है। जो कि गलत है। इससे न तो उपभोक्ताओं को बिजली बिल में राहत मिल पा रही है और न ही विभाग को लाभ हो रहा है। इस मामले में यूपीसीएल की ओर से आज अदालत से जवाब पेश करने के लिये अतिरिक्त समय की मांग की गयी। अंत में अदालत ने याचिकाकर्ता को इस मामले में प्रतिशपथ पत्र पेश करने को कहा है। इस प्रकरण में अगली सुनवाई 24 मार्च को होगी।

## बंगाल के पूर्वी मेदिनीपुर में सड़क दुर्घटना में दो की मौत

तामलुक 04 मार्च(वार्ता) पश्चिम बंगाल के पूर्वी मेदिनीपुर में शुक्रवार को रेत से लदे ट्रक ने ऑटो को टक्कर मार दी, इस दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गयी और सात गंभीर रुप से घायल हो गए। जिला पुलिस ने इसकी जानकारी दी । इस हादसे के बाद गुस्साये स्थानीय लोगों ने पुलिस की पेट्रोलिंग वैन को आग के हवाले कर दिया। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि ऑटो चालक समेत दो लोगों की मौत से गुस्साये स्थानीय लोगों ने ट्रक का पीछा कर रहे पुलिस के वाहन को आग के हवाले कर दिया। घायलों को कंटेन मोहोकुमा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह दुर्घटना राष्ट्रीय राजमार्ग 116-क्रपर सुबह सात बजे हुई। दुर्घटना से हुई मौत से आक्रोशित लोगों ने पुलिस के वाहन को आग के हवाले कर दिया जिससे राजमार्ग बुरी तरह प्रभावित हो गया। इसके बाद बचाव दल ने क्षतिग्रस्त वाहन को हटाकर सड़क को साफ कराया।

## कांग्रेस ने मणिपुर में आचार संहिता उल्लंघन पर चुनाव आयोग में शिकायत की

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने मणिपुर की भारतीय जनता पार्टी नीत सरकार पर विधानसभा चुनाव के बीच कुछ भूमिगत संगठनों को करोड़ों रुपए का भुगतान करने को आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन बताते हुए इस मामले में निर्वाचन आयोग में शिकायत दर्ज की है।



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद तथा पार्टी के मणिपुर के प्रभारी महासचिव जयराम रमेश ने चुनाव आयोग से मुलाकात के बाद शुक्रवार को यहां संवाददाताओं से कहा कि पहली फरवरी को सरकार ने एक भूमिगत संगठन को 15 करोड़ रुपए से ज्यादा का भुगतान किया और फिर एक मार्च को एक अन्य संगठन को 95 लाख रुपए का भुगतान किया गया है। रमेश ने इस भुगतान को आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन बताया और कहा कि इसके बाद मणिपुर के चार जिलों में लोग अपने मन से मतदान नहीं कर सकेंगे। राज्य सरकार का कहना था कि यह भुगतान राज्य में चल रही कुछ परियोजना को लेकर किया गया है। श्री रमेश ने कहा कि छह माह से कोई पैसा सरकार ने नहीं दिया लेकिन अचानक यह भुगतान कर आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन किया है।

उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने चालू परियोजनाओं के लिए भुगतान किया है तो इसका भुगतान चुनाव के समय ही क्यों किया गया है। उनका यह भी कहना था कि यदि हर महीने भुगतान होता है तो पहली फरवरी से पहले इस तरह का कोई भुगतान क्यों नहीं किया गया।

कांग्रेस नेता ने कहा कि पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने इस मामले को आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन मानते हुए निर्वाचन आयोग में इसकी शिकायत की है और आयोग ने मणिपुर सरकार से इस बारे में रिपोर्ट मंगाई गई है।

# बोम्मई ने पेश किया पहला बजट

बेंगलुरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने शुक्रवार को कहा कि राज्य जीएसटी वसूली की राह पर है और 2021-22 में पिछले साल की तुलना में संग्रह बढ़ा है।



वित्त मंत्रालय का भी दायित्व संभाल रहे श्री बोम्मई ने अपना पहला बजट पेश करते हुएकहा कि केंद्र सरकार ने 2021-22 के लिए जीएसटी मुआवजे की राशि के रूप में 7,158 करोड़ रुपये के अलावा जीएसटी मुआवजे के एवज में जीएसटी ऋण के रूप में 18,109 करोड़ रुपये देकर कर्नाटक का समर्थन किया है। उन्होंने कहा, इससे हमें न केवल कोविड -19 और इससे संबंधित खर्चों का प्रभावी ढंग से प्रबंधन करने में मदद मिली है, बल्कि यह भी सुनिश्चित हुआ है कि सभी विकास कार्यों और कार्यक्रमों को पर्याप्त रूप से वित्त पोषित किया गया, जिससे विकास को गति मिलती है।

बोम्मई ने कहा कि चूंकि जीएसटी मुआवजा जून 2022 में समाप्त होने जा रहा है, इसलिए राज्य अपने कर संग्रह और गैर-कर संग्रह को बढ़ाकर अतिरिक्त संसाधन जुटाने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा,मैंने केंद्र सरकार से राज्यों को जीएसटी मुआवजे का विस्तार करने का भी अनुरोध किया है। मैंने कहा है कि भविष्य की देनदारियों के प्रबंधन के लिए कम से कम तीन और साल इसे बढ़ाया जाय।

उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी की शुरुआत के कारण राज्य को पिछले दो वर्षों में बहुत सारी चुनौतियों का सामना करना पड़ा है, जिसके परिणामस्वरूप अर्थव्यवस्था में मंदी आई है। हालांकि, वर्ष 2021-22 राजस्व संग्रह के आंकड़ों में देखा गया है कि अर्थव्यवस्था पलटाव करती दिख रही है। उन्होंने कहा कि यह सरकार द्वारा महामारी से निपटने के साथ-साथ विकास को गति देने के प्रयासों के कारण संभव हुआ है। वर्ष 2020-21 की तुलना में 2021-22 में सभी क्षेत्रों में विकास दिखाया है। औद्योगिक क्षेत्र में 7.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, वहीं सेवा क्षेत्र में 9.2 प्रतिशत और कृषि क्षेत्र में 2.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2021-22 के लिए स्थिर कीमतों पर कुल जीएसडीपी पिछले वर्ष की तुलना में 9.5 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, प्रगतिशील और विकासोन्मुखी बजट पेश कर 2022-23 में वसूली के इस रास्ते पर जारी रखने के लिए और प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2021-22 में केंद्र सरकार के राजस्व संग्रह में भी वृद्धि हुई है, जिसके कारण राज्य को केंद्रीय करों का हिस्सा संशोधित अनुमानों में बजट में अनुमानित 24,273 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 27,145 करोड़ रुपये कर दिया गया है। बोम्मई ने कहा कि केंद्र सरकार ने 2022-23 के अपने बजट में कर्नाटक को कर रिटर्न के रूप में 29,783 करोड़ रुपये का अनुमान जताया है।

### ज़मीन हड़पने के मामले में जयकुमार की जमानत याचिका खारिज

**चेन्नई।** तमिलनाडु की एक अदालत ने अन्नाद्रमुक के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री डी जयकुमार की जमीन हड़पने के मामले में जमानत याचिका खारिज कर दी। चेंगलपट्टू में प्रधान जिला सत्र न्यायालय ने मामले की सुनवाई के बाद श्री जयकुमार की जमानत याचिका खारिज कर दी। ग्रेटर चेन्नई सिटी पुलिस की सेंट्रल क्राइम ब्रांच (सीसीबी) ने उनके खिलाफ जमीन हड़पने का मामला दर्ज किया था। शहर में थोरईपक्कम क्षेत्र में महेश नामक व्यक्ति की संपत्ति हड़पने के आरोप में जयकुमार, उनकी बेटी जयप्रिया और दामाद नवीन कुमार के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। सीसीबी के मुताबिक पूर्व मंत्री जयकुमार पर जमीन के मालिक को धमकाने और पांच करोड़ की संपत्ति को कम दाम में खरीददारी करने का आरोप है। गौरतलब है कि तीन आपराधिक मामलों में गिरफ्तार पूर्व मंत्री को दो मामलों में जमानत मिल गई है, पर सत्र न्यायालय की ओर से तीसरे मामले में जमानत याचिका खारिज होने से वह जेल से बाहर नहीं आ सकेंगे।

### बिहार सरकार गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए गरीबों को दे रही आर्थिक मदद : मंगल

**पटना।** बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि राज्य सरकार 2.5 लाख रुपए से कम वार्षिक आय वालों को कैंसर सहित अन्य गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता प्रदान कर रही है। पांडेय ने विधानसभा में शुक्रवार को कांग्रेस सदस्य अजीत शर्मा के एक तारांकित प्रश्न के उत्तर में कहा कि इस संबंध में प्रत्येक बुधवार को होने वाली बैठक में राशि स्वीकृत की जाती है और इसे सीधे रोगी का इलाज करने वाले अस्पतालों को भेज दिया जाता है। उन्होंने कहा कि पहले कैंसर के मरीजों को मुंबई के टाटा मेमोरियल अस्पताल में इलाज के लिए आर्थिक सहायता मिलने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। इसी कठिनाई को ध्यान में रखते हुए बिहार का एक विशेष हेल्प डेस्क बनाया गया है। अवर सचिव स्तर के एक अधिकारी को तैनात किया गया है, जहां से संबंधित मरीजों के इलाज के लिए तुरंत फंड जारी किया जाता है। मंत्री ने रामानुज प्रसाद के एक अल्पसूचित प्रश्न के उत्तर में इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (आईजीआईएमएस) में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया और कहा कि संस्थान में वर्तमान में 1130 बेड हैं और अगले तीन साल में इसे 3000 बेड वाले अस्पताल में अपग्रेड किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संस्थान में 500 बेड की क्षमता वाले भवन का निर्माण अंतिम चरण में है जबकि 1200 बेड की क्षमता वाला एक अन्य भवन निर्माणाधीन है। संस्थान में 186 करोड़ रुपये की लागत से 200 बेड की क्षमता वाला एक क्षेत्रीय नेत्र विज्ञान संस्थान भी बनाया जा रहा है और वहां कैंसर संस्थान का निर्माण पहले ही हो चुका है। प्रसाद ने अपने पूरक प्रश्न के माध्यम से आईजीआईएमएस में बेड के अभाव में मरीजों को हो रही कठिनाइयों की ओर सदन का ध्यान आकर्षित करने का प्रयास किया। उन्होंने यह भी कहा कि संस्थान में बिचौलिए और दलाल खुलेआम घूम रहे हैं और मरीज को अपने हित के निजी अस्पताल में इलाज कराने ले जाते हैं। मंत्री श्री पांडेय ने अनीता देवी के एक तारांकित प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि जिलों को फ़ैक्टर 9 इंजेक्शन की 24047 वायल की आपूर्ति की गई है और 7239 वायल उपलब्ध हैं। अनीता देवी ने कहा कि जिलों में हीमोफीलिया का इंजेक्शन उपलब्ध नहीं है और गरीब मरीजों को इसे बाहर से खरीदना पड़ रहा है।

## बजट में समाज,कृषि एवं कल्याण योजनाओं पर मुख्य फोकस: ठाकुर

शिमला। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा है कि बजट प्रदेशवासियों के भविष्य की आवश्यकताओं के प्रति समर्पित है।

उन्होंने कहा कि सभी वर्गों के कल्याण के लिए इस बजट के माध्यम से उन तक पहुंचने का प्रयास किया गया है। आधारभूत अधोसंरचना के लिए पूंजीगत निवेश से न केवल अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी बल्कि अतिरिक्त रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे। ठाकुर ने आज यहां मीडिया से बातचीत में कहा कि मुख्य रूप से कृषि और सामाजिक कल्याण योजनाओं पर ध्यान केंद्रित किया गया है। कृषि क्षेत्र ही एकमात्र ऐसा क्षेत्र है जिसने कोविड महामारी के दौरान मदद की। अन्य सभी क्षेत्र नकारात्मक विकास की चपेट में थे लेकिन कृषि में अर्थव्यवस्था को बनाए रखने की गुंजाइश थी इसलिए बजट में मुख्य जोर कृषि गतिविधियों पर दिया गया है। उन्होंने कहा कि नीति आयोग के सदस्य रामचंद द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट में पहली बार एक जेंडर बजट घटक को राज्य के बजट में जोड़ा गया था ताकि महिला उन्मुख योजनाओं के विशेष घटकों और अन्य को कवर करने के लिए एक वैज्ञानिक अध्ययन में आवंटन को अलग किया जा सके।

## यूक्रेन में फंसे पंजाब के छात्रों के भविष्य को लेकर बैठक आयोजित

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी की अध्यक्षता में शुक्रवार को एक अहम बैठक में बीबीएमबी तथा यूक्रेन में फंसे छात्रों के मामले पर चर्चा की गई।



बैठक में उप-मुख्यमंत्री सुखजिंदर सिंह रंधावा,उप-मुख्यमंत्री ओम प्रकाश सोनी, कैबिनेट मंत्री डॉ राजकुमार वेरका, सुखबिंदर सिंह सुख सरकारिया, तृप्त राजिंदर सिंह बाजवा, विधायक बरिंदरमित सिंह पाहडा, हरमिंदर सिंह गिल तथा कुलबीर सिंह जीरा ने भाग लिया।

डॉ राजकुमार वेरका ने आज यहां बताया कि यूक्रेन में फंसे पंजाब के छात्रों को लेकर पंजाब सरकार लगातार केंद्र से संपर्क बनाये है। यूक्रेन में एक हज़ार से अधिक विद्यार्थी फंसे हुए थे जिसमें से 75 प्रतिशत विद्यार्थियों को पंजाब वापस लाया जा चुका है और अब करीब तीन सौ छात्र वहां फंसे हैं जिन्हें एक दो दिन में भारत लाया जायेगा। यूक्रेन में पंजाब के एक छात्र की बीमारी के दौरान मौत हो गयी जिसके शव को लाने के लिए मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को चिट्ठी लिखी है। प्रदेश सरकार को उम्मीद है कि केन्द्र सरकार इस पर गंभीरता से गौर करेगी और उसके शव को जल्दी से जल्दी भारत लाया जायेगा।

डॉ वेरका ने बताया कि मेडिकल एजूकेशन एंड रिसर्च मंत्री होने के नाते मुख्यमंत्री ने उनकी ड्यूटी लगाई है कि यूक्रेन में पंजाब से सम्बंधित मेडिकल छात्रों की पढ़ाई और डिग्री अधूरी न रहे इसके लिए जरूरी कदम उठाये जाएं। इसके कारण वह केंद्र सरकार के मंत्रियों के संपर्क में हैं। इन छात्रों के लिए विशेष प्रावधान बनाये जाने के लिए भारत सरकार और आई एम ए से वह बात कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि बैठक में भाखड़ा-ब्यास प्रबंधन बोर्ड में पंजाब एवं हरियाणा की स्थायी सदस्यता केंद्र द्वारा कथित तौर पर समाप्त करने पर कड़ी आपत्ति जताई गयी। बीबीएमबी में हरियाणा और पंजाब का प्रतिनिधित्व समाप्त कर केन्द्र सरकार ने फिर से हरियाणा और पंजाब के अधिकारों पर कुठाराघात किया है लेकिन पंजाब सरकार इसका कड़ा विरोध करती है और अपने अधिकार के लिए हर कदम उठाएगी।

## भारत को सही दिशा में ले जाने का प्रयास होना चाहिए : के. चंद्रशेखर राव

रांची। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने कहा है कि देश में अभी कोई एंटी बीजेपी ,एंटी कांग्रेस फ्रंट या थर्ड फ्रंट अथवा फोर्थ फ्रंट नहीं बना है और भारत को सही दिशा में ले जाने का प्रयास होना चाहिए, इसकी शुरुआत हुई है, क्या बनेगा आगे चलकर पता चलेगा।

राव ने आज यहां कहा कि लेकिन यह जरूर है कि देश में जो विकास होना चाहिए था और 75 साल पर जब सभी अमृत महोत्स्व मना रहे हैं, तो देश के विकास की जो दिशा होनी चाहिए, वह आज भी नहीं है। इसलिए यह आवश्यक है कि देश को सही विकास मिले, इसकी एक रूपरेखा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस दिशा में बातचीत हुई है और लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। एकदिवसीय दौरे पर आज रांची पहुंचे तेलंगाना मुख्यमंत्री ने बताया कि कुछ दिन पहले दिल्ली में उनकी किसान नेताओं से भी मुलाकात हुई और दूसरे नेताओं से भी मुलकात हो रही है, लेकिन अभी इसे किसी फ्रंट का नाम देना ठीक नहीं हैं। देश के विकास के लिए मजबूत गठबंधन भी होना चाहिए और देश के विकास के लिए वैसे तमाम नेताओं का भी एक मंच पर होना आवश्यक है, तो विकास को आगे ले जाने का काम करें।

इससे पहले एयरपोर्ट से तेलंगाना के मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव सीधे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आवास पर पहुंचे। जहां वरीय अधिकारियों के साथ बैठक हुई। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि गलवान में जो जवान शहीद हुए थे, उनका नेतृत्व तेलंगाना के ही कर्नल संतोष बाबू कर रहे थे, सरकार ने उन्हें सम्मानित किया और लड़ाई में शहीद हुए तमाम जवानों को सहायता देने का वायदा किया था। इनमें झारखंड के भी दो शहीद जवान थे, झारखंड के वीर को भी सम्मानित करने की चाहत थी। इस मामले को लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से वार्ता भी किया। केसीआर ने आज गलवान में साहिबगंज के शहीद कुंदनकांत ओझा और बहरागोड़ा के शहीद गणेश हांसदा के परिजनों को 10-10लाख रुपये का चेक सौंपा। राव ने बताया कि जब उन्होंने अलग तेलंगाना राज्य के लिए आंदोलन शुरू किया था, उस समय राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन का सहयोग प्राप्त हुआ था। राज्य गठन तक वे उनके साथ बने रहे थे। यहां आकर उनका आशीर्वाद भी प्राप्त हुआ। इस अवसर पर तेलंगाना के मंत्री वी.श्रीनिवास गौड़, एमएलसी कविता राव, तेलंगाना प्लानिंग बोर्ड के चेयरमैन विनोद कुमार, झारखंड के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह,मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का और मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे समेत कई अन्य नेता सदस्य मौजूद थे।

## शार्ट न्यूज

### प्राइवेट स्कूलों को भी मिलेगा सरकारी योजना का लाभ : एप्सा

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार के स्कूलों की तर्ज पर अब प्राइवेट स्कूलों में भी हैप्पीनेस, देशभक्ति और एंटरप्रेन्योर माइंडसेट सेशन शुरू किए जाने का स्कूलों ने स्वागत किया है। अफोर्डेबल प्राइवेट स्कूल्स एसोसिएशन (एप्सा) के अध्यक्ष लक्ष्य छाबड़िया ने दिल्ली सरकार की इस पहल का खुले दिल से स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि ये कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास और उन्हें अंतर्मन से मजबूत बनने में मददगार साबित होंगे। बच्चे खुश रहना सीखेंगे और एंटरप्रेन्योरशिप स्किल भी सीखेंगे। एप्सा अध्यक्ष ने कहा कि इस संबंध में 7 मार्च को त्यागराज स्टेडियम में होने वाले विशेष सत्र और उपमुख्यमंत्री से होने वाले संवाद में ज्यादा से ज्यादा प्राइवेट स्कूल भाग लेंगे। सभी प्राइवेट स्कूल भी चाहते हैं कि उनके बच्चे भी सर्वांगीण विकास करें, खुश रहना सीखें, देशभक्त बनें और उनके लिए भी रोजगार के नए दरवाजे खुलें। प्राइवेट स्कूलों के बच्चों को भी सीडफण्ड मिलेगा और बच्चों में नए कौशल विकसित होंगे। इसे ध्यान में रखते हुए एप्सा की और से सभी सदस्य स्कूलों को 7 मार्च को आयोजित होने वाले कार्यक्रम में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की गई है। उन्होंने दिल्ली सरकार के इस सराहनीय कदम की भरपूर प्रशंसा की है।

### कृष्ण नगर विधानसभा में शौचालय उद्घाटन किया गया



नई दिल्ली। कृष्ण नगर विधानसभा में सफेदा बस्ती वालों को दिया तोहफा वहां रहने वाले लोग और स्थानीय लोगों के लिए शौचालय का आज उद्घाटन किया जिसमें नहाने की व्यवस्था और शौचालय की व्यवस्था दोनों है और बैडमिंटन कोर्ट का भी इंतजाम किया गया बच्चों के खेलने के लिए वह आज उद्घाटन माननीय विधायक एस के बग्गा द्वारा किया गया एस के बग्गा ने कहा कि यहां अब बस्ती वालों को यह एक 50 लाख की लागत से यह शौचालय बना है और इसमें काफी सारे 50 शौचालय रूम है और जनता को बस्सी की जनता को बहुत अच्छी राहत है आने वाले समय में है जो निगम के काम नहीं हुए बस्सी में वह भी मैं जल्द कर दूंगा वही शालिनी जुगल अरोड़ा ने बताया आम आदमी पार्टी और स्थानीय विधायक की एक अच्छी सोच है जो महिलाओं के लिए सोच रहे जो महिलाएं खुले में शौच और स्नान करती थी आज उनके लिए इतना सुंदर शौचालय और स्नान करने का स्थान बनाया गया है आम आदमी पार्टी अध्यक्ष जुगल अरोड़ा ने कहा आने वाले समय जो बन पड़ा पाएगा विधायक और दिल्ली सरकार द्वारा बस्ती के लिए वह काम भी सारे करे जाएंगे वहां पर सभी उपस्थित रहे राहुल पोद्दार शाम मिश्रा राजेंद्र पंडित मनोज नागपाल आदि।

### दो लोगों के खातों से रुपये निकाले

**नोएडा।** साइबर ठगों ने महिला सहित दो लोगों से धोखाधड़ी कर उनके खाते से रुपये निकाल लिए। इस संबंध में पीड़ितों ने सेक्टर-20 थाने में शिकायत दी है। पुलिस को दी शिकायत में नीरू मेहता ने बताया कि उन्होंने कैब संचालक कंपनी को कुछ भुगतान किया था। इसके बाद उन्होंने भुगतान वापस लेने के लिए अनुरोध किया था। कुछ देर बाद ही एक व्यक्ति ने ओला का कर्मचारी बनकर उनसे संपर्क किया। आरोपी ने कहा कि वह पैसे वापस कर देगा। इस पर आरोपी ने महिला से उनके मोबाइल पर एक एप डाउनलोड करने के लिए कहा। जैसे ही महिला ने एप डाउनलोड किया तो उनके खाते से 66490 रुपये निकल गए।

## ईंट-गारे के बिना फ्लाईओवर के नीचे बना पर्यावरण के अनुकूल कम्युनिटी स्कूल

नई दिल्ली- समाज के लिए कुछ करने की लगन हो तो राह बन ही जाती है। सीड्स (सस्टेनेबल इकोलॉजिकल एंड एनवायरनमेंटल डेवलपमेंट सोसायटी) का वन फुल ओपन एयर कम्युनिटी स्कूल इसका सटीक उदाहरण है। सीड्स ने स्वीडन की गैर लाभकारी संस्था बेटर शेल्टर के साथ मिलकर ओपन एयर कम्युनिटी स्कूल के लिए अनूठा स्ट्रक्चर बनाया है। पूर्वी दिल्ली के मयूर विहार में 2020 से ही एक फ्लाईओवर के नीचे छत और दीवारों के बिना इस स्कूल का संचालन किया जा रहा था।

इस कम्युनिटी स्कूल में यमुना खादर झुग्गी के 200 छात्र पढ़ते हैं। बेटर शेल्टर की मदद से तैयार स्ट्रक्चर बच्चों को गर्मी, सर्दी और बरसात के मौसम की मुश्किलों से बचाते हुए पढ़ाई को प्रोत्साहित करने की राह खुली है। इस पहल पर आर्किटेक्ट और सीड्स से जुड़े सीनियर डायरेक्टर सुमित अग्रवाल ने कहा, सीड्स ने हमेशा बड़े पैमाने पर काम करने के लिए स्थानीय वस्तुओं और कौशल का प्रयोग किया है। इसी दिशा में बढ़ते हुए हमने बच्चों को बेहतर माहौल में शिक्षा देने के लिए बेटर शेल्टर के स्ट्रक्चर फ्रेम पर हमने बांस का प्रयोग किया है। इसके पहले बच्चों को खुले में पढ़ना पड़ता था।

वन फूल कम्युनिटी स्कूल 2 से 5 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए एक बालवाड़ी (क्रेच) के रूप में भी कार्य करता है। साथ ही यह स्कूल जाने वाले और स्कूल से ड्रॉप आउट बच्चों के लिए एक अनौपचारिक शिक्षा केंद्र के साथ-साथ समुदाय के व्यावसायिक प्रशिक्षण का एक संसाधन केंद्र भी है। क्षेत्र में बस्तियों की अनधिकृत बसावट को ध्यान में रखते हुए स्थानीय बाजार से सुलभता से प्राप्त सामग्री का उपयोग करते हुए एक अस्थायी स्ट्रक्चर पर सहमति बनी थी। स्कूल के लिए फ्रेमवर्क बेटर शेल्टर द्वारा तैयार एक स्ट्रक्चर था, जिसमें मॉड्यूलर स्टील फ्रेम का प्रयोग होता है। इसमें छत के लिए गैलवेल्यूम शीट, दीवारों के लिए बांस के पैनल और दरवाजों व खिड़कियों के लिए पाइनवुड का उपयोग किया गया। सामग्रियों को लंबे समय तक टिकाऊ, जलवायु के अनुकूल, किफायती और सरलता से प्रयोग किए जा सकने के आधार पर चुना गया था।

बेटर शेल्टर के प्रबंध निदेशक जोहान कार्लसन ने कहा, आने वाले वर्षों में इस स्कूल का व्यापक प्रभाव पड़ेगा, जिससे इस समुदाय की बच्चों का भविष्य उज्ज्वल होगा। हम सीड्स के इस प्रयास के शानदार परिणामों को देखकर प्रसन्न हैं। विशेषज्ञता और अनुभव के जरिए सीड्स टीम ने स्ट्रक्चर फ्रेम को एक ऐसे स्कूल में बदल दिया है जहां बच्चे हर दिन सीखने और खेलने के लिए आ सकते हैं। इस तरह के अस्थायी स्ट्रक्चर की जरूरत बढ़ रही है, क्योंकि जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के कारण बड़ी आबादी को विस्थापन का सामना करना पड़ सकता है। सभी क्षेत्रों में गठजोड़ से ही इसका सामना किया जा सकता है।

दिल्ली के मयूर विहार में यमुना खादर में प्रवासी समुदाय यमुना नदी डूब क्षेत्र में अनधिकृत समूहों में रहते हैं। यहां लगभग 10,000 की आबादी है, जिसमें उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और बिहार के प्रवासी शामिल हैं। इस क्षेत्र में लगभग 4000 बच्चे रहते हैं- उनमें से 70 प्रतिशत का नाम सरकारी स्कूलों में लिखा है, लेकिन केवल 40 प्रतिशत ही कक्षाओं में जाते हैं। झुग्गियों और स्कूल के बीच की दूरी के साथ-साथ सरकारी स्कूलों में पर्याप्त शिक्षा तक पहुंच की कमी के कारण स्कूल ड्रॉप आउट की बड़ी संख्या है।

नरेश पाल नाम के एक स्थानीय द्वारा प्रबंधित वन फुल सामुदायिक स्कूल का उद्देश्य इस अंतर को कम करना है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 675 झुग्गी बस्तियों में लगभग 20 लाख लोग रहते हैं। इसे देखते हुए जलवायु के अनुकूल व आसानी से उपलब्ध सामग्री से बने ऐसे अस्थाई आश्रय समय की आवश्यकता हैं, जिन्हें आसानी से नष्ट किया जा सके, कहीं ले जाया जा सके और पुन: बनाया जा सके।

# आईटीआई से निकलने वाले हुनरमंद छात्र नयी इबारत लिखेंगे : सिसोदिया

नयी दिल्ली। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया ने शुक्रवार को आईटीआई जहाँगीरपुरी में स्टेट ऑफ़ आर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर से लैस नए अकेडमिक ब्लॉक, कॉस्मेटोलोजी लैब एवं आधुनिक प्लंबिंग लैब का उद्घाटन किया।

इस मौके पर सिसोदिया ने कहा कि आईटीआई जैसी संस्थानों से ट्रेनिंग लेकर निकलने वाले हुनरमंद छात्र भविष्य की नयी इबारत लिखेंगे। उन्होंने कहा, हमारा देश विकसित तभी बनेगा जब देश का हर युवा स्किल्ड हो, इसलिए डिग्री हासिल करने के साथ साथ युवाओं को हुनरमंद बनना होगा। हमारे आईटीआई के छात्र अपने स्किल्स की बदौलत बड़ी-बड़ी कंपनियों में नौकरियां पा रहे है लेकिन अब ऐसा माहौल तैयार करने की जरुरत है जिससे वो केवल नौकरी करने वाले न बने रहे बल्कि नौकरी देने वाले भी बने और यदि नौकरी कर भी रहे है तो इतने बेहतर ढंग से करे की उनके काम की वजह से सैकड़ों नयी नौकरियां तैयार हो।

उन्होंने कहा कि आईटीआई में मार्किट की जरूरतों के हिसाब से क्वालिटी लैब स्थापित किए जा रहे है ताकि बच्चों को विभिन्न फील्ड वर्क के लिए हैंड्स-ऑन एक्सपीरियंस मिल सके। उन्होंने कहा कि आज पूरे विश्व में



प्रोफेशनल कोर्सेज पर फोकस किया जा रहा है लेकिन आज भी भारत के साथ-साथ कई विकासशील देशों में बच्चों के मन में चाहे-अनचाहे ये बात डाली जाती है कि यदि उन्होंने ग्रेजुएशन नहीं किया तो कुछ नहीं किया। उसके विपरीत विकसित देशों में टेक्निकल एजुकेशन पर फोकस किया जाता है। उन्होंने कहा कि आज जब 8वीं क्लास की एलिजिबिलिटी की कोई नौकरी निकलती है तो उस नौकरी को पाने के लिए हजारों की संख्या में ग्रेजुएट बच्चे लाइन में लगे होते है। ऐसे में उस ग्रेजुएशन की डिग्री का क्या फायदा जो आपको नौकरी न दिला सकें।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि दुनिया के बहुत से देशों में अब ये मानसिकता बदलने लगी है और उन्होंने शिक्षा को लेकर अपनी परम्परागत मान्यताओं से दूर जाना शुरू कर दिया है और टेक्निकल एजुकेशन पर फोकस किया है। भारत में भी हमें इस सोच के साथ आगे बढ़ने की जरुरत है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ सालों में आईटीआई में काफी शानदार बदलाव हुए है और यहां बाजार की मांग को देखते हुए क्वालिटी टेक्निकल एजुकेशन को बढ़ावा दिया गया है।

सिसोदिया ने कहा कि पिछले 4-5 सालों में ट्रेनिंग क्वालिटी को बेहतर कर उन्हें और अधिक ट्रेड ओरिएंटेड बनाने के लिए दिल्ली डीटीटीई ने क्राउन प्लाजा होटल, एनबीसीसी इंडिया लिमिटेड, जैक्कार फाउंडेशन, सीमेंस, टाटा मोटर्स, मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड, हुंडई मोटर, टीवीएस मोटर, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स, क्वास्ट एलायंस जैसे प्रतिष्ठित इंडस्ट्री पार्टनरशिप के साथ एमओयू साइन किया है। इसका नतीजा है कि हमारे आईटीआई में पढ़ने वाले बच्चों को इन कंपनियों से शानदार ट्रेनिंग के साथ-साथ नौकरियाँ भी मिल रही है।

# नोएडा में मनाया गया राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर 63 मे शुक्रवार को सैलकॉप मैन्युफैक्चरिंग डी-221 के प्रांगण में 51वां राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया गया। इस उपलक्ष्य में कारखाने के प्रबंधक एवं सभी कर्मचारी ओर नोएडा के कारखाना उपनिदेशक बृजेश कुमार सिंह मौजूद रहे।

जहा सभी को सुरक्षा से सम्बंधित अवगत कराया गया। व सभी का मार्गदर्शन किया। साथ ही उपस्थित सभी कर्मचारियों को सुरक्षा अधिकारी



थियाम सिंह के द्वारा शपथ दिलाई गई। तत्पश्चात कारखाना उपनिदेशक बृजेश कुमार सिंह एवं सैलकॉप निदेशक अशोक मिश्रा के द्वारा सुरक्षा झंडा पहराया गया।

कारखाना उपनिदेशक बृजेश कुमार सिंह अपने सम्बोधन में युवा द्वारा सुरक्षा के माप-दंड को अपनाने की बात कही एवं सुरक्षा प्रथम का नारा दिया, उन्होंने नोएडा फैक्ट्री के सभी कर्मचारियों और प्रबंधन को सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने की बात कही है।

सैलकॉप के निदेशक संचालक अशोक मिश्रा भी कार्यक्रम में शामिल हुए। ओर उपनिदेशक बृजेश कुमार सिंह का अभिवादन करते हुए उनका धन्यवाद किया व सभी को सुरक्षा संस्कृति अपनाने की बात कही।

### शादी के 15 दिन बाद नवविवाहिता को कमरे में बंद कर दुष्कर्म, जेठानी पर लगाया साथ देने का आरोप

ग्रेटर नोएडा। दनकौर स्थित एक गांव में कथित तौर पर जेठ द्वार नवविवाहित महिला से दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। 15 दिन पहले की पीड़िता की शादी हुई थी। दुष्कर्म के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। महिला की शिकायत के आधार पर पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार, दनकौर स्थित एक गांव में गुरुवार को दिन में घर के कमरे में बंद कर रिश्ते के जेठ ने नवविवाहिता से दुष्कर्म किया। दुष्कर्म के बाद आरोपी फरार हो गया। इस काम में आरोपी की पत्नी ने भी उसका साथ दिया। पीड़ित महिला अपने पति और परिजनों के साथ कोतवाली में शिकायत लेकर पहुंची। बुलंदशहर के एक गांव की दो सगी बहनों की शादी 15 दिन पूर्व दनकौर कोतवाली के गांव में हुई थी। दोनों बहनों की शादी पड़ोस में हुई थी। एक महिला का पति ग्रेटर नोएडा में नौकरी करता है। गुरुवार को जब पति घर से ड्यूटी करने गया तो नवविवाहिता महिला अपने पड़ोसी जेठ के घर किसी काम से गई।

# बदरपुर विधानसभा क्षेत्र में एक और ठेका सील

**नियमों की धज्जियां उड़ाकर खोला गया था ठेका : बिधूड़ी**



नई दिल्ली। दक्षिण दिल्ली नगर निगम ने बदरपुर विधानसभा क्षेत्र के हरीनगर वार्ड में अवैध रूप से खोला गया शराब का एक और ठेका आज सील कर दिया। अब बदरपुर विधानसभा क्षेत्र के तीन वार्डों में शराब का कोई ठेका नहीं बचा। दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने दक्षिण दिल्ली नगर निगम के अधिकारियों को इसके लिए धन्यवाद दिया है। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं को भी बधाई दी है जो इस ठेके को बंद कराने के लिए संघर्ष कर रहे थे।

बिधूड़ी ने बताया कि हरीनगर वार्ड के टंकी वाले रोड पर 4 दुकानों को मिलाकर शराब का यह ठेका और गोदाम खोला गया था। हैरानी की बात यह है कि केजरीवाल सरकार ने रिहायशी इलाके के ठीक बीचों-बीच यह ठेका अलॉट कर दिया था जिससे वहां के लोगों में भारी रोष था। भाजपा कार्यकर्ता ठेका खुलने के बाद से ही इसे बंद कराने के लिए संघर्ष कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि दिल्ली नगर निगम की कार्यवाही से फिर साबित हो गया है कि नॉन कनफर्मिंग इलाकों में मास्टर प्लान और सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइंस का उल्लंघन करके दिल्ली में अवैध रूप से ठेके खोले गए हैं।

केजरीवाल सरकार इस संबंध में किसी नियम-कायदे को मानने के लिए तैयार नहीं है और दिल्ली को नशे के गर्त में धकेल रही है।

### अमेजनकर्मी ने दोस्त के साथ मिल जालसाजी की

**नोएडा।** ई-कॉमर्स क्षेत्र की कंपनी अमेजन को उसके एक कर्मचारी ने अपने साथी के साथ मिलकर 1.60 लाख रुपये की चपत लगा दी। आरोपी ने अपनी आईडी का दुरुपयोग कर रिफंड और रिटर्न करने वाले ग्राहकों से लैपटॉप ले लिए। इसके बारे में कंपनी को कोई जानकारी नहीं दी। इस संबंध में दोनों आरोपियों के खिलाफ फेज-2 थाने में केस दर्ज कराया गया है। पुलिस को दी शिकायत में करण कुमार ने बताया कि वह सेक्टर-85 स्थित अमेजन कंपनी का अधिकृत प्रतिनिधि है। अगमबीर भाटिया नाम के एक ग्राहक ने कंपनी से लैपटॉप खरीदा था। डिलीवरी होने के बाद ग्राहक ने 17 फरवरी को अमेजन एप के माध्यम से लैपटॉप रिटर्न का अनुरोध किया। इस पर कंपनी की तरफ से लैपटॉप लेने के लिए डिलीवरी एसोसिएट को भेजा गया।

# टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रिब्यूशन लिमिटेड ने लगातार दूसरे वर्ष मनाया लाइनमैन दिवस

**कलाइनमैनों की निस्वार्थ सेवा के कारण महामारी के दौरान चौबीसों घंटे बिजली की लगातार सप्लाई करना संभव हुआ**

नई दिल्ली। उत्तरी दिल्ली में 70 लाख की आबादी को बिजली सप्लाई करने वाली प्रमुख कंपनी टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रिब्यूशन लिमिटेड ने आज लाइनमैन दिवस मनाया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बिजली डिस्ट्रीब्यूशन के सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ – लाइनमैन और ग्राउंड मेंटेनेंस स्टाफ के अथक प्रयासों की सराहना करना था। कार्यक्रम की थीम थी, 'सेवा, सुरक्षा, स्वाभिमान', जिसका उद्देश्य देश भर के लाइनमैनों की निस्वार्थ सेवा का सम्मान और सराहना करना था।

सभी को समान अवसर देने की कंपनी की सोच को दर्शाते हुए इस वर्ष 2 स्किल्ड महिला लाइनस्टाफ भी टीम में शामिल हुई हैं।

कार्यक्रम में सेन्ट्रल इलेक्ट्रिसिटी अथॉरिटी के मेंबर (पावर सिस्टम), श्री गौतम रॉय उपस्थित थे। सेन्ट्रल इलेक्ट्रिसिटी अथॉरिटी स्टेट्यूटरी बॉडी है जो पॉलिसी से जुड़े मुद्दों पर सरकार को सलाह देती है और इलेक्ट्रिसिटी सिस्टम्स के विकास से जुड़ी योजनाएं तैयार करती है।

दिल्ली के रोहिणी में टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रिब्यूशन लिमिटेड के लर्निंग सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रिब्यूशन लिमिटेड के सीईओ, श्री गणेश श्रीनिवासन, कंपनी के लाइनमैन और अन्य कर्मचारी शामिल हुए।

लाइनमैन यह सुनिश्चित करते हैं कि बिजली लाइन की मरम्मत और रखरखाव से जुड़ी इमरजेंसी की स्थिति आने पर समय पर काम पूरा किया जाए। इससे आम जनता में भरोसा जागता है कि पावर सप्लाई को फिर से शुरू करने, डिस्कनेक्ट्ड वायर, इलेक्ट्रिकल फेलियर, नए कनेक्शन जैसे विषयों पर तुरंत ध्यान दिया जाएगा। महामारी के दौरान पावर यूटिलिटीज़ के फ्रंटलाइन वर्कर्स ने आवश्यक सेवाओं सहित सभी ग्राहकों को बिजली की लगातार सप्लाई सुनिश्चित की।

टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड पहली भारतीय यूटिलिटी थी जिसने पिछले वर्ष लाइनमैनों की कड़ी मेहनत को राष्ट्रीय पहचान देने की शुरुआत की थी और इस वर्ष टाटा पावर सहित दिल्ली, ओडिशा, मुंबई, अजमेर और जम्मू-कश्मीर, यूपी, झारखंड के अधिकतर हिस्सों से डिस्कॉम्स और स्टेट यूटिलिटीज ने इस दिन को मनाया। कार्यक्रम के हिस्से के तौर पर लगभग 15,000 लाइनमैनों के योगदान को सराहा गया।

महामारी ने फ्रंटलाइन वर्कर्स के महत्व की याद दिलाई, जिनमें पावर सेक्टर में काम करने वाले लाइनमैन और ग्राउंड मेंटेनेंस स्टाफ भी शामिल हैं। इन्होंने सभी चुनौतियों का सामना किया और बिजली की लगातार सप्लाई सुनिश्चित करके देश की सेवा की।

यह पावर सेक्टर से जुड़े फ्रंटलाइन वर्कर्स की सराहना करने का दिन है, जिन्होंने सप्लाई को बनाए रखने के लिए अपनी जान की भी परवाह नहीं की और साथ ही महामारी के समय लोगों को सहायता पहुंचाने के भी पूरी प्रयास किए।

इस पहल पर टिप्पणी करते हुए, श्री संजय बांगा, प्रेजिडेंट- ट्रांसमिशन एवं डिस्ट्रीब्यूशन, टाटा पावर ने कहा, 'हमारे कर्मचारियों की प्रतिबद्धता अभूतपूर्व रही है, यह फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं से कम नहीं है। हमारी मज़बूत प्रणालियों ने हमें न केवल दिल्ली में बल्कि अन्य स्थानों पर भी महामारी के दौरान तेज़ी से अनुकूलन और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने में मदद की। यह एक अनूठी क्षमता थी जिसे न केवल टाटा पावर बल्कि देश भर में अन्य डिस्कॉम द्वारा भी प्रदर्शित किया गया था। हम उनकी सभी बाधाओं से लड़कर कठिन समय के दौरान देश की सेवा करने की उनकी प्रतिबद्धता को सलाम करते हैं।'

टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रिब्यूशन लिमिटेड के सीईओ श्री गणेश श्रीनिवासन ने कहा, लाइनमैन दिवस के ज़रिए हम फ्रंटलाइन वर्कर्स की निस्वार्थ प्रतिबद्धता और सेवा के लिए उनका आभार व्यक्त कर रहे हैं। हमारा मानना है कि वे टाटा पावर के नाम को सही माइनों में नई ऊंचाई पर ले जा रहे हैं। हमें गर्व है कि हमने इस कार्यक्रम की शुरुआत की।

हमें बहुत खुशी है कि इस वर्ष दूसरे डिस्कॉम्स भी इस दिन को मनाने के लिए हमारे साथ आए हैं। हमारा मानना है कि इस दिन को पूरे देश में महत्व मिलना चाहिए।

हम पूरे दिल से सभी लाइनमैन और ग्राउंड स्टाफ को उनकी सेवाओं के लिए धन्यवाद देते हैं। साथ ही उनसे अपील करते हैं कि अपनी सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं करें और किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए सभी दिशानिर्देशों का पालन करें।

इस दिन से पूरे देश में सेफ्टी वीक की भी शुरुआत होती है। टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड सुरक्षा को लेकर बेहद जागरूक है। हम ज़ीरो हार्म कल्चर की संस्कृति को बढ़ावा देना चाहते हैं। हम सभी से, विशेष रूप से अपने फ़ील्ड स्टाफ से, अपील करते हैं अपना काम करते समय सुरक्षा के सभी नियमों का पूरा पालन करें।

### टाटा पावर दिल?ली डिस्ट्रिब्यूशन लिमिटेड के बारे में

टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रिब्यूशन लिमिटेड प्रमुख डिस्कॉम है जो इंफॉरमेशन एवं ऑपरेशनल टैक्नोलॉजी सेवाओं की मदद से, नॉर्थ दिल्ली में करीब 70 लाख की आबादी के लिए पावर सप्लाई करती है। कंपनी ने देश की राजधानी में एटीएंडसी नुकसान में रिकॉर्ड कमी और सभी वर्टिकल्स में एडवांस्ड टैक्नोलॉजी अपनाकर बिजली वितरण के परिदृश्य में व्यापक बदलाव लया है।

यह देश की सबसे बड़ी एकीकृत बिजली कंपनी टाटा पावर और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार की सार्वजनिक-निजी साझेदारी वाली संयुक्त उपक्रम कंपनी है। निजीकरण के बाद से, टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रिब्यूशन लिमिटेड के इलाकों में एकीकृत टेक्निकल एंड कॉमर्शियल (एटीएंडसी) नुकसान में रिकॉर्ड कमी आई है।

वर्तमान में एटीएंडसी नुकसान 7.3 प्रतिशत है, जिसमें जुलाई 2002 में 53 प्रतिशत के शुरुआती नुकसान से 86त्न तक की अप्रत्याशित कमी आई है।

# भाजपा का प्रदेश के 1120 स्थानों पर शराब नीति के खिलाफ जनमत संग्रह अभियान

**केजरीवाल की शराब नीति महिला एवं युवाओं के लिए सबसे बड़ा खतरा-बैजयंत जय पांडा**

नई दिल्ली। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं दिल्ली प्रदेश के प्रभारी श्री बैजयंत जय पांडा ने कहा कि दिल्ली की शराब नीति प्रदेश के युवाओं एवं महिलाओं के लिए सबसे बड़ा खतरा है। केजरीवाल ने पिछले सात सालों में ना ही किसी तरह का रोजगार दिया और ना ही अपने किए वायदें को पूरा किया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री आदेश गुप्ता के नेतृत्व में हुए जनमत संग्रह अभियान में आज राजीव चौक मेट्रो स्टेशन के पास मीडिया को संबोधित करते हुए श्री पांडा ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से एक पर एक मुफ्त शराब बांटकर केजरीवाल ने पूरी दिल्ली को शराब पिलाने में लगा दिया। दिहाड़ी मजदूर भी काम करने की जगह शराब के ठेकों पर लंबी पंक्तियों में खड़े होकर शराब की बोतले खरीद घर में पीकर पड़े हुए थे जिससे उनके घर की रोजी-रोटी भी चलना मुश्किल हो गया है।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री आदेश गुप्ता ने कहा कि आज जिस तरह से जनमत संग्रह में शराब नीति के खिलाफ लोगों



की प्रतिक्रियाएं मिल रही है, उससे केजरीवाल की उल्टी गिनती शुरु हो गई है। श्री गुप्ता ने कहा कि दिल्ली के लगभग 99 प्रतिशत से अधिक लोगों का मानना है कि शराब नीति एक 'खराब नीति' हैं जिसका सहारा लेकर राजस्व के बहाने अपनी जेब भरने के लिए केजरीवाल दिल्ली के युवाओं और महिलाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।

आदेश गुप्ता ने जनमत पत्रक द्वारा लोगों तक खुद पहुंचे और शराब नीति पर उनकी राय जानी। उन्होंने कहा कि केजरीवाल द्वारा लाई गई शराब नीति खासकर युवाओं के भविष्य एवं महिलाओं की सुरक्षा पर सबसे बड़ा प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है। 500 स्कूलों का वायदा कर, कॉलेजों का वायदा करके बदले में शराब के ठेके देने का काम केजरीवाल सरकार ने किया है।

आदेश गुप्ता ने कहा कि आज शराब माफियाओं के साथ सांठगाठ कर एक पर एक मुफ्त शराब देने की केजरीवाल की नीति के कारण कारखानों में काम करने की जगह मजदूर शराब के ठेकों के सामने लंबी पंक्तियों में खड़े हो कर अपना स्वास्थ्य खराब करने में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि कई कारखाना मालिकों का कहना है कि पहले तो दिहाड़ी मजदूर काम करते थे लेकिन अब वे भी अब काम करने की जगह दिन भर शराब के नशे में डुबे हुए हैं।

गुप्ता ने कहा कि कानून की धज्जियां उड़ाते हुए एवं न्यायालय को गुमराह कर केजरीवाल ने रिहायशी इलाकों में, विद्यालय एवं मंदिरों के पास भी अवैध शराब के ठेके खोलने का काम किया है।

पैसों के लालच और अपने जेब भरने के लिए वह दिल्ली को शराब नगरी बनाने का काम कर रहे हैं। राजीव चौक में हुए जनमत संग्रह अभियान में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के साथ प्रदेश महामंत्री श्री कुलजीत सिंह चहल एवं श्री हर्ष मल्होत्रा, प्रदेश उपाध्यक्ष श्री राजन तिवारी, प्रदेश मीडिया प्रमुख श्री नवीन कुमार जिंदल सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

प्रदेश भजापा द्वारा आज दिल्ली के लगभग 1120 स्थानों पर जनमत संग्रह के तहत लगभग 10 लाख से अधिक लोगों की राय केजरीवाल की शराब नीति पर ली गई। इसके लिए प्रदेश के प्रत्येक वार्ड के लगभग तीन से चार स्थानों पर प्रदेश के पदाधिकारी, विधायक, मोर्चे एवं जिले के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष सहित 50,000 से अधिक भाजपा कार्यकर्ता इस मुहिम में शामिल हुए।

नेता प्रतिपक्ष श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी ने लाजपत नगर में जनमत संग्रह के दौरान मीडिया से बात करते हुए कहा कि केजरीवाल की शराब नीति से दिल्ली की जनता पूरी तरह से परेशान है। गली-गली में शराब की नदियां बहाने वाली शराब नीति के खिलाफ दिल्ली की जनता में आक्रोश है और इसका खामियाजा केजरीवाल को भुगतना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि जिस तरह से केजरीवाल ने खुद के फायदें के लिए शराबमाफियाओं से हाथ मिलाकर दिल्ली को नशे की लत में धकेलने का प्रयास कर रहे हैं उसे भाजपा कभी बर्दाश्त नहीं करेगी।

आज प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर होने वाले जनमत संग्रह में मुख्य रुप से राम नगर पहाड़गंज में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद डॉ. हर्षवर्धन, भाजपा प्रवक्ता बिरेंद्र बब्बर, भूल भूलैया महरौली में सांसद श्री रमेश बिधूड़ी, सब्जी मार्किट जहांगीरपुरी में सांसद श्री हंसराज हंस, कमला नगर में पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री विजय गोयल, रोहिणी में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष श्री विजेन्द्र गुप्ता, लक्ष्मीनगर मुख्य बाज़ार में प्रदेश महामंत्री श्री दिनेश प्रताप सिंह, ग्रीन पार्क मार्केट में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष श्री सतीश उपाध्याय, द्वारका मोड़ उत्तम नगर में असम के सह-प्रभारी श्री पवन शर्मा सहित अन्य प्रदेश पदाधिकारियों ने जनमत संग्रह का नेतृत्व किया और लोगों से शराब नीति पर राय ली।

## संपादकीय



# रूस-यूक्रेन विवाद : युद्ध का अंधेरा नहीं, शांति का उजाला हो

यूक्रेन पर हमले के एक सप्ताह बाद भी रूस वांछित नतीजा हासिल नहीं कर पाया है। जैसे-जैसे समय बीत रहा है, अधिक विनाश एवं विध्वंस की संभावनाएं बढ़ती जा रही है। विश्व युद्ध का संकट भी मंडराने लगा है। रूस यूक्रेन से बात करने को तो तैयार है, लेकिन अपनी शर्तों पर। उसके ऐसे रवैये के चलते यदि दोबारा बात होती भी है तो उससे कोई ठोस परिणाम निकलने की आशा कम ही है, यह स्थिति दुनिया को अशांति की ओर अग्रसर करने वाली है। अमेरिका और उसके सहयोगी देशों की नाकामी ने अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक क्षेत्र में एक रिक्तता पैदा करते हुए संकट को गहराया है। भारत को इस रिक्तता की पूर्ति के लिए सक्रिय होना चाहिए। भले ही भारत के रिश्ते रूस के साथ दोस्ताना के रहे हैं, लेकिन इसकी अनदेखी भी नहीं की जा सकती कि यूक्रेन पर रूस के भीषण हमलों में वहां लोगों की जान जा रही है-न केवल निर्दोष-निहत्थे यूक्रेनियों की, बल्कि अन्य देशों के नागरिकों की भी। गत दिवस एक भारतीय छात्र की भी जान गई। अभी भी वहां भारत के साथ अन्य देशों के तमाम छात्र फंसे हुए हैं।

यूक्रेन के साथ कोई अनहोनी होती है तो इसके लिए केवल रूस ही जिम्मेदार होगा। रूस एवं यूक्रेन के बीच इस तरह युद्धरत बने रहना खुद में एक असाधारण और अति-संवेदनशील मामला है, जो समूची दुनिया को विनाश एवं विध्वंस की ओर धकेलने जैसा है। ऐसे युद्ध का होना विजेता एवं विजित दोनों ही राष्ट्रों को सदियों तक पीछे धकेल देगा, इससे भौतिक हानि के अतिरिक्त मानवता के अपाहिज और विकलांग होने का भी बड़ा कारण बनेगा। विश्व के एक बड़े हिस्से में रूस पहले ही एक खलनायक जैसा उभर आया है। बेलारूस, वेनेजुएला, सीरिया, ईरान, उत्तर कोरिया जैसे चंद देशों को छोड़कर अन्य कोई देश सीधे तौर पर उसके साथ नहीं खड़ा। रूस को न केवल अपनी वैश्विक छवि की चिंता करनी चाहिए, बल्कि यूक्रेन में फंसे विदेशी नागरिकों के साथ आम यूक्रेनियों की जिंदगी की भी। उसे विश्वशांति एवं मानवता की रक्षा का ध्यान रखते हुए युद्ध विराम के लिये अग्रसर होना चाहिए।

यह सही है कि अमेरिका और उसके सहयोगी देशों ने रूस के सुरक्षा हितों की उपेक्षा करते हुए यूक्रेन को सैन्य संगठन नाटो का हिस्सा बनाने की अनावश्यक पहल की, यही वह वजह है जिसके कारण युद्ध उग्रत्तर होता गया लेकिन इसका यह मतलब तो नहीं कि रूसी राष्ट्रपति यूक्रेन के आम लोगों के साथ वहां रह रहे विदेशी नागरिकों की जान की परवाह न करें। फिलहाल वह ऐसा ही करते दिख रहे हैं और इसीलिए पश्चिम के साथ-साथ दुनिया के अन्य हिस्सों में भी निंदा का पात्र बने हुए हैं। खुद भारत ने सुरक्षा परिषद में यह साफ किया है कि यूक्रेन में हमला करके रूस ने उसकी संप्रभुता का उल्लंघन करने के साथ जिस तरह अंतरराष्ट्रीय नियमों की अवहेलना की, उसे उचित नहीं ठहराया जा सकता।

यूक्रेन और रूस के बीच जारी युद्ध में भारतीय पक्ष का रुख न केवल संवेदनशील, बल्कि संतुलित भी है। भारत ने हमले की निंदा खुले शब्दों में भले न की हो, लेकिन उसने रूसी हमले का पक्ष भी नहीं लिया है और यूक्रेन की स्वतंत्रता और संप्रभुता के पक्ष में डटा हुआ है। कुल मिलाकर, भारत शांति का पक्षधर है और रूस एवं यूक्रेन युद्ध के सन्दर्भ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की छवि एक साहसी लेकिन अहिंसक नेता के रूप में उभरी है।

यूक्रेन और रूस में शांति का उजाला करने, अभय का वातावरण, शुभ की कामना और मंगल का फैलाव करने के लिये भारत को शांति प्रयास करने चाहिए। मनुष्य के भयभीत मन को युद्ध की विभीषिका से मुक्ति देनी चाहिए। इन दोनों देशों को अभय बनकर विश्व को निर्भय बनाना चाहिए।

# रोहित की कप्तानी में चमकेगी टीम इंडिया!

**योगेश कुमार गोयल**

हाल ही में टीम इंडिया के सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा को टेस्ट टीम की भी कमान सौंपे जाने के बाद भारतीय क्रिकेट का विराट कोहली युग औपचारिक तौर पर समाप्त होने के साथ ही भारत में क्रिकेट के एक नए युग की शुरूआत हो गई है। दरअसल रोहित वनडे और टी-20 मैचों के बाद अब टेस्ट टीम के भी पूर्णकालिक कप्तान बना दिए गए हैं और इसी के साथ वह अब क्रिकेट के तीनों ही प्रारूपों में टीम इंडिया के कप्तान होंगे। तमाम खेल विश्लेषक इसे भारतीय क्रिकेट में रोहित युग की नई शुरुआत मान रहे हैं। टीम इंडिया की कप्तानी से विराट कोहली के जिम्मेदारी से मुक्त होने के बाद रोहित के कंधों पर यह बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। अपने बल्ले से मैदान पर रनों का अंबार लगाते रहे रोहित के लिए अब टीम इंडिया के तीनों फॉर्मेट में अपनी नेतृत्व क्षमता को साबित करना होगा। हालांकि रोहित टीम इंडिया के बेहद अनुभवी खिलाड़ी हैं लेकिन उनके लिए पूर्व कप्तान विराट कोहली द्वारा स्थापित उच्च मानदंडों पर खरा उतरना बड़ी चुनौती होगी। दरअसल अपनी अगुवाई में टेस्ट मैचों में पूर्व कप्तान विराट कोहली 68 में से 40 मैचों में जीत हासिल करते हुए दुनिया के चौथे सफलतम कप्तान बने थे। उनसे पहले बतौर कप्तान दक्षिण अफ्रीका के ग्रेम स्मिथ के नाम 53, ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोटिंग के नाम 48 और कप्तान स्टीव वॉ के नाम 41 टेस्ट मैचों में जीत हासिल करने का रिकार्ड था।



भारतीय क्रिकेट को कोहली युग से आगे नई बुलंदियों पर ले जाने की जिम्मेदारी अब रोहित शर्मा और टीम इंडिया के कोच राहुल द्रविड़ के कंधों पर आ गई है। रोहित के लिए चुनौतियां इसलिए भी बहुत ज्यादा हैं क्योंकि वह पहले ही फिटनेस की समस्या से जूझते रहे हैं। ऐसे में यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि बढ़ती उम्र में वह काम के इतने बोझ के साथ बड़ी जिम्मेदारियां निभाने में किस हद तक सफल हो पाते हैं। हालांकि रोहित के मामले में सुखद बात यही है कि विराट की कप्तानी के आखिरी दिनों में कप्तान, कोच और टीम मैनेजमेंट के बीच तालमेल की जो कमी देखी जाने लगी थी, वह फिलहाल रोहित के साथ नहीं है और उनके नेतृत्व में कप्तान, कोच तथा टीम मैनेजमेंट के सही तालमेल और बेहतर संतुलन का फायदा टीम इंडिया को मिल सकता है। इसी वर्ष अक्तूबर-नवम्बर में आस्ट्रेलिया में टी-20 विश्व कप शुरू होने वाला है, जिसमें बेहतर प्रदर्शन के साथ टीम इंडिया को कामयाबी दिलाने का दबाव रोहित पर होगा और उनकी कप्तानी में उनकी यह पहली बड़ी परीक्षा होगी। इसके बाद 2023 में भारत में ही आयोजित होने जा रहे 50 ओवरों के विश्वकप में मेजबान टीम के तौर पर मैदान में उतरते हुए टीम इंडिया को सफलता दिलाने का रोहित पर बहुत बड़ा दबाव होगा। 2023 में ही आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप का फाइनल भी खेला जाएगा।

टेस्ट क्रिकेट में वर्ष 2013 में पदार्पण करने वाले 34 वर्षीय रोहित शर्मा ने अब तक टेस्ट मैचों में 46 के औसत से तीन हजार से भी ज्यादा रन बनाए हैं। वैसे रोहित के क्रिकेट के तीनों प्रारूपों का कप्तान बनते ही टीम इंडिया की किस्मत बदली है। दरअसल भारत ने तीसरे और अंतिम टी20 मैच में वेस्टइंडीज को 17 रन से हराकर 3-0 से सीरीज अपने नाम करते हुए टी20 इंटरनेशनल मैचों में लगातार नौवीं जीत दर्ज की। भारत अंतिम बार 2019 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 में घरेलू सीरीज हारा था। टीम इंडिया की वेस्टइंडीज के खिलाफ पिछली चार टी20 सीरीज में यह लगातार चौथी सीरीज जीत है, जिसमें भारतीय टीम ने तीन बार विंडीज का सूपड़ा साफ किया है और टी20 क्रिकेट में बतौर कप्तान सर्वाधिक मैच जीतने के मामले में रोहित ने पाकिस्तान के सरफराज अहमद की बराबरी भी कर ली है। भारतीय टीम के कप्तान रोहित की टी20 में बतौर कप्तान यह नौवीं जीत है। उनसे पहले सरफराज अहमद की कप्तानी में पाकिस्तान ने 2018 में लगातार नौ मैच जीते थे। पूर्णकालिक कप्तान रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इंडिया की यह लगातार छठी टी20 जीत थी और इसी के साथ आईसीसी टी20 रैंकिंग में इंग्लैंड को पीछे छोड़ते हुए टीम इंडिया ने शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। इससे पहले महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में टीम इंडिया 12 फरवरी 2016 से 3 मई 2016 तक इस स्थान पर बनी रही थी। हालांकि रोहित शर्मा की कप्तानी वाली टीम इंडिया की इंग्लैंड के बराबर 269 ही रेटिंग है लेकिन चूंकि दोनों की यह रेटिंग 39 मैचों में है किन्तु इंग्लैंड के 10474 अंकों के मुकाबले भारत के कुल 10484 अंक हैं, इसलिए टीम इंडिया रैंकिंग में नंबर वन पर पहुंच गई है। इस रैंकिंग में पाकिस्तान की रेटिंग 266, न्यूजीलैंड की 255, दक्षिण अफ्रीका की 253 और ऑस्ट्रेलिया की 249 है।

वेस्टइंडीज के खिलाफ खेली गई घरेलू वनडे और टी-20 सीरीज में जीत तय होने के बाद टीम इंडिया के सामने अगली बड़ी चुनौती अपने ही घर में श्रीलंका के खिलाफ टी-20 और टेस्ट मैचों की है। श्रीलंका के खिलाफ मोहाली में शुरू हो रहे पहले टेस्ट मैच से रोहित क्रिकेट के इस प्रारूप में टीम की अगुवाई करेंगे। बहरहाल, रोहित को क्रिकेट के तीनों प्रारूपों का कप्तान बनने के बाद उन्हें अब न केवल एक मंझे हुए खिलाड़ी के रुप में बल्कि अगले दो वर्षों तक टीम इंडिया के कप्तान के रूप में भी आने वाले समय में कुछ महत्वपूर्ण टूर्नामेंटो में अपनी प्रतिभा, हुनर तथा सही समय पर उचित फैसला लेने की अपनी काबिलियत को साबित करना होगा। महेंद्र सिंह धोनी तथा विराट कोहली जैसे कप्तानों की राह पर चलते हुए उन्हें अपने सूझबूझ भरे फैसलों से टीम इंडिया की जीत का मार्ग प्रशस्त करना होगा। विराट-शास्त्री के लंबे कार्यकाल के बाद अब कप्तान और कोच के रुप में रोहित शर्मा और राहुल द्रविड़ की जोड़ी पर सभी की नजरें केन्द्रित हैं। उम्मीद की जानी चाहिए कि रोहित शर्मा की अगुवाई में टीम इंडिया निरन्तर जीत दर्ज करते हुए आगे बढ़ेगी और कोच द्रविड़ के मार्गदर्शन तथा रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इंडिया गौरवपूर्ण उपलब्धियों का नया इतिहास लिखेगी। यह उम्मीद भी की जानी चाहिए कि एक बेहतरीन कप्तान साबित होने के साथ-साथ आने वाले समय में रोहित के बल्ले से रनों के अंबार के साथ नए-नए रिकॉर्ड भी निकलेंगे और वे वनडे, टी-20 तथा टेस्ट, क्रिकेट के तीनों ही प्रारूपों में नया इतिहास रचेंगे।

**(लेखक 32 वर्षों से साहित्य एवं पत्रकारिता में निरन्तर सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार हैं)**

# पूरी दुनिया पर महंगाई बम फूटा!!!

गोंदिया - वैश्विक स्तरपर सभी देश कोरोना महामारी के भयंकर प्रकोप से लड़ते हुए हर देश अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए वैक्सीन रूपी मिसाइल से सुरक्षा कर रहा था और विभिन्न रणनीतिक रोडमैप रूपी टैंकों से अपनी क्षतिग्रस्त, बिगड़ी अर्थव्यवस्था को चलाकर नए विज़न रूपी इंफ्रास्ट्रक्चर ढांचे से अपनी अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने में लगे हुए थे कि पूरी दुनिया पर यूक्रेन-रूस युद्ध के कारण महंगाई का बम फूटा है!!! पहले से ही वैश्विक स्तर पर डेरा जमाई महंगाई डायन को युद्ध के कारण कच्चे तेल की तेजी से बढ़ती कीमतों का कुटिल साथ मिल गया है!!! जिससे अंतरराष्ट्रीय स्तरपर जनता परेशान दिख रही है।

साथियों बात अगर हम भारत की करें तो बड़े बुजुर्गों की कहावत है के ताड़ से गिरा तो खज़ूर पर अटका!!! याने बड़ी मुश्किल से कोरोना महामारी से पिंड छुड़ाने की ओर अग्रसर हुए थे, क्योंकि 3 मार्च 2022 तक करीब 97 फ़ीसदी नागरिकों को पहली वैक्सीन की पहली डोज़ लग गई है जबकि फ़िर युद्ध से महंगाई डायन ने बम फोड़ा है!!! और अभी देखें ऊंट किस करवट बैठता है!!!अब तो गरीबों और मध्यम वर्गीय नागरिकों के लिए मुफ़लिसी में आटा गीला है!!! क्योंकि जनता पहले ही बेरोजगारी, महंगाई से परेशानी में थी, उसपर भी महंगाई डायन की ताकत डबल सी हो गई है।

साथियों बात अगर हम भारत में महंगाई की करें तो भारत करीब-करीब पूरे तैलीय वस्तुओ, ईडेबल आईल, के उपयोग में रूस और अन्य देशों पर निर्भर है। भारत की रूस पर निर्भरता की करें तो इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के अनुसार, कुल कारोबार की बात करें तो भारत और रूस के बीच चालू वित्त वर्ष करीब 9 अरब डॉलर से ज्यादा का कारोबार हो चुका है, जो पिछले साल 8 अरब डॉलर के आसपास था। भारत और रूस के बीच सबसे ज्यादा हथियार, पेट्रोलियम उत्पादों, फर्टिलाइजर, दालें, दवा और वाहन आदि का कारोबार प्रमुखता से होता है।

भारत ने 2020-21 में रूस से 8.5 अरब डॉलर का सामान आयात किया, जिमसें 4.5 अरब डॉलर का पेट्रोलियम और पेट्रोलियम उत्पाद शामिल हैं. इस जंग का असर भारतीय किसानों पर भी पड़ता दिखाई दे रहा है, क ?योंकि फर्टिलाइजर के लिए भी भारत रूस पर निर्भर है. भारत फर्टिलाइजर्स की लॉन्ग-टर्म सप्लाई के लिए रूस के साथ बातचीत कर रहा है।2020 में भारत ने रूस से 65 करोड़ डॉलर के फर्टिलाइजर्स का आयात किया था।

साथियों बात अगर हम भारत में महंगाई की करें तो कच्चे तेल की कीमत आज115 डॉलर प्रति बैरल के आसपास है जो 150 तक पहुंचने का अंदेशा विशेषज्ञों द्वारा लगाया गया है!! जिसके कारण पेट्रोल डीजल में बेतहाशा वृद्धि होने की पूरी गुंजाइश है परिणाम स्वरूप परिवहन लागत में वृद्धि होने से हर क्षेत्र के हर उत्पाद के रेट बढ़ना तय है याने पहले से डेरा जमाई महंगाई डायन को युद्ध रूपी भयानक खतरनाक दैत्य मिल गया है!!! जो जनता के लिए घातक है!!!

साथियों बात अगर हम महंगाई जानने के लिए ग्राउंड रिपोर्टिंग की करें तो मैंने बाजारों में तेलों व अन्य वस्तुओं के रेट चेक किए जो फॉर्चून सनफ्लावर पहले एक 15 लीटर का टीन 2100 रुपए में था अब वह 2750 बताया गया और अन्य खाद्य तेलों में भी करीब 30 फ़ीसदी से अधिक की वृद्धि पाई गई। युद्ध के कारण विदेश से आने वाले पॉम आयल के दाम में जहां वृद्धि हो गई है, वहीं अन्य खाद्यान्न तेल के दाम भी 30 फीसदी बढ़ गए हैं। दूध और कामर्शियल गैस के दाम में हुई वृद्धि से भी जनता को महंगाई की मार झेलनी पड़ रही है। डीजल के दाम बढ़ने के आसार हैं। चार हजार रुपये टन लोहा का दाम बढ़ने से हाहाकार मच गया है।

**-संकलनकर्ता लेखक - कर विशेषज्ञ, स्तंभकार, एडवोकेट, किशन सनमुख़दास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र**

# लड़ाई किसी भी समस्या का समाधान नहीं

लड़ाई किसी भी समस्या का समाधान नहीं है ये लड़ने वाले देशों को आर्थिक ओर व्यापारिक रूप से बहुत पीछे धकेल देती है घर परिवार बिछड़ जातें हैं जनता में आक्रोश फैल जाता है महंगाई चरम सीमा पर पहुँच जाती है।

इसका भयानक असर हमारे देश पर भी आएगा

पेट्रोल,डीज़ल,गैस,मेटल के दाम असमान छूने लगेंगे ।जिस से देश के हर छोटे बड़े वर्ग पर महंगाई का बोज़ बडेगा पहले ही देश की जनता लगभग दो सालों से करोना महामारी की मार झेल रही। बाज़ारों में अभी व्यापारी ओर आम जनता के चेहरे पर ख़ुशी की लहर आइ थी होली का त्योहार आने से ब्याह शादी का सीजन भी साथ में है अब ऊपर से युद के बादल मंडराने से सब हताश हैं व्यापार में फिर से अस्थिरता आ सकती है महंगाई ज़बरदस्त ज़ोर पकड़ सकती है।



**चंदर भूषण गुप्ता (अध्यक्ष)**
**दिल्ली उद्योग व्यापार संगठन (DUVS)**

## दयावान बने!

सोए हुए शेर के ऊपर चढ़ा चूहा,
शेर उठा और हुआ आग बबूला,
गुस्से में कहा, तुम्हें कौन बचाएगा,
यह खूंखार शेर तुम्हें खा जाएगा!

चूहे ने शेर से की प्रार्थना,
कृपया मुझे मत मारना,
तुम्हारा एहसान में जरूर चुकाऊंगा,
हंसते हुए शेर ने व्यंग्य से कहा,
जाओ मुसीबत में मैं तुम्हें बुलाऊंगा!

कुछ दिन बाद शिकारी आए,
चारों तरफ जाल फैलाए,
शेर को जाल में कैद किया,
शेर ने चिल्लाकर आवाज दिया!

चूहा पहचाना शेर की आवाज,
कुतर के जाल को कर दिया आजाद,
शेर ने कहा चूहे से,
तुम नहीं होते अगर मेरे पास,
मेरे बच पाने की नहीं थी कोई आस!

किसी को उसके आकार से ना परखे,
करुणा भाव स्वयं में अवश्य रखें,
दया अपना इनाम ज़रूर लाती है,
जिंदगी हमें हर मोड़ पर आजमाती है!!



**डॉ. माध्वी बोरसे!**
**( स्वरचित व मौलिक रचना)**
**राजस्थान (रावतभाटा)**

# अब अपराधी के मानस मूल्यांकन की सार्थक पहल

**- ललित गर्ग-**

दुनिया के बहुत सारे देशों में फांसी की सजा का प्रावधान समाप्त किया जा चुका है और भारत में भी फांसी की सजा को समाप्त करने की मांग लगातार उठ रही है। प्रश्न है कि क्या मौत की सजा जैसे सख्त कानूनों के प्रावधान करने मात्र से अपराधों एवं अत्याचारों पर नियंत्रण पाया जा सकता है? अपराधों को कठोर कानूनों के जरिये रोकने से ज्यादा जरूरी है कि समाज में ऐसी जागृति लाई जाये कि लोगों का मन बदले, अपराध की मानसिकता समाप्त हो। अपराधी को समाप्त करने की बजाय अपराध के कारणों को समाप्त किया जाना चाहिए। इसी के मद्देनजर अब सर्वोच्च न्यायालय ने आदेश दिया है कि मौत की सजा पाए व्यक्तियों का मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन भी अवश्य किया जाए। इसके लिए चिकित्सा संस्थानों के सुयोग्य मनोवैज्ञानिकों और मनोचिकित्सकों की टीम गठित की जाए।

सर्वोच्च न्यायालय के इस आदेश से मौत की सजा के मामलों में दंड तय करने और अपराध विज्ञान के क्षेत्र में अध्ययन के कुछ बेहतर नतीजों की उम्मीद है। संभवत यह अपराधमुक्त समाज की संरचना बनाने में कारगर सिद्ध होगा। बढ़ते अपराधों की वजहों में खास हैं समाज की असंतुलित एवं भेदभावपूर्ण संरचना, अमीरी-गरीबी



की बढ़ती खाई, नैतिक एवं चारित्रिक मूल्यों को धुंधलाने की कुचेष्टाएं, कुंठित लोगों की आपराधिक मानसिकता, न्याय-प्रक्रिया की जटिलता और फैसलों में देरी है। यही कारण है कि सर्वोच्च न्यायालय ने एक सार्थक पहल करते हुए मौत की सजा पाए व्यक्तियों का मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन करने का आदेश उत्तर प्रदेश, बिहार और महाराष्ट्र के उच्च न्यायालयों द्वारा सुनाई गई मौत की सजा के विरुद्ध दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए दिया है। किसी को मौत की सजा देना सभ्य समाज की निशानी नहीं माना जाता। यह बर्बर समाज की कार्रवाई मानी जाती है। इसीलिए दुनिया के बहुत सारे देशों में ऐसी सजा का प्रावधान समाप्त कर दिया गया है।

किसी भी समाज के निरंतर विकास करने के लिए समाज में शांति और सुरक्षा का वातावरण जरूरी है और इसके लिए उसे अपराध मुक्त होना परम आवश्यक है। प्रत्येक देश की सरकार का प्रथम कर्तव्य है कि वह समाज और देश को बाह्य एवं आन्तरिक नकारात्मक शक्तियों से मुक्त रखने के लिए समुचित व्यवस्था करें। समाज को अपराध मुक्त रखने के लिए अपराध और अपराधी के मनोविज्ञान को समझना आवश्यक है, यदि अपराधी की मनोवैज्ञानिक प्रवृत्ति का अध्ययन कर उसको मजबूर करने वाली परिस्थितियों को बनने से ही रोक दिया जाय, तो समाज को अपराधमुक्त करना अथवा न्यूनतम अपराध वाले समाज की श्रेणी में लाने में मदद मिल सकती है।

बड़ा सच है कि कोई जन्मजात अपराधी नहीं होता। कुछ परिस्थितियों के चलते अपराधी बन जाते हैं, कुछ संगत के चलते, तो कुछ मनोविकारों के चलते। मगर जब अपराधी की सजा तय होती है, तो साक्ष्यों पर ही अधिक ध्यान दिया जाता है, अपराध के कारणों पर नहीं। कानून की विडम्बना एवं विसंगति सदियों से चली आ रही है कि अपराधी को समाप्त करने के कठोर प्रावधान है, लेकिन अपराध को रोकने का कोई उपक्रम नहीं है। यही कारण है अपराध की प्रकृति और उसकी गंभीरता के मद्देनजर सजा का निर्धारण किया जाता है।

जघन्य अपराधों में कठोरतम सजा के रूप में फांसी का प्रावधान है। इसलिए हमारे यहां सजा-ए-मौत के मामले भी बहुत आते हैं। फिर निचली अदालतों के उन फैसलों को उच्च और उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी जाती है। अंतिम रूप से राष्ट्रपति से जीवनदान पाने की गुहार लगाने का विकल्प भी है। हालांकि हमारे यहां फांसी की सजा समाप्त करने की मांग भी लंबे समय से उठती रही है, क्योंकि इस सजा के बाद व्यक्ति के सुधरने या अच्छा नागरिक बनने की संभावना समाप्त हो जाती है। कानून, व्यवस्था, सुरक्षा और न्याय सभी बैशाखियों पर लटक गये हैं। यही वजह है कि आज गलत कार्यों-अपराधों के अंजाम पा लेने के बाद न्यायिक जांच का सवाल उठता है। उससे पहले अधिकारियों की आंखें खुलती नहीं।

बड़ा प्रश्न है कि अपराधों की उम्र कितनी? तो शायद सार्थक उत्तर हो सकता है-'जागने में समय लगे मात्र उतनी।' यानी जघन्य अपराध करने वालों के मानस का अध्ययन कर समझने का प्रयास किया जाये कि आखिर उस व्यक्ति ने किन परिस्थितियों के चलते ऐसा कदम उठाया। उन परिस्थितियों को समाप्त किया जाये तो अपराध स्वत: समाप्त हो जायेगा।

देश में जितने वास्तविक बलात्कार एवं बाल-दुष्कर्म के मामले दर्ज नहीं होते, उससे अधिक फर्जी मामलें दर्ज हो रहे हैं, और इन सख्त कानूनों की आड में लोग एक-दूसरे से बदला ले रहे हैं या अनुचित धन कमा रहे हैं और सामाजिक सोच को दूषित कर रहे हैं। इन दूषित परिस्थितियों से मुक्ति के प्रयत्न हो। इन अपराध के कारणों का पता लगाकर उन्हें समाप्त किया जाये, अपराध की जड़ को ही समाप्त किया जाये तो अपराधमुक्त समाज व्यवस्था स्थापित करना आसान होगा। मगर हमारे यहां ऐसे प्रयत्नों एवं अध्ययन का अनिवार्य प्रावधान नहीं है। अब सर्वोच्च न्यायालय ने इसे अनिवार्य किया है तो उसके परिणामस्वरूप अपराधों पर नियंत्रण स्थापित हो सकेगा। अपराध दरअसल, मानसिक विकृतियों, मानसिक उथल-पुथल का ही नतीजा होता है। अक्सर देखा जाता है कि अपराध करने के बाद अपराधी पश्चात्ताप करता है, उसे अपने किए पर पछतावा होता है। मगर कई पेशेवर कहे जाने वाले अपराधियों का मानस कुछ जटिल होता है।

हालांकि अपराधशास्त्र में अपराध करने वालों के मानस का अध्ययन ही किया जाता है और हर परिस्थिति में बदलती आपराधिक प्रवृत्ति पर सूक्ष्म नजर रखी जाती है। मगर न्याय प्रक्रिया में इन बिंदुओं पर ध्यान नहीं दिया जाता। अब सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर ऐसे अपराधियों का मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन किया जाएगा, तो न सिर्फ उनके अपराधी बनने, उनकी आपराधिक मानसिकता के बारे में ठीक-ठीक पता लगने की संभावना बनेगी, बल्कि इस तरह के अपराधियों की चिकित्सा संबंधी नए सूत्र भी मिल सकेंगे।

## करो ये तैयारी !



ना पड़े भटकना ।
करो ये तैयारी ।।
सुख-सुविधा से युक्त ।
व्यवस्था हो हमारी ।।
होगा करना काम ।
हमको इस प्रकार ।।
आज जो माहौल ।
ना थे ये आसार ।।
जगहंसाई हो रही ।
रहा है पड़ना भाग ।।
पड़ जाता है ठंडा ।
जुनून और आग ।।
करो सब उत्पन्न ।
पड़े न जाना दूर ।।
समय का उपयोग ।
हो हर पल भरपूर ।।

**कृष्णेन्द्र राय**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

# उप्र को ऐसा नेतृत्व चाहिये जो राष्ट्रभक्ति से भरा हो : मोदी



मिर्जापुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश में मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी (सपा) की नेतृत्व एवं शासन क्षमताओं पर प्रश्नचिन्ह लगाते हुए कहा है कि देश और उत्तर प्रदेश को ऐसा नेतृत्व चाहिए जो राष्ट्रभक्ति के भाव से भरा हो, जो ईमानदार हो और दिन रात मेहनत करनना जानता हो।

मोदी ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवारों की एक जनसभा को संबोधित करते हुए विपक्षी दलों खासकर सपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा, इन परिवारवादियों की 'डिक्शनरी' में 'मेहनत' शब्द तो है ही नहीं। गरीब के लिए मदद पहुंचाना और गरीब की चिंता करने के लिए इनको फुर्सत ही नहीं है। ये लोग यूपी और देश को ताकतवर नहीं बना सकते।

मोदी ने कहा, उत्तर प्रदेश को लगातार ऐसा नेतृत्व चाहिए, जो राष्ट्रभक्ति की भावना से हमेशा भरा हुआ हो।

उत्तर प्रदेश को लगातार ऐसा नेतृत्व चाहिए, जो ईमानदार हो। उत्तर प्रदेश को लगातार ऐसा नेतृत्व चाहिए, जो विकास के लिए दिन-रात मेहनत करना जानता हो।

इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने कोरोना और रूस यूक्रेन युद्ध जैसी वैश्विक चुनौतियों का जिक्र करते हुए इनसे भारतीय नागरिकों को सुरक्षित बचाने के लिये भारत के प्रयासों का भी जिक्र किया। मोदी ने कहा कि इस समय पूरा विश्व इस शताब्दी के बहुत नाजुक दौर में हैं। महामारी, अशांति, अनिश्चितता इससे आज दुनिया के अनेक देश प्रभावित हो रहे हैं। संकट चाहे जितना भी गहरा हो, भारत के प्रयास उससे भी ज्यादा बड़े रहे हैं, उससे भी ज्यादा दृढ़ रहे हैं

उन्होंने कहा, कोरोना में हमारे लाखों भारतीय पूरी दुनिया में फंसे हुए थे। भारत ने 'ऑपरेशन वंदे भारत' चलाकर अपने एक-एक नागरिक को वापस आने में मदद की। अफगानिस्तान में हजारों भारतीय संकट में फंसे तो हमने 'ऑपरेशन देवी शक्ति' चलाकर अनेकों भारतीयों को वहां से सुरक्षित बाहर निकाला। मोदी ने यूक्रेन संकट का उल्लेख करते हुए कहा कि अभी यूक्रेन की स्थिति सारी दुनिया देख रही है।

उन्होंने कहा, युद्ध में फंसे अपने एक एक नागरिक को, हमारे विद्यार्थियों को वापस लाने के लिए भारत दिन रात जुटा हुआ है। 'ऑपरेशन गंगा' चलाकर हम हजारों बच्चों को यूक्रेन से सुरक्षित ला चुके हैं। जो अभी भी वहां हैं उन्हें लाने के लिए लगातार भारत के हवाई जहाज वहां से लगातार उड़ान भर रहे हैं। जिस अभियान के साथ मां गंगा का नाम जुड़ा है, मुझे विश्वास है कि वो अभियान सफल होकर ही रहेगा।

## वाराणसी में सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मोदी ने शुरु किया रोडशो

वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर शुक्रवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में रोडशो का आगाज किया। मोदी ने वाराणसी के मलदहिया स्थित चौराहे पर सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर रोडशो की शुरुआत की। वह दोपहर बाद लगभग 3:45 मिनट पर मलदहिया पहुंचे। भगवा रंग की लाल टोपी पहने मोदी जैसे ही मलदहिया चौराहे पर अपनी कार से उतरे, वहां पहले से मौजूद भारी भीड़ ने मोदी के समर्थन में नारेबाजी शुरु कर दी। सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्होंने रोडशो प्रारंभ किया। जीप में सवार होकर मोदी ने जनसमूह का अभिवादन किया। इस दौरान प्रधानमंत्री के काफिले पर भाजपा समर्थकों ने जमकर पुष्प वर्षा की। भारी भीड़ के कारण उनका काफिला धीरे धीरे आगे बढ़ रहा है। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक मोदी के रोड शो के दौरान तीन किलोमीटर से अधिक दूरी तय की जायेगी। इस दौरान मलदहिया चौराहे से शुरू हुआ रोडशो लहुराबीर,कबीर चौरा,लोहटिया, मैदागिन, नीचीबाग और चौक होते हुए काशी विश्वनाथ धाम तक जाएगा। मोदी बाबा विश्वनाथ से आशीर्वाद लेने के पश्चात सोनारपुरा-अस्सी मार्ग से होते हुए काशी हिन्दू विश्वविद्यालय सिंह द्वार स्थित पंडित मदन मोहन मालवीय की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे।

## शार्ट न्यूज

### राहुल, प्रियंका ने काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन किया

वाराणसी। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने शुक्रवार को काशी विश्वनाथ धाम में बाबा विश्वनाथ का दर्शन पूजन किया। दोनों कांग्रेस नेता गाड़ियों के एक काफिले से गोदौलिया चौराहे पर पहुंचे थे। वहां वन वे ट्रैफिक होने के कारण वे पैदल ही मंदिर परिसर पहुंचे। पूजा के बाद प्रियंका ने कहा कि वे जब भी काशी आते हैं बाबा विश्वनाथ का दर्शन करते हैं। प्रियंका ने आज संत कबीर से जुड़े स्थल कबीर चौरा में भी दर्शन पूजन किया। बाद में एक ट्वीट में प्रियंका ने कहा कि धीरे-धीरे रे मना, धीरे सब कुछ होय, माली सींचे सौ घड़ा, ॠतु आए फल होय। जिसका अर्थ है- मेहनत का फल समय आने पर ही मिलता है। काशी विश्वनाथ में दर्शन करने के बाद राहुल और प्रियंका पिंडरा विधानसभा क्षेत्र में एक चुनाव सभा को संबोधित करने के लिए रवाना हो गए। इस विधानसभा क्षेत्र से अजय राय कांग्रेसी प्रत्याशी हैं।

### बसपा का राजनीतिक अस्तित्व ख़त्म, अब वह भाजपा की 'बी टीम': राहुल

**वाराणसी।** पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) का राजनीतिक अस्तित्व समाप्त हो गया है और वह भारतीय जनता पार्टी की बी टीम बन कर रह गयी है । उन्होंने समाजवादी पार्टी पर पुलिस थानों में दखलंदाजी करने और गुंडागर्दी का आरोप भी लगाया। राहुल ने कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के साथ शुक्रवार को पिंडरा विधानसभा क्षेत्र में एक चुनाव सभा को संबोधित करते हुए कहा, उत्तर प्रदेश में पहले एक पार्टी हुआ करती थी – बसपा। अब ख़त्म हो गयी है। बसपा अब भाजपा की बी टीम बन कर रह गयी है। उन्होंने कहा, समाजवादी पार्टी को आप बखूबी जानते है। पुलिस थानों में वे क्या करते है, कैसे गुंडागर्दी करते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ही प्रदेश में बेरोजगारी और मंहगाई जैसी समस्याओं का समाधान कर सकती है। कांग्रेस को काम करना आता है, काम करवाना भी आता है। कांग्रेस नेता ने प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी के डबल इंजन सरकार के कथन का उपहास करते कहा कि वास्तव में यह अम्बानी और अडानी का डबल इंजन है। उन्होंने कहा कि भाजपा का वास्तविक हिन्दू धर्म से कोई लेना देना नहीं है । भाजपा धर्म बल्कि झूठ के आधार पर लोगों से वोट मांगती है। यूक्रेन में हजारों भारतीय छात्र फंसे हैं, उन्हें यूक्रेन से बाहर निकालने की बजाय भाजपा के लोग उन पर दोषारोपण कर रहे हैं।

### मुफ्त वैक्सीन, राशन अहसान नहीं सरकार का कर्तव्य : मायावती

लखनऊ । बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार कोरोना वैक्सीन और मुफ्त राशन वितरण को मौजूद चुनाव में भुना रही है जबकि यह सरकार की संवैधानिक जिम्मेदारी है कि वह बेसहारा लोगों की मदद करे। मायावती ने शुक्रवार को ट्वीट किया कोरोना वैक्सीन व पीड़ितों को राशन देने को यूपी में चुनावी स्वार्थ की खातिर भुनाने में लगी हुई है, जबकि यह उसकी संवैधानिक जिम्मेदारी बनती है कि वह बेसहारा बने नागरिकों की मदद करे। यह कर्तव्य है एहसान नहीं, किन्तु रोजी-रोजगार छीनकर मुफ्त राशन व टीका यह कैसी अजब राजनीति। गौरतलब है कि विधानसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण में सात मार्च को नौ जिलों की 54 सीटों के लिये मतदान होगा। शनिवार शाम इस चरण का चुनाव प्रचार खत्म हो जायेगा। इससे पहले राजनीतिक दलों के बीच आरोप प्रत्यारोप का सिलसिला चरम पर है।

### बस्ती मे सड़क हादसे मे तीन जवानो की मौत

बस्ती। उत्तर प्रदेश में बस्ती जिले के मुण्डेरवा थाना क्षेत्र में ट्रक की चपेट में आने से बोलेरो सवार केन्द्रीय सुरक्षा बल (सीआरपीएफ) के तीन जवानों की मौत हो गयी है जबकि गाड़ी चालक गम्भीर रूप से घायल हो गया है। पुलिस सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि विधानसभा चुनाव मे डयूटी करने आये केन्द्रीय सुरक्षा बल (सीआरपीएफ) की सी-112 कंपनी के जवान बीती देर रात बोलेरो गाड़ी से गोरखपुर की तरफ जा रहे थे कि खाजौला चौकी क्षेत्र मे नरियायांव गांव के समीप एक ट्रक ने बोलेरो को टक्कर मार दिया। इस हादसे में हीरालाल यादव,जय प्रकाश,हरमेन्द्र राय की मौत हो गयी है जबकि गाड़ी चालक गम्भीर रूप से घायल हो गया है। उसे इलाज के लिए चिकित्सालय मे भर्ती कराया गया है। चालक ट्रक छोड़ कर फरार हो गया।

### बदायूं में अमोनिया गैस से रिसाव में मची अफरातफरी

बदायूं। उत्तर प्रदेश में बदायूँ जिले के फैजगंज बेहटा क्षेत्र में गुरुवार देर रात एक शीतगृह में अमोनिया गैस के रिसाव के चलते अफरातफरी मच गयी। मुरादाबाद फर्रुखाबाद राजमार्ग पर दोनों तरफ से वाहनों का आवागमन बंद हो गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि ण्मुरादाबाद- फर्रुखाबाद मार्ग पर गांव परमानन्दपुर के समीप ओम कोल्ड स्टोरेज में देर शाम अमोनिया गैस लीक होने लगी जिससे पूरे क्षेत्र में अफरातफरी मच गई। कोल्ड स्टोर में काम कर रहे श्रमिक और मैकेनिक अफरा तफरी के चलते चोटिल हो गए। रिसाव के कारण मुख्य मार्ग पूरी तरह से बंद कर दिया गया। राहगीरों और मोटरसाइकिल सवारों को आंखों से आंसू निकलने एवं बदबू की शिकायतें मिलने पर क्षेत्र में दहशत फैल गयी। लोग सैकड़ों मीटर दूर भाग खड़े हुए। जिलाधिकारी श्रीमती दीपा रंजन ने बताया कि मेंटेनेंस के दौरान कोल्ड स्टोर से अमोनिया गैस का रिसाव होने लगा था जिसे स्थानीय मैकेनिक एवं बदायूं से भेजी गई टीम द्वारा देर रात में ठीक करा लिया गया है। किसी तरह से कोई भी हताहत नहीं हुआ है। प्रशासन की टीम ने तत्परता के साथ किसी बड़ी घटना होने से बचा लिया है।

### सपा सरकार आने पर अधिकारियों से चुन चुन कर लेंगे हिसाब : अब्बास अंसारी



मऊ। बांदा जेल में बंद बाहुबली विधायक मुख्तार अंसारी के पुत्र एवं समाजवादी गठबंधन प्रत्याशी अब्बास अंसारी ने अधिकारियों को धमकी देते हुये कहा है कि सपा सरकार आने पर उनसे चुन चुन कर हिसाब लिया जायेगा। मऊ सदर से सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) प्रत्याशी अब्बास अंसारी ने गुरूवार रात नगर के पहाड़पुरा मैदान में एक चुनावी जनसभा मे बाहुबली शब्द का व्याख्या करते हुये कहा जिस नेता के साथ लाखों-करोड़ों बाहों का बल हो वह बाहुबली नहीं होगा तो कौन होगा। हम हैं बाहुबली हमें इससे कोई गुरेज नही है। अगर मेरे लोगों के इज्जत, आन, बान, शान और आबरू पर कोई आंच डालने की कोशिश करेगा तो उस आंच को बुझाना हम जानते हैं। आज तक बुझाया है आगे भी बुझाएंगे, हमें कोई रोक नहीं सकता इस बात से। उन्होंने कहा जिस दिन मैं लखनऊ से आया था, उस दिन सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मिला था और लम्बी बात हुई थी। और यह कहकर आया हूं कि छह महीने तक किसी की ट्रांसफर पोस्टिंग नहीं होगी भईया। पहले जिन्होंने जिनके कैरियर बर्बाद किए हैं। जिन्होंने जिनके ऊपर मुकदमें लगाए हैं पहले उनकी तो जांच पड़ताल कर लिया जाए। अंसारी ने उपस्थित जनसमुदाय से कहा आप सब यहां बहुत परेशान हुए हैं पैसा लिया गया है छोटी-छोटी बातों के लिए। बुनकरों के उपर जुल्म करने के लिए इन्होंने साजिशें रची। पेट पर हमला किया है।फ्लैट रेट की बिजली खत्म करके डायरेक्ट पेट पर हमला किया है। उन्होंने जब यह बात कही छह महीने तक किसी की ट्रांसफर पोस्टिंग नहीं होगी भईया। जो यहां है वह यहां ही रहेगा। अपनी तरफ और विपरित दिशा में उंगली का इशारा करते हुए कहा कि पहले हिसाब किताब होगा। उसके बाद उनके जाने के सभी पेपर पर मुहर लगाया जाएगा। इस प्रकरण पर जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक सुशील चंद्रभान धुले ने बताया कि सुभासपा प्रत्याशी अब्बास अंसारी के खिलाफ चुनाव आचार संहिता के तहत सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## मोहसिन रजा के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट

लखनऊ। मारपीट के करीब 32 साल पुराने एक मामले में एमपी एमएलए कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री मोहसिन रजा के खिलाफ गुरूवार को गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। एमपी एमएलए कोर्ट के विशेष अपर न्यायिक मजिस्ट्रेट अंबरीश कुमार श्रीवास्तव ने मोहसिन रजा के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। साथ ही कोर्ट ने मोहसिन रजा की हाजिरी माफी और स्थगन अर्जी को खारिज कर दिया है। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई की तारीख पांच मार्च नियत की है । कोर्ट में सुनवाई के समय आरोपी मंत्री गैर हाजिर थे, उनकी तरफ से अधिवक्ता द्वारा हाजिरी माफी प्रार्थना पत्र के साथ स्थगन प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया । कोर्ट ने प्रार्थना पत्र को खारिज करते हुए कहा कि मामला आज बचाव पक्ष के साक्ष्य के लिए नियत है । आरोपी की ओर से बचाव सबूत प्रस्तुत न किए जाने व स्थगन प्रार्थना पत्र देने के जो कारण दिए गए हैं, वे अपर्याप्त हैं । कोर्ट में 32 वर्ष पुराने इस मारपीट के मामले में दूसरे आरोपी अकबर हुसैन उपस्थित रहे । अदालत ने बचाव साक्ष्य समाप्त करते हुए पत्रावली बहस व आरोपी मोहसिन रजा की उपस्थिति के लिये पांच मार्च को प्रस्तुत करने का आदेश दिया है। पत्रावली के अनुसार मारपीट मामले की रिपोर्ट वादी लल्लन ने 19 मई 1989 को आरोपी अरशद उर्फ मोहसिन रजा तथा अकबर हुसैन के विरुद्ध थाना वजीरगंज में दर्ज़ कराई थी। एफआईआर में कहा गया है कि वादी घटना के दिन ट्रक संख्या यूटीसी 9810 को लेकर नबीउल्लाह रोड से बड़े छत्ते पुल की तरफ जा रहा था तभी दोनों आरोपियों ने उसे ट्रक से खींचकर मारा पीटा। इससे उसे काफी चोटें आई थी।

## भारत की तरफ आंख उठा कर देखने की हिम्मत किसी में नही

जौनपुर। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कुशल नेतृत्व और कूटनीतिक सूझबूझ का नतीजा है कि आज दुनिया के किसी देश की हैसियत नहीं है कि वह भारत की तरफ आंख उठा कर देख सके ।



मल्हनी विधानसभा क्षेत्र कुद्दूपुर में पार्टी प्रत्याशी डा केपी सिंह के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित करते हुये श्री सिंह ने कहा हम किसी भी देश पर हमला नहीं करना चाहते, लेकिन जब कोई देश हमें आंख दिखाता है तो हम उसके घर में सर्जिकल स्ट्राइक कर मारना भी जानते हैं। ऐसा हमने करके दिखा भी दिया है। हम कभी भारत माता के मस्तक को झुकने नहीं देंगे।

उन्होंने कहा कि मौजूदा विधानसभा चुनाव में यह साफ हो गया है कि उत्तर प्रदेश की जनता भाजपा प्रत्याशियों को जिता कर इतिहास लिखने जा रही है। उन्होंने कहा केन्द्र की नरेन्द्र मोदी और प्रदेश की योगी सरकार ने जितनी तेजी से विकास कार्य किये हैं, उतना अन्य किसी दलों ने अब तक नहीं किया है। कुछ साल पहले तक बीमारू राज्य के तौर पर देश में पहचाना जाने वाला उत्तर प्रदेश आज विकास के मामले में मिसाल बन कर उभरा है।

रक्षामंत्री ने कहा कि जब प्रदेश में हमारी सरकार 2017 में बनी प्रदेश के विकास का आकार 12वें स्थान पर था। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इतना तेजी से विकास कार्य किया कि यूपी के विकास का आकार दूसरे स्थान पर पहुंच गया।

हम दो वर्ष के भीतर सभी घरों में नल व जल देने के साथ ही सभी को पक्का मकान देने का संकल्प पूरा करेंगे। लक्ष्मी जी हाथी, साइकिल और हाथ पर नहीं बल्कि कमल पर सवार होकर आती है। सरकार की योजनाओं के रूप में वह हर घर में मकान, नल, आयुष्मान कार्ड, किसान सम्मान निधि, महीने में दो बार राशन के रूप लक्ष्मी जी आना शुरू कर दी हैं।

सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐसा बदलाव किया है कि अब सरकार के योजनाओं का पूरा का पूरा पैसा लाभार्थी के खातों व हाथों में पहुंचता है।

उन्होंने कोरोना के महामारी में विदेशी मुल्कों की दुर्दशा बयां करते हुए कहा कि हमने वैक्सीन बनाकर न केवल सभी का मुफ्त वैक्सीनेशन किया, बल्कि दूसरे देशों को भो निर्यात करने का काम किया। उन्होंने कहा कि विश्व में भारत का सम्मान ऊँचा हुआ है।

उन्होंने कहा कि भाजपा जो कहती है वह करती है।बपाकिस्तान, अफगानिस्तान या दूसरे देशों में जो हिन्दू, सिख, ईसाई जो जिल्लत भरी जिंदगी जीते हैं, उनके लिए हमने नागरिकता कानून को बनाया। जिससे कोई भी भारत में आना चाहता है तो आ सकता है, उसे भारत की नागरिकता दी सके।

## योगी सरकार ने किया यूपी का चतुर्दिक विकास, गुंडे माफिया हुए नदारद

गाजीपुर। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार में उत्तर प्रदेश का चतुर्दिक विकास हुआ है जबकि गुंडे,अपराधी और माफिया तत्व रहम की भीख मांगते नजर आये हैं।

जखनियां विधानसभा में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुये श्री शाह ने समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तंज कसा और कहा काला चश्मा पहनने वालों को विकास नहीं, बल्कि सब काला ही दिखाई पड़ता है। उन्होने दावा किया कि उत्तर प्रदेश में 300 सीटों पर जीत दर्ज कर भाजपा फिर से सरकार बनाएगी और किसानों, युवाओं, बेरोजगारों, गरीबों से किए आने वादे पूरा करेगी।

उन्होने कहा 2017 में मैं जखनिया आया था मैंने आपसे जो जो वादा किया था। आज पुन: पांच वर्ष बाद उसका हिसाब देने आया हूं। यूपी में हमने एक करोड़ 67 लाख गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया था। अबकी दुबारा सरकार बनने के बाद होली व दीपावली पर मुफ्त गैस भी उपलब्ध कराया जाएगा। यूपी में बिजली दो चार घंटे भी नहीं रहती थी जबकि आज हर गांव में 18 से 24 घंटे बिजली उपलब्ध है। अकेले उत्तर प्रदेश में एक करोड़ 42 लाख घरों में बिजली पहुंचाई गई जो पिछले 70 वर्षों से बिजली की रोशनी से वंचित थे। दो करोड़ 52 लाख किसानों को सम्मान निधि मिलनी शुरू हो गई। उच्च शिक्षा के लिए बच्चियों को स्कूटी मिलेगी वहीं युवाओं को टेबलेट वाइज स्मार्टफोन दिया जाएगा। 2024 से पहले सभी गरीबों को पक्का मकान दिया जाएगा और सिंचाई के लिए किसानों को पांच साल तक मुफ्त बिजली दी जाएगी। हमारी कथनी-करनी में कोई अंतर नहीं होता है।

शाह ने कहा 2017 में इसी मंच से कहा था कि माफिया समाप्त करना है आज आप देख लीजिए मुख्तार, अतीक और आजम के साथ ही सभी माफिया अपनी औकात में आ गए हैं। यूपी दुनिया में सबसे अधिक दूध उत्पादन, आंवला उत्पादन, गन्ना, चीनी, हरी मटर, अदरक इत्यादि में सबसे आगे है। वही अखिलेश राज में यह प्रदेश हत्या लूट डकैती बलात्कार में सबसे आगे नजर आता था।

वर्तमान सरकार में लूट में 62 प्रतिशत,हत्या में 30 प्रतिशत, अपहरण में 29 प्रतिशत और बलात्कार में 50 प्रतिशत की कमी आई है। रही विकास की बात तो पूर्वांचल में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे, जखनिया गाजीपुर सादात रेलवे स्टेशन सुंदरीकरण, वाराणसी भटनी दोहरीकरण, नए पावर हाउस, जनपद में कुल 27 रोड 165 किलोमीटर 107 करोड़ की लागत से बने हैं। वहीं वर्तमान में 875 करोड़ की लागत से सैदपुर सादात जखनिया मरदह राष्ट्रीय राजमार्ग 124बी का काम शुरू हो चुका है।

## सैनिकों का बलिदान शब्दों में बयां नहीं हो सकता : लेफ्टिनेंट जनरल डिमरी

एजेंसी

**बरेली।** मध्य कमान सेना के अलंकरण समारोह में जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ सेंट्रल कमांड लेफ्टिनेंट जनरल योगेंद्र डिमरी ने कहा कि मातृभूमि की रक्षा करते हुए सैनिकों को खो देना बहुत दुखदाई घटना होती है। इसे किसी भी शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता है।



उन्होने कहा हमारा राष्ट्र निस्वार्थ बलिदान को हमेशा याद रखेगा और हमारे साथी युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्त्रोत भी होगें। वीरगति प्राप्त परिवारों के साथ भारतीय सेना भविष्य में उनके साथ खड़ी रहेगी। ऐसा अतीत में भी किया जाता रहा है।

शुक्रवार सुबह बरेली स्थित बख्शी परेड ग्राउंड पर आयोजित अलंकरण कार्यक्रम में लेफ्टिनेंट जनरल योगेंद्र डिमरी ने 30 वीर सैनिकों, वीर नारियों व वीर माताओं को पदक सम्मानित किया। उन्होंने कहा यह पुरस्कार बहादुरी, आत्मविश्वास, लगन, निष्ठा का बेमिसाल मिसाल है। पुरस्कार पाने वाले वीर सैनिक समाज को निश्चित तौर पर प्रेरित करते हैं। पुरस्कार विजेता का चयन एक कठिन प्रक्रिया से होता है।

उन्होंने कहा कि इन वीर सैनिकों में एक समानता है राष्ट्र सेवा। स्वास्थ्य सेवा का भाव भी रखते हैं। हमारे पुरस्कार विजेता युवा पीढ़ी के लिए आदर्श और प्रेरणा स्त्रोत है।

उन्होंने कहा सभी परिचित हैं कि भारतीय सेना के लिए बीता वर्ष काफी चुनौती भरा रहा है। विभिन्न कठिन क्षेत्रों में कार्यरत बहादुर सैनिकों ने इसका सामना करते हुए सीमाओं को सुरक्षित करते हुए बेहतर प्रदर्शन किया है। कोविड-19 कार्यकाल में भी भारतीय सेना ने अनुकरणीय कार्य किया है।

बहादुर सैनिकों के सम्मान में जेआरसी मैदान पर अलंकरण समारोह में मध्य कमान के सेनाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल योगेन्द्र डिमरी ने जांबाज सैनिकों को नौ सेना मेडल, तीन बार टू सेना मेडल और 11 विशिष्ट सेना मेडल दिए गए। इसके अलावा प्रशस्ति पत्र और अन्य ट्राफियां और पुरस्कार भी दिए गए।

इस अलंकरण समारोह में भारतीय सेना का एक एएलएच हेलीकॉप्टर और दो चीता हेलीकॉप्टरों से फ्लाई पास्ट का आयोजन कराया गया। इसके बाद सेना के तीन हेलीकॉप्टर से वीर जवानों, मार्च पास्ट और आयोजन स्थल पर पुष्प वर्षा की गई। कार्यक्रम स्थल पर आसमान में सुखोई विमान भी गुजारा गया।

## राजा जी टाइगर रिजर्व पार्क को है बफर जोन का इंतजार

सहारनपुर। उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले में शिवालिक वन प्रभाग में राजा जी टाइगर रिजर्व पार्क के बफर जोन के प्रस्ताव को डेढ़ वर्ष बीतने के बाद भी सरकार की मंजूर नहीं मिल सकी है।

वन संरक्षक वीरेंद्र कुमार जैन के कार्यकाल के दौरान तत्कालीन आयुक्त सहारनपुर मंडल संजय कुमार के द्वारा शासन को प्रस्ताव भेजा गया था। इसके अनुसार शिवालिक वन प्रभाग में अनाधिकृत रूप से जो वन गुर्जर वगैरहा रह रहे हैं उनको बेदखल करके इस पूरे क्षेत्र को वन्य जीवों के लिए सुरक्षित क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाना था। प्रभारी जिला वन अधिकारी शिवालिक वन प्रभाग श्वेता सैन ने बताया कि इन दिनों वन्य जीवों की



गणना का काम चल रहा है। 33 हजार 229 हेक्टेयर के शिवालिक वन प्रभाग में 7303 वन्य जीव रह रहे हैं। इनमें 45 तेंदुए, चार बारासिंघहा, 22 हाथी, 121 सियार, 356 सांभर, 1869 बंदर, 1164 लंगूर आदि वन्य जीवों का आश्रय स्थल है।

डेढ़ वर्ष पूर्व वन विभाग के अफसरों और तत्कालीन कमिश्नर वर्तमान में वित्त सचिव संजय कुमार ने वन्य जीवों को उनके रहने और विचरण करने को सुरक्षा प्रदान करने की खातिर बफर जोन बनाने का प्रस्ताव शासन को भेजा था।

राजा जी टाइगर रिजर्व पार्क, राजा जी नेशनल पार्क का हिस्सा है। इस पूरे क्षेत्र में टाइगर और तेंदुए रहते हैं और स्थान छोटा पड़ने के कारण वन्य जीव जान-अनजाने आबादियों में घुस जाते हैं। जिससे उनके जीवन को खतरा पैदा हो जाता है और कई बार वन्य जीव ग्रामीणों को अपना शिकार भी बना लेते हैं।

दो रोज पहले नानौता क्षेत्र में एक मादा हिरण गांव बकडौली कमालपुर की बस्ती में पहुंचकर एक मकान में घुस गई।

क्षेत्रीय वनाधिकारी विपिन सहगल ने पशु चिकित्सक डा. प्रियंका शर्मा की मदद से इस घायल हिरण का उपचार कराया। इसी तरह आए दिन वन्य जीवों के राष्ट्रीय राजमार्गों पर अचानक चले आने से वाहन से दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं और कई बार वन्य जीवों को अपनी जान भी गंवानी पड़ जाती है।

## अब्बास अंसारी के धमकी भरे बयान पर मामला दर्ज

**मऊ।** उत्तर प्रदेश की बांदा जेल में बंद बाहुबली विधायक मुख्तार अंसारी के पुत्र एवं विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी (सपा) गठबंधन के मऊ सीट से प्रत्याशी अब्बास अंसारी के धमकी भरे कथित बयान पर संज्ञान लेते हुए प्रशासन ने सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

अंसारी के एक वायरल वीडियो में जनसभा के दौरान अधिकारियों को धमकी देते हुये सुना जा सकता है कि सपा सरकार आने पर मऊ में तैनात अधिकारियों से चुन चुन कर हिसाब लिया जायेगा।

मऊ सदर से सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) प्रत्याशी अब्बास अंसारी ने गुरूवार रात नगर के पहाड़पुरा मैदान में एक चुनावी जनसभा मे 'बाहुबली' शब्द की व्याख्या करते हुये कहा जिस नेता के साथ लाखों-करोड़ों बाहों का बल हो वह बाहुबली नहीं होगा तो कौन होगा। हम हैं बाहुबली हमें इससे कोई गुरेज नही है। अगर मेरे लोगों के इज्जत, आन, बान, शान और आबरू पर कोई आंच डालने की कोशिश करेगा तो उस आंच को बुझाना हम जानते हैं। आज तक बुझाया है आगे भी बुझाएंगे, हमें कोई रोक नहीं सकता इस बात से।

मऊ के पुलिस अधीक्षक सुशील चंद्रभान धुले की ओर से शुक्रवार को जारी बयान में यह जानकारी दी गयी है। उन्होंने कहा कि प्रत्याशी अब्बास अंसारी के वायरल वीडियो पर संज्ञान लेते हुये चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मऊ कोतवाली थाने में भारतीय दंड संहिता का सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर मऊ सदर विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफीसर को अग्रिम कार्रवाई हेतु रिपोर्ट प्रेषित कर दी गयी है।

गौरतलब है कि अंसारी इस वीडियो में कहते दिख रहे हैं कि जिस दिन मैं लखनऊ से आया था, उस दिन सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मिला था और लम्बी बात हुई थी। और यह कहकर आया हूं कि छह महीने तक किसी की ट्रांसफर पोस्टिंग नहीं होगी भईया। पहले जिन्होंने जिनके कैरियर बर्बाद किए हैं, जिन्होंने जिनके ऊपर मुकदमे लगाए हैं, पहले उनकी तो जांच पड़ताल कर लिया जाए।

## मोदी किसी भी भारतीय को यूक्रेन में असुरक्षित नहीं छोड़ेंगे : हेमामालिनी

मथुरा। मशहूर सिने अभिनेत्री एवं मथुरा की सांसद हेमामालिनी ने कहा कि केन्द्र सरकार यूक्रेन में फंसे भारतीयों को सुरक्षित वापस लाने के लिये कृतसंकल्पित है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी किसी भी भारतीय को युद्धग्रस्त देश में असुरक्षित नहीं छोड़ेंगे।

हेमा ने गुरूवार को कहा कि विश्व के बडे बड़े देशों ने यूक्रेन में फंसे अपने नागरिकों को असुरक्षित छोड़ दिया है वहीं भारत सरकार अपने छात्रों को सुरक्षित वापस लाने में जुटी हुई है जो वास्तव में एक सराहनीय कदम है। सिने तारिका ने कहा मुझे भारत पर गर्व है और प्रधानमंत्री मोदी यूक्रेन से देश के नागरिकों को सुरक्षित लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसके लिए केन्द्र सरकार के मंत्रियों ज्योतिरआदित्य सिंधिया, रिटायर्ड जनरल वी के सिंह, किरण रिजिजू एवं हरदीप सिंह पुरी को यूक्रेन में फंसे भारतीयों को सुरक्षित लाने के लिए भेजा गया है जो यह बताता है कि मोदी किसी भारतीय को असुरक्षित नही छोड़ेंगे। कर्नाटक निवासी एक छात्र की यूक्रेन में हुयी मृत्यु पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए मालिनी ने कहा कि उनकी परिवार के प्रति हृदय के गहरे भावों के साथ संवेदना है।

वे यही प्रार्थना करती हैं कि हर भारतीय सुरक्षित जल्दी ही भारत लौट आए।

## शार्ट न्यूज

### बीकेटी ने अभिनेता रणवीर सिंह को बनाया ब्रांड एम्बेसेडर

मुंबई। टायर बनाने वाली कंपनी बालकृष्ण इंडस्ट्रीज लिमिटेड (बीकेटी) ने अभिनेता रणवीर सिंह को अपना ब्रांड एम्बेसेडर बनाया है। कंपनी के संयुक्त प्रबंध निदेशक राजीव पोद्दार ने यहां जारी बयान में कहा, हमें यूथ आइकन रणवीर सिंह को अपने ब्रांड के साथ जोड़ने की घोषणा कर बहुत खुशी हो रही है। उन्होंने अपनी कड़ी मेहनत और उत्कृष्टता के साथ खुद को कैटेगरी लीडर के रूप में स्थापित किया है, और यह बात उन्हें हमारे ब्रांड के लिये परफेक्ट विकल्प बनाती है। बीकेटी और रणवीर सिंह दोनों को उनकी विविधता और सोच में अनूठेपन के दृष्टिकोण की वजह से ही लीक से हटकर माना जाता है और इन गुणों के आधार पर यह साझेदारी करने के लिये हम उत्साहित हैं। हमें पूरा विश्वास है कि रणवीर समूचे भारत में हमारी अनूठी पेशकश के बारे में जागरूकता फैलाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे। हम आने वाले कई सालों के लिए उनके साथ एक सफल साझेदारी जारी रखने की उम ?मीद करते हैं। बीकेटी टायर्स के ब्रांड एम्बेसडर के रूप में अपनी नई भूमिका के बारे में रणवीर सिंह कहते हैं, मुझे बीकेटी टायर्स के उनके मूल वाक्य 'ग्रोइंग टुगेदर' का प्रतिनिधित्व करते हुए खुशी हो रही है। ग्रोईंग टुगेदर में एक उज्जवल, बेहतर भविष्य के लिए विकसित होने एवं आगे बढ़ने के जोश को अपनाया गया है और इस बात ने मुझे काफी मजबूती से प्रेरित किया। मैं बीकेटी की दुनिया और इसके मूल्यों के साथ जुड़कर बहुत प्रसन्न हूं।

### क्रिकेटर मिताली राज बनीं ऊषा इंटरनेशनल की ब्रांड एंबेसेडर

नयी दिल्ली। ऊषा इंटरनेशनल ने आज भारतीय महिला क्रिकेटर मिताली राज को अपनी सभी श्रेणी के उत्पादों के लिये ब्रांड एंबेसेडर बनाने की घोषणा की है। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि मिताली एक बेहतरीन बल्लेबाज होने के साथ ही वर्तमान में भारतीय महिलाओं की राष्ट्रीय क्रिकेट टेस्ट एवं ओडीआई टीम की कप्तान हैं। अपने दो दशकों से भी अधिक के कॅरियर में मिताली ने कई रिकॉर्ड बनाये हैं। वह महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी हैं। इसके साथ ही उन्हें विडसन लीडिंग वूमेन क्रिकेटर इन द वर्ल्ड (2017), अर्जुन अवार्ड (2003), पद्मश्री पुरस्कार (2015) और मेजर ध्यानचंद खेल रत्न (2021) सहित गई पुरस्कारों से नवाजा जा चुका है। ब्रांड के साथ उनका यह सहयोग ऊषा के 'प्ले' लोकाचार से बिल्कुल सटीक मेल खाता है, जिसका उद्देश्य दर्शकों के बीच एक सक्रिय एवं स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना है।

### वाइडएक्स का दिल्ली में विस्तार

नयी दिल्ली। सुनने से संबंधित हर तरह की समस्याओं का समाधान उपलब्ध कराने वाली कंपनी वाइडएक्स का दिल्ली में विस्तार करते हुये आंनद आनंद हियरिंग साउंड सेंटर का शुभारंभ किया गया है। कम सुनने वालों को दूसरों की आवाज़ सुनने का अनुभव प्रदान करने के अपने मिशन पर आगे बढ़ते हुए वाइडएक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ अविनाश पवार तथा पूर्व टेस्ट क्रिकेटर एवं साउंड पार्टनर पद्मश्री सैयद किरमानी ने आज इस उद्योग की प्रमुख हस्ती टी एस आनंद और आनंद हियरिंग साउंड सेंटर के कार्यकारी निदेशक अनूप आनंद के सहयोग से अपनी तरह के पहले आनंद हियरिंग साउंड सेंटर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर श्री पवार ने कहा, आनंद हियरिंग साउंड सेंटर विश्व स्तरीय सुविधाओं वाला केंद्र है, जो सुनने की समस्या से पीड़ित हर उम्र के लोगों की जरूरतों को पूरा कर सकता है। इस केंद्र में एक साउंड स्टेशन और एक्सेसरीज़ लाउंज की व्यवस्था की गई है, जिससे उपयोगकर्ता बिना किसी रुकावट के बेहतरीन कनेक्टिविटी और स्पष्ट तरीके से आवाज़ सुनने का अनुभव प्राप्त कर सकते हैं। दरअसल यहां मरीजों को हियरिंग एड खरीदने से पहले उसे अच्छी तरह परखने का मौका मिलता है। साथ ही यहाँ देखभाल करने वाले लोग काफी अनुभवी होते हैं, जो मोमेंट हियरिंग एड से सुनाई देने वाली कुदरती आवाज़ तथा बाजार में उपलब्ध दूसरे हियरिंग एड से सुनाई देने वाली आवाज़ के बीच के अंतर को महसूस करा सकते हैं।

### तीन वर्ष बाद हुयी इस्पात मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति की बैठक

नयी दिल्ली। केंद्रीय इस्पात मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन तीन साल की अवधि के बाद हुआ। यह बैठक गुरुवार को केंद्रीय इस्पात मंत्री राम चंद्र प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में तमिलनाडु के मदुरै में हुयी जिसमें इस्पात और ग्रामीण विकास राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते भी शामिल हुए थे। इस्पात मंत्रालय द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार, समिति ने हिंदी की प्रगति की विस्तार से समीक्षा करते हुए आधिकारिक कार्यों में हिंदी के प्रगतिशील प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए मंत्रालय द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। इस्पात मंत्री श्री सिंह ने मंत्रालय और उसके उपक्रमों में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए सदस्यों द्वारा दिए गए सुझावों का स्वागत किया। उन्होंने सदस्यों को उनके रचनात्मक सुझावों पर उचित और त्वरित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर श्री सिंह ने राजभाषा के प्रयोग में उत्कृष्ट कार्य करने वाले उपक्रमों को वर्ष 2018-19, 2019-20 और 2020-21 के लिए इस्पात राजभाषा सम्मान पुरस्कार और प्रशस्ति प्रमाण-पत्र प्रदान किए।

### विदेशी मुद्रा भंडार 1.42 अरब डॉलर घटकर 631.52 अरब डॉलर पर

मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 25 फरवरी को समाप्त सप्ताह में 1.42 अरब डॉलर घटकर 631.52 अरब डॉलर पर आ गया जबकि इससे पिछले सप्ताह में यह 2.76 अरब डॉलर बढ़कर 632.95 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से आज जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 25 फरवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 2.22 अरब डॉलर घटकर 564.83 अरब डॉलर पर रहा। वहीं, इस दौरान स्वर्ण भंडार 95.80 करोड़ डॉलर बढ़कर 42.46 अरब डॉलर पर पहुंच गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 1.22 करोड़ डॉलर घटकर 19.04 अरब डॉलर पर और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि 3.4 करोड़ डॉलर घटकर 5.18 अरब डॉलर रह गई।

### उद्योगपति महिन्द्र शर्मा होंगे हिमाचल रत्न पुरस्कार से सम्मानित करेंगे

नयी दिल्ली। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर प्रदेश के प्रमुख उद्योगपति एवं दानवीर महिन्द्र शर्मा को समाज में उनके सकारात्मक योगदान ,गरीबों की मदद और अनेक चैरिटेबल कार्यों के लिए उन्हें हिमाचल रत्न 2022 पुरस्कार से सम्मानित करेंगे। शर्मा को आगामी 25 मार्च को शिमला में आयोजित एक समारोह में इससे सम्मानित किया जायेगा। 61 वर्षीय श्री शर्मा बढेड़ा राजपूताना से सम्बन्ध रखते हैं। वह नई दिल्ली के इस्कॉन मन्दिर की नवीकरण /पुनरुद्धार समिति के उपाध्यक्ष भी हैं और यमुना नदी के पुनर्रुद्धान के लिए गठित हरी यमुना समिति के उपाध्यक्ष भी हैं। उनकी गणना देश के प्रमुख दानवीर उद्योगपतियों में की जाती है। उनकी कंपनी देश भर में राष्ट्रीय महत्व की इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण ,होटल , फूड प्रोसेसिंग , शिक्षा , रियल एस्टेट की अनेक परियोजनाओं का निर्माण कर रही हैं। उत्तराखंड सरकार द्वारा उन्हें हिन्दू धार्मिक मामलों में विशेष रूचि रखने वाले दानदाताओं की श्रेणी में प्रतिष्ठित श्री बद्रीनाथ एवं श्री केदारनाथ मंदिर समिति में नामित किया है।

### ऑडी ने भारत में कारों के दाम बढ़ाए

**मुंबई।** जर्मन लग्जरी कार विनिर्माता ऑडी ने गुरुवार को भारत में अपने कारों के सभी मॉडलों के दामों में 03 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की घोषणा की है। कंपनी ने यह फैसला बढ़ते हुए लागत खर्च के कारण किया है, जो 01 अप्रैल 2022 से लागू होंगे। ऑडी इंडिया के मुख्य बलबीर सिंह ढिल्लों ने कहा ऑडी इंडिया में, हम एक स्थायी व्यापार प्रणाली के संचालन के लिए प्रतिबद्ध हैं। लागत खर्च के बढ़ने और विदेशी मुद्रा में बदलाव से हमें अपने सभी मॉडलों में 3त्न तक की कीमतों में बढ़ोतरी करने की आवश्यकता है।

# सरकार की प्रौद्योगिकी में एनआईसी की महत्ती भूमिका : चंद्रशेखर

**नयी दिल्ली।** इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा है कि सरकार और शासन में प्रौद्योगिकी का निरूपण करने में एनआईसी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है और सरकार के लिये प्रौद्योगिकी की भावी योजना को ध्यान में रखना एनआईसी के डीएनए में है। चंद्रशेखर ने राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) के टेक-कॉन्क्लेव 2022 का शुभारंभ करते हुये यह बात कही। इसकी विषयवस्तु नेक्स्ट जेन टेक्नोलॉजीस फॉर डिजिटल गवर्नमेंट( डिजिटल सरकार के लिये अगली पीढ़ी की प्रौद्योगिकियां) है।

इस मौके पर इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी सचिव के राजारमण ने अपने नवोन्मेषी उत्पादों के लिये एनआईसी को बधाई दी और कहा कि सम्मेलन में देशवाशियों के लिये काम करने के नये-नये तरीके बनाने तथा नई-नई चीजों को लाने का अवसर मिलेगा। उन्होंने एनआईसी के परिवर्तनशील प्रमुख उत्पाद ई-ऑफिस के लिये एनआईसी दल को बधाई दी। एनआईसी की महानिदेशक



डॉ. नीता वर्मा ने कहा कि डिजिटल इंडिया कार्यक्रम का प्रधानमंत्री ने शुभारंभ किया था, जिसने देश के डिजिटल ताने-बाने को बदल दिया है। ब्राडबैंड नेटवर्क, मोबाइल एप्प, डिजिटल भुगतान, क्लाउड अवसंरचना तथा जीवन्त स्टार्ट-अप इको-सिस्टम हमारे चारों तरफ प्रौद्योगिकी सक्षम नवोन्मेष को प्रोत्साहन दे रहा है। एनआईसी में आजादी का अमृत महोत्सव मनाये जाने के क्रम में इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री ने '75 डिजिटल सॉल्यूशंस फ्रॉम एनआईसी' नामक ई-बुक जारी की।

इस ई-बुक में विभिन्न सरकारी योजनाओं और पहलों से प्राप्त होने वाले लाभों को रेखांकित किया गया। ये लाभ नागरिकों, व्यापार तथा सरकार के लिये एनआईसी द्वारा विकसित प्रौद्योगिकी आधारित समाधानों की मदद से डिजिटल परिवर्तन के जरिये प्राप्त हुये हैं।

चंद्रशेखर ने एनआईसी की महानिदेशक डॉ. नीता वर्मा द्वारा संपादित सिटिजन एमपावरमेंट थ्रू डिजिटल ट्रांस्फार्मेशन इन गवर्नमेंट नामक पुस्तक का भी विमोचन किया। इस पुस्तक में विभिन्न सेक्टरों में प्रौद्योगिकी आधारित बदलाव और उनके क्रमिक विकास को देशभर में डिजिटल अवसंचरना तथा सेवाओं से जुड़े एनआईसी अधिकारियों की नजरों से देखा गया है।

# रूस यूक्रेन संकट से तीसरे दिन गिरे शेयर बाजार

**बीएसई में कुल मिलाकर 3457 कंपनियों में कारोबार हुआ जिसमें से 2126 गिरावट में और 1228 बढ़त में रहे**

मुंबई। रूस और यूक्रेन के बीच जारी जंग से वैश्विक स्तर पर हुयी भारी बिकवाली का असर घरेलू बाजार पर भी दिखा जहां चौतरफा बिकवाली से शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन गिरावट लेकर बंद हुये।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 768.87 अंक गिरकर 54333.81 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 252.70 अंक गिरकर 16245.35 अंक पर रहा। इस दौरान छोटी और मझौली कंपनियों में भी बिकवाली हुयी जिससे बीएसई का मिडकैप 2.36 प्रतिशत टूटकर 22618.58 अंक पर और स्मॉलकैप 1.64 प्रतिशत उतरकर 26286.66 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई के सभी समूहों में बिकवाली रही जिससे ऑटो में सबसे अधिक 3.40 प्रतिशत और आईटी में 0.02 प्रतिशत की गिरावट रही। बीएसई में कुल मिलाकर 3457 कंपनियों में कारोबार हुआ जिसमें से 2126 गिरावट में और 1228 बढ़त में रहे जबकि 103 में कोई बदलाव नहीं



हुआ। वैश्विक स्तर पर सभी प्रमुख सूचकांक लाल निशान में दिखे। ब्रिटेन का एफटीएसई 2.98 प्रतिशत, जर्मनी का डेक्स 3.17 प्रतिशत, जापान का निक्केई 2.23 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 2.50 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.96 प्रतिशत की गिरावट में रहा।

बीएसई का सेंसेक्स 460 अंकों की गिरावट लेकर 54653.59 अंक पर खुला। सत्र के दौरान यह 55013.27 अंक के उच्चतम स्तर तक चढ़ा लेकिन बिकवाली के कारण यह 53887.72 अंक के निचले स्तर तक उतरा। अंत में यह पिछले दिवस के 55102.68 अंक की तुलना में 768.87 अंक अर्थात 1.40 प्रतिशत टूटकर 54333.81 अंक पर रहा।

एनएसई का निफ्टी 159 अंकों की गिरावट लेकर 16339.45 अंक पर खुला। सत्र के दौरान यह 16133.80 अंक के निचले और 16456 अंक के उच्चतम स्तर के बीच रहा। अंत में यह पिछले दिवस के 16498.05 अंक की तुलना में 1.53 प्रतिशत अर्थात 252.70 अंक गिरकर 16245.35 अंक पर रहा। निफ्टी में शामिल 50 कंपनियों में से 40 लाल निशान में और 10 हरे निशान में रही।

सेंसेक्स में गिरावट में रहने वालों में टाइटन 5.05 प्रतिशत, मारूति 4.66 प्रतिशत, एशियन पेंट्स 4.61 प्रतिशत, महिंद्रा 3.90 प्रतिशत, हिन्दुस्तान यूनिलीवर 3.43 प्रतिशत, बजाज फाइनेंस 3.09 प्रतिशत, एक्सिस बैंक 3.07 प्रतिशत, एयरटेल 2.80 प्रतिशत, एचडीएफसी 2.42 प्रतिशत,बजाज फिनसर्व 2.37 प्रतिशत,एल टी 2.30 प्रतिशत, रिलायंस 2.22 प्रतिशत, टाटा स्टील 1.98 प्रतिशत, कोटक बैंक 1.94 प्रतिशत, आईसीआईसीआई बैंक 1.45 प्रतिशत, पावरग्रिड 1.35 प्रतिशत, एनटीपीसी 1.21 प्रतिशत, स्टेट बैंक 1.14 प्रतिशत, इंड्सइंड बैंक 1.07 प्रतिशत, टीसीएस 0.54 प्रतिशत, नेस्ले इंडिया 0.34 प्रतिशत, एचडीएफसी बैंक 0.27 प्रतिशत और एचसीएलटेक 0.15 प्रतिशत शामिल है।

बढ़त में रहने वालों में डॉ रेड्डीज 2.95 प्रतिशत, आईटीसी 2.78 प्रतिशत, टेक महिंद्रा 1.84 प्रतिशत, अल्ट्राटेक सीमेंट 1.14 प्रतिशत, सन फार्मा 1.08 प्रतिशत, विप्रो 0.96 प्रतिशत और इंफोसिस 0.17 प्रतिशत शामिल है।

# एनपीए दूर होने के बाद अब बैंक कर्ज देने को तैयार हैं : राजीव कुमार

नयी दिल्ली। नीति आयोग के उपाध्यक्ष राजीव कुमार ने कहा है कि सरकार के पिछले दो साल के फैसलों से भारतीय अर्थव्यवस्था को बल मिला है और अब यह उतार-चढ़ाव के दौर से निकलकर आगे ठोस वृद्धि की राह पर प्रगति करेगी। उन्होंने कहा कि महामारी के दौर में भारतीय कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर 3 प्रतिशत से ऊपर रही और अब संकेत है कि मांग बढ़ने से विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियां भी बढ़ रही हैं। कुमार ने कहा, विनिर्माण क्षेत्र में स्थापित क्षमता का उपयोग इस समय करीब 60 प्रतिशत के स्तर पर है, आनेवाले समय में क्षमता का पूरा उपयोग हो रहा होगा। अब इस तरह के पूरे संकेत है कि बैंक भी कर्ज देने को तैयार हैं। आप किसी बैंक से बात करें, उनका लेखा-जोखा पहले से काफी अच्छा हो गया है। उनके एनपीए (अवरूद्ध ऋण) खत्म हो गए हैं। उन्होंने कहा कि सेवा क्षेत्र में सॉफ्टवेयर सेवाओं का निर्यात बढ़ रहा है, लेकिन पर्यटन के क्षेत्र में सुधार आने में अभी समय लगेगा। नीति आयोग के उपाध्यक्ष ने कहा, कुल मिलाकर, मुझे लगता है कि आगे आने वाले समय में अर्थव्यवस्था ठोस वृद्धि की राह पर होगी। ऐसा इसलिए भी है क्योंकि पिछले दो साल में किए गए निर्णयों के दमपर हम अब उतार-चढ़ाव के दौर से आगे निकल चुके हैं। उन्होंने कतिपय अर्थशास्त्रियों और नीतियों का विश्लेषण करने वाले विशेषज्ञों के इस मत को खारिज किया, कि सरकार ने मांग बढ़ाने के लिए कोई पर्याप्त कदम नहीं उठाए हैं और जनता को नगद धन का समर्थन नहीं दिया है। श्री कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना के तहत किसानों के खाते में धन का स्तांतरण तो हो ही रहा है। कुमार ने कहा, मुझे लगता है कि पीएम-किसान के तहत किसानों के खाते में 72,000 करोड़ रुपए डाले जा चुके हैं। जो लोग अलोचना कर रहे हैं, वे इस बात कि चर्चा तक नहीं करते। भारत में 25 करोड़ परिवार हैं उनमें पीएम किसान की सहायता पाने वाले परिवार 11-12 करोड़ के बीच हैं। उन्होंने इस बात का भी उल्लेख किया कि जो लोग सचमुच वंचित वर्ग के हैं, उन्हें प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत मुफ्त राशन दिया जा रहा है।

# सेवा क्षेत्र में तेजी के संकेत, फरवरी में पीएमई 51.8 पहुंचा

**नयी दिल्ली।** भारत का सेवा क्षेत्र का पर्चेजिंग मैनेजर्स सूचकांक (सर्विस पीएमआई) बड़ी बुकिंग, मांग में सुधार और कोविड-19 का असर कम होने से फरवरी 2022 में सुधरकर 51.8 अंक हो गया, जो जनवरी में 51.5 अंक था। हालांकि, सूचकांक में परंपरागत दृष्टि से यह वृद्धि कुछ कम है। आईएचएस मार्किट के इस मासिक सर्वेक्षण में कुछ प्रतिभागियों ने कहा कि प्रतिस्पर्धी दबाव, कोविड -19 और उच्च कीमतों में वृद्धि से सेवा क्षेत्र में वृद्धि प्रभावित हुयी है। आईएचएस मार्किट द्वारा शुक्रवार को जारी सर्वेक्षण रिपोर्ट में कहा गया है, पीएमआई जनवरी में 51.5 अंकों से फरवरी में 51.8 अंक हो गया है। यह भारत के सेवा कारोबार क्षेत्र की गतिविधियों में कुल मिलाकर सुधार का संकेत देता है। जनवरी के मुकाबले फरवरी में इस क्षेत्र की गतिविधियों में सुधार दिखता है।

# हीरो मोटोकॉर्प ने नए विडा ब्रांड की घोषणा की

**नयी दिल्ली।** मोटरसाईकिल और स्कूटर्स बनाने वाली देश की प्रमुख कंपनी हीरो मोटोकॉर्प ने विद्युत वाहनों के कारोबार के लिए शुक्रवार को एक नया ब्रांड विडा प्रस्तुत किया। इसके साथ ही कंपनी ने स्वच्छ वृद्धि के लिए 10 करोड़ डॉलर (करीब 750 करोड़ रुपए) का कोष बनाने की घोषणा की। इस कोष से वह पर्यावरण, समाजिक और कंपनी सुसंचालन (ईसीजी) के मुद्दों को केंद्र में रखकर 10,000 उद्यमियों के विकास में मदद करेगी। कंपनी ने शुक्रवार को एक बयान में



कहा कि विदा ब्रांड के तहत वह वाहनों के क्षेत्र में नए उभरते समाधान पेश करेगी। जिसमें पहला समाधान विद्युत वाहन होगा।

बयान में यह भी बताया गया कि ईएसजी पर केंद्रित उद्यमी विकास कोष बीएमएल मुंजाल विश्वविद्यालय (बीएमयू) और हीरो मोटोकॉर्प के नेतृत्व में बनाया जाएगा और इसके तहत वैश्विक स्तर पर भागीदारियां स्थापित की जाएंगी। इसका उद्देश्य ईएसजी संबंधित समाधानों पर 10,000 से अधिक उद्यमी तैयार करना है।

हीरो मोटोकॉर्प नया ब्रांड विडा कंपनी के पूर्व चेयरमैन बृजमोहन लाल मुंजाल की जयंती पर आगामी एक जुलाई को औपचारिक रूप से जारी करेगी। कंपनी के चेयरमैन और मुख्य कार्यपालक पवन मुंजाल ने कहा विडा का अर्थ है जीवन और इस ब्रांड का मुख्य उद्देश्य दुनिया पर अनुकुल प्रभाव छोड़ना है।

आशय 17 सप्ताह बाद हम विडा प्लेटफॉर्म, उत्पाद और सेवाएं प्रस्तुत करेंगे ताकि दुनिया को बेहतर बनाया जा सके।

विडा के तहत बेचे जाने वाले वाहन कंपनी के चित्तुर कारखाने में बनाए जाएंगे। यह वाहन इसी वर्ष ग्राहकों को मिलने शुरू हो जाएंगे।

# स्टैनप्लस और ईवन की आपातकालीन चिकित्सा परिवहन सेवाओं के लिए साझेदारी

**बेंगलुरू।** स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी (हेल्थटेक) कंपनी और स्वास्थ्य सेवा प्रदाता, ईवन तथा इमरजेंसी मेडिकल रेस्पॉन्स कंपनी स्टैनप्लस ने आज आपातकालीन चिकित्सा परिवहन सेवाएं प्रदान करने के लिए साझेदारी की घोषणा की।

स्टैनप्लस और ईवन यह सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करेंगे कि मरीजों की 24 घंटे 7 दिन, असीमित और अखिल भारतीय इमरजेंसी एम्बुलेंस सेवाओं तक पहुंच हो। इसमें सड़क और हवाई एम्बुलेंस परिवहन और डॉक्टर ऑन कॉल शामिल हैं।

कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि बाधामुक्त अनुभव सुनिश्चित करने के लिए एक समर्पित इमरजेंसी नंबर - 1800-121-3882 स्थापित किया गया है। कॉल करने पर कॉल सेंटर कॉल उठाएगा और एक ओटीपी जेनरेट करके ऑनलाइन सत्यापन करेगा।

इसके लिए एक सहयोगी कॉलर से ईवन को अपना पंजीकृत मोबाइल नंबर देने का अनुरोध करेगा। ओटीपी से पुष्टि के बाद, सहयोगी ओपीडी यूआरएल का उपयोग करके सदस्य को सत्यापित करेगा।

ईवन सब्सक्रिप्शन-बेस्ड हेल्थकेयर सेवा प्रदाता है जो अपने सदस्यों को उच्च गुणवत्ता वाली और पहुंच योग्य प्राथमिक देखभाल देने पर केंद्रित है। इसकी असीमित ओपीडी सेवाएं (डॉक्टर से कंसलटेशन और निदान) एक अनूठा प्रस्ताव है जो निवारक देखभाल को अपने सदस्यों के लिए अधिक सुलभ बना देगा।

स्टैनप्लस के साथ साझेदारी अपने सदस्यों के लिए समग्र स्वास्थ्य सेवा प्रदाता बनने के लिए ईवन के रणनीतिक दृष्टिकोण का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। ईवन ने पिछले महीने बेंगलुरु में अपना सदस्यता उत्पाद भी लॉन्च किया।

हेल्थ-टेक कंपनी ने बेंगलुरु में नारायण हेल्थ, फोर्टिस हॉस्पिटल्स और एस्टर डीएम हेल्थकेयर सहित प्रमुख अस्पताल श्रृंखलाओं के साथ भागीदारी की है। ईवन ने हाल ही में सीड फंडिंग में 50 लाख डॉलर की राशि जुटाई।

# 120वें दिन भी स्थिर रहे पेट्रोल और डीजल के दाम, अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेजी

**नयी दिल्ली।** रूस यूक्रेन संकट से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में लगातार चल रहे उतार-चढ़ाव बावजूद घरेलू स्तर पर आज लगातार 120वें दिन भी पेट्रोल और डीजल के दाम स्थिर रहे। कच्चे तेल की कीमतों में उछाल रूस यूक्रेन संकट के बाद ही शुरू हो गया था। जो 110 बैरल प्रति डॉलर की कीमत को पार कर चुका है।

केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में क्रमशः पांच और 10 रुपये घटाने की घोषणा के बाद 04 नवंबर 2021 को ईंधन की कीमतों में तेजी से कमी आई थी। इसके बाद राज्य सरकार के मूल्य वर्धित कर



(वैट) कम करने के फैसले के बाद राजधानी दिल्ली में भी वैट को कम करने का निर्णय लिया गया। इसके बाद राजधानी में 02 दिसंबर 2021 को पेट्रोल लगभग आठ रुपये सस्ता हुआ था। डीजल की भी कीमतें हालांकि जस की तस बनी रहीं।

केंद्र द्वारा उत्पाद शुल्क में कटौती के बाद अधिकांश राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों ने भी पेट्रोल और डीजल पर मूल्य वर्धित कर (वैट) कम कर दिया था, जिससे आम आदमी को काफी राहत मिली थी।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर न्यूयार्क में ब्रेंट क्रूड में कीमत 0.94 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 111.50 डॉलर प्रति बैरल पर थी, जबकि अमेरिकी क्रूड 1.23 प्रतिशत बढ़कर 108.99 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गया था।

पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की नित्य प्रतिदिन समीक्षा होती है और उसके आधार पर प्रतिदिन सुबह छह बजे से नयी कीमतें लागू की जाती हैं।

### वोडाफोन-आइडिया जुटाएगी 14,500 करोड़ रुपए की पूंजी

मुंबई। कर्ज के बोझ तले दबी दूरसंचार कंपनी वोडाफोन-आइडिया के निदेशक मंडल ने बॉन्ड और शेयर पूंजी के माध्यम से 14,500 करोड़ के प्रस्ताव को गुरुवार को मंजूरी दी। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि उसे प्रवर्तकों से 4,500 करोड़ रुपए जुटाने की मंजूरी मिली है। कंपनी ने कहा कि इसके लिए वह 10 रुपए अंकित मुल्य के 3.38 अरब से कुछ अधिक शेयर जारी करेगी। ये शेयर 13.30 शुन्य रुपए के भाव पर जारी किए जाएंगे और इनसे उसे कुल 4,500 करोड़ रुपए की प्राप्ति होगी। कंपनी ने कहा है कि ये शेयर यूरो पैसेफिक सिक्योरिटिज और प्राइम मेटल्स (वोडाफोन समूह की इकाइयां) तथा ओरिआना इंवेस्टमेंट्स (आदित्य बिड़ला समूह की कंपनी) को वरीयता के आधार पर जारी किए जाएंगे।

# एनएसई आईएफएससी रसीदों से भारतीय निवेशक कर सकेंगे ग्लोबल स्टॉक में निवेश

मुंबई। प्रमुख शेयर बाजार नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) की पूर्ण अधिगृहीत सहायक इकाई एनएसई इंटरनेशनल एक्सचेंज (एनएससी आईएफएससी) ने एचडीएफसी बैंक के साथ गठबंधन में आईएफएससीए द्वारा निर्धारित रेगुलेटरी सैंडबॉक्स फ्रेमवर्क के तहत भारत की पहली अनस्पॉन्सर्ड डिपॉज़िटरी रसीद (एनएसई आईएफएससी रसीद) में ट्रेडिंग प्रारंभ की है।

इसके द्वारा भारतीय रिटेल निवेशकों को एनवाईएसई एवं नास्दाक में सूचीबद्ध यूएस स्टॉक में आसानी से निवेश करने का अवसर मिलेगा। इस लॉन्च के बाद, भारतीय रिटेल निवेशक भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित लिबरलाईज़्ड रेमिटैंस स्कीम के तहत एनएसई आईएफएससी प्लेटफॉर्म पर विनिमय कर सकेंगे।

एनएसई आईएफएससी रसीदें भारतीय रिटेल निवेशकों को अपनी तरह की प्रथम इनोवेटिव उत्पाद प्रस्तुतियां हैं, जो उन्हें अपने निवेश को वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं की सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली कंपनियों में डाईवर्सिफाई करने का अवसर प्रदान करती हैं। एनएसई आईएफएससी रसीदें वैश्विक स्टॉक में निवेश की संपूर्ण प्रक्रिया को आसान व सस्ता बना देंगी। निवेशकों को वैश्विक बाजारों में कारोबार के अधीन शेयरों के मुकाबले फ्रैक्शनल मात्रा में कारोबार करने का विकल्प मिलेगा। यूएस स्टॉक्स के साथ शुरुआत करके एनएसई आईएफएससी जल्द ही अपनी प्रस्तुति का विस्तार दुनिया के अन्य बाजारों में करेगा।

गिफ्ट सिटी में एचडीएफसी बैंक की आईएफएससी बैंकिंग यूनिट इस नए लॉन्च किए गए यूडीआर प्रोग्राम में एनएसई आईएफएससी रसीद कस्टोडियन की भूमिका में एनएसई आईएफएससी रसीदें जारी करेगा और संबंधित गतिविधियों को संभालने के अलावा आईएफएससीए रजिस्टर्ड डिपॉज़िटरीज़ के साथ रजिस्टर्ड डिपॉज़िटरी प्रतिभागी के रूप में निवेशकों के डिपॉज़िटरी खाते खोलेगा।

एनएसई आईएफएससी क्लियरिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनआईसीसीएल) अपना रिस्क मैनेजमेंट फ्रेमवर्क प्रस्तुत करेगा, डिपॉज़िटरी रसीद में सभी ट्रेडिंग का सटलमेंट एवं क्लियरिंग संभव बनाएगा तथा एनएसई आईएफएससी प्लेटफॉर्म पर किए सभी ट्रेडिंग के मामले में सटलमेंट गारंटी प्रदान करेगा।

इसके अलावा सभी कारोबार भी एनएसई आईएफएससी में निवेशक सुरक्षा फ्रेमवर्क के तहत कवर्ड होंगे। निवेशक गिफ्ट सिटी में खोले गए अपने डिमैट खातों में एनएसई आईएफएससी रसीद रख सकेंगे और उन्हें निहित स्टॉक से संबंधित कॉर्पोरेट एक्शन बेनेफिट्स भी मिलेंगे।

आईएफएससीए के अध्यक्ष इंजेंती श्रीनिवास ने कहा, "आज एनएसई आईएफएससी रसीद में ट्रेडिंग का लॉन्च आरबीआई की लिबरलाईज़्ड रेमिटैंस स्कीम के तहत रिटेल प्रतिभागिता आकर्षित करने और गिफ्ट सिटी में भारत के एकमात्र इंटरनेशनल फाईनेंशल सर्विसेज़ सेंटर (आईएफएससी) में एक वाईब्रेंट कैपिटल मार्केट ईकोसिस्टम का विकास करने के लिए एक अच्छा प्रयास है।

एनएसई और आईएफएससी की यह अभिनव प्रस्तुति रिटेल प्रवासी निवेशकों को एनएसई आईएफएससी प्लेटफॉर्म द्वारा प्रारंभ में रेगुलेटरी सैंडबॉक्स फ्रेमवर्क में और फिर सभी अंतर्राष्ट्रीय एवं घरेलू निवेशकों को एक्सचेंज में एक नियमित उत्पाद के रूप में चुनिंदा यूएस स्टॉक्स में विनिमय करने में समर्थ बनाएगी। इस अवसर पर मैं एनएसई आईएफएससी को रिटेल निवेशकों के लिए अभिनव वित्तीय उत्पाद प्रस्तुत करने के लिए बधाई देता हूँ।"

एनएसई के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ विक्रम लिमये ने कहा, "यह एनएसई आईएफएससी के लिए गर्व का क्षण है क्योंकि अनस्पॉन्सर्ड डिपॉज़िटरी रसीदों के रूप में यूएस स्टॉक्स में ट्रेडिंग शुरू हो गई है।

यह भारतीय रिटेल निवेशकों के लिए ग्लोबल स्टॉक्स में निवेश की प्रक्रिया को नियमबद्ध वातावरण में सुगम बना देगा। इस लॉन्च के साथ, हमने भारतीय रिटेल निवेशकों और ब्रोकर्स के लिए काफी महत्व का उत्पन्न किया है, और हम एक महत्वपूर्ण एवं अभिनव इंटरनेशनल आईएफएससी एक्सचेंज के रूप में अपनी प्रतिष्ठा स्थापित करने के लिए आशान्वित हैं।

## शार्ट न्यूज

### चंडीगढ़ में 5 मार्च से आयोजित होगी 3×3 प्रो बास्केटबॉल लीग

नई दिल्ली। भारतीय बास्केटबॉल महासंघ (बीएफआई) और अंतर्राष्ट्रीय बास्केटबॉल महासंघ (एफआईबीए) द्वारा स्वीकृत 3×3 प्रो बास्केटबॉल लीग (3बीएल) अपने तीसरे सीज़न के साथ लौट रहा है। 5 मार्च से चंडीगढ़ में शुरू होने वाली इस लीग का फाइनल 21 मार्च को खेला जाएगा। इस लीग की घोषणा आज 3बीएल के कमिश्नर रोहित बख्शी एवं 3बीएल की डायरेक्टर (निदेशक) प्रेरणा शर्मा ने की। इसके अलावा शुक्रवार को यहां हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव चंदर मुखी शर्मा के साथ साथ शीर्ष भारतीय खिलाड़ी और इस लीग में हिस्सा लेने वाले विदेशी खिलाड़ी भी उपस्थित थे। 3बीएल लीग में पुरुष वर्ग की मौजूदा चैंपियन, गुरुग्राम मास्टर्स फ्रैंचाइज़ी के मालिक विकास बंसल और राजीव तिवारी भी कॉन्फ्रेंस में शामिल हुए। इस मौके पर बीएफआई के महासचिव चंदर मुखी शर्मा ने कहा, 3बीएल जैसी पेशेवर लीग को विशेष अधिकार देते हुए हमें काफी खुशी महसूस हो रही है तथा इस लीग के साथ हम अपने स्टार खिलाड़ियों को चमकने के लिए एक अतिरिक्त अवसर प्रदान कर रहे हैं, 3बीएल कई भारतीय बास्केटबॉल एथलीटों को अतिरिक्त आय और एक्सपोज़र प्रदान करेगा। 3बीएल के कमिश्नर श्री रोहित बख्शी ने कहा,हमें पूरा भरोसा है कि भारत 2024 पेरिस ओलंपिक में होगा। 3बीएल का तीसरा सीजन खत्म होने के पश्चात, भारतीय टीमों की वैश्विक एफआईबीए 3×3 फेडरेशन रैंकिंग कम से कम 30 होगी जो मौजूदा पुरुषों की 70वीं रैंक जबकि महिलाओं की 55वीं रैंक है । यह लीग भारत को बढ़ावा देगी जिसका हम सभी इंतजार कर रहे है।

### राजस्थान रॉयल्स के उच्च प्रदर्शन तेज गेंदबाजी कोच बने स्टीफन जोन्स

जयपुर। राजस्थान रॉयल्स ने वेल्स के पूर्व काउंटी तेज गेंदबाज स्टीफन जोन्स को टीम का उच्च प्रदर्शन तेज गेंदबाजी कोच नियुक्त किया है। जोन्स, जिन्होंने 147 प्रथम श्रेणी मैचों के लिए समरसेट, नॉर्थम्पटनशायर, डर्बीशायर और केंट का प्रतिनिधित्व किया है, ने 2019 में राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाजी कोच के रूप में कार्य किया था। इस बार जोन्स की भूमिका में पूरे साल राजस्थान रॉयल्स के गेंदबाजों के साथ प्रशिक्षण करना, ऑफ-सीजन पर ध्यान केंद्रित करना और आईपीएल सीजन तक गेंदबाजों का निर्माण करना होगी। जोंस का कार्यकाल सात से 10 मार्च तक नागपुर में आगामी प्री-सीजन कैंप के दौरान शुरू होगा। जोन्स ने इस बारे में कहा, मैं राजस्थान रॉयल्स में वापस आकर खुश हूं और मुझे टीम के साथ फिर से काम करने का मौका देने के लिए प्रबंधन का आभारी हूं। हमारे खेमे में प्रतिभाशाली गेंदबाजों के समूह के साथ मैं साल भर उनके साथ काम करने और सीजन आने पर उन्हें उत्कृष्ट गेंदबाज के तौर पर तैयार करने के लिए उत्सुक हूं। राजस्थान रॉयल्स के क्रिकेट निदेशक कुमार संगाकारा ने जोंस और फ्रेंचाइजी में उनके द्वारा लाई गई कोचिंग शैली की प्रशंसा की है। संगाकारा ने एक बयान में कहा, स्टीफन पिछले कुछ वर्षों से फ्रेंचाइजी के साथ निकटता से जुड़ा हुए हैं, इसलिए वह यहां के माहौल को पूरी तरह से समझते हैं और अपने साथ एक बहुत ही सक्षम कोचिंग शैली लाते हैं, जिसे अतीत में खिलाड़ियों और प्रबंधन दोनों द्वारा सराहा गया है। हमें नई भूमिका में फ्रेंचाइजी में उनका स्वागत करते हुए खुशी हो रही है, जिसमें वह हमारे गेंदबाजों के साथ काम करेंगे और पूरे साल उन्हें समर्थन प्रदान करेंगे। हमें विश्वास है कि उनकी विशेषज्ञता हमें नई ऊंचाइयों पर ले जा सकती है।

### इमरान खान ने ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम का पाकिस्तान में किया स्वागत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने शुक्रवार को ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम का पाकिस्तान में बहु प्रारूप श्रृंखला खेलने के लिए स्वागत किया। खान ने एक ट्वीट में लिखा, मैं 24 साल की अनुपस्थिति के बाद ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम का पाकिस्तान में स्वागत करता हूं। पाकिस्तान के क्रिकेट प्रेमियों में हमेशा ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के लिए बहुत आदर और सम्मान रहा है और हम सभी एक अत्यधिक प्रतिस्पर्धी और दिलचस्प श्रृंखला के लिए उत्सुक हैं। दोनों टीम को शुभकामनाएं। उल्लेखनीय है कि 1998 के बाद ऑस्ट्रेलिया का पाकिस्तान का यह पहला दौरा है। दोनों टीमें तीन टेस्ट, तीन वनडे और एक टी-20 मैच खेलेंगी। पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटरों रिची बेनौद और अब्दुल कादिर के नाम पर टेस्ट सीरीज का नाम बेनौद-कादिर ट्रॉफी रखा गया है। टेस्ट सीरीज जहां 2021-23 आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का हिस्सा होगी, वहीं वनडे सीरीज 2020-23 आईसीसी क्रिकेट विश्व कप सुपर लीग का हिस्सा है।

### दिग्गज ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर रॉड मार्श का निधन

**मेलबोर्न।** दिग्गज ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर रॉड मार्श का 74 साल की उम्र में निधन हो गया। उन्हें कुछ दिन पहले दिल का दौरा पड़ा था और वह ऐडिलेड के एक अस्पताल में भर्ती थे। वह अपने पीछे अपनी पत्नी और तीन बेटों को छोड़ गए हैं, जो किसी न किसी तौर पर ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट की सेवा कर रहे हैं। उनके निधन पर शोक व्यक्त करने के लिए ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी आज पाकिस्तान के खिलाफ रावलपिंडी में पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में काली पट्टी पहन कर उतरे हैं। ऑस्ट्रेलिया क्रिकेटर्स एसोसिएशन (एसीए) के अध्यक्ष शेन वाटसन और प्रमुख ग्रेग डायर ने एक संयुक्त बयान में कहा, यह ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट के लिए एक अफसोस का दिन है। रॉड को उनके क्रिकेट में योगदान के लिए हमेशा याद किया जाएगा। उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट को कई भविष्य के सितारे दिए हैं। उल्लेखनीय है कि विस्फोटक विकेटकीपर बल्लेबाज मार्श ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 1970 से 1984 के बीच 96 टेस्ट और 92 वनडे मैच खेले। संन्यास के वक्त उनके नाम सबसे अधिक विकेटकीपिंग शिकार (355) का विश्व रिकॉर्ड था। उन्होंने डेनिस लिली की गेंदों पर रिकॉर्ड 95 बल्लेबाजों को शिकार बनाया था। वहीं बतौर विकेटकीपर उनके नाम पहला टेस्ट शतक बनाने का रिकॉर्ड भी दर्ज है। संन्यास के बाद वह एक जमीनी कोच के रूप में प्रसिद्ध हुए, जिनका काम प्रतिभाओं को खोजना और उन्हें तराशना था। उन्होंने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और फिर आईसीसी की अकादमी में कोच के रूप में काम किया। उन्होंने कॉमेंट्री भी की और 2014 में दो साल के लिए ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख चयनकर्ता भी बने। मार्श को 1982 में ब्रिटिश एम्पायर ऑर्डर, 1985 में स्पोर्ट ऑस्ट्रेलिया हॉल ऑफ फेम और 2005 में क्रिकेट हॉल ऑफ फेम का सम्मान मिला था।

### कोहली को उनके बचपन के हीरो द्रविड़ ने किया सम्मानित

मोहाली। श्रीलंका के खिलाफ यहां अपना 100वां टेस्ट मैच खेल रहे पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान विराट कोहली को शुक्रवार को खास तौर पर बनाई गई टेस्ट कैप देकर सम्मानित किया गया। उन्हें यह बेशकीमती स्मृति चिन्ह उनके बचपन के नायक और टीम के मौजूदा मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने दिया। द्रविड़ ने उन्हें विशेष टोपी देते हुए कहा, विराट इसके पूरी तरह से हकदार हैं, यह उनकी कमाई है और उम्मीद है कि यह आने वाली कई चीजों की शुरुआत है। जैसा कि हम ड्रेसिंग रूम में कहते हैं। जवाब में कोहली, जो अपनी पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ खड़े थे, ने कहा कि यह उनके लिए एक विशेष क्षण है। उन्होंने कहा, मेरी पत्नी और मेरा भाई यहां है। सभी को बहुत गर्व है। यह सच में एक टीम गेम है और यह आपके बिना संभव नहीं हो सकता था। बीसीसीआई को भी धन्यवाद। वर्तमान खेल में हम तीनों प्रारूपों और आईपीएल में जितने मैच खेलते हैं, उससे अगली पीढ़ी प्रेरणा ले सकती है। मेरे लिए यह कहा जा सकता है कि मैंने पूरे फॉर्म में 100 टेस्ट मैच खेले। उल्लेखनीय है कि कोहली कुछ समय तक टेस्ट क्रिकेट के सबसे बड़े चेहरे रहे हैं। मोहाली वो जगह है जहां उनके लिए यह सब कुछ शुरू हुआ और अब वह रोहित शर्मा की टीम के एक हिस्से के रूप में यहां लौटे हैं। कोहली के लिए हालांकि फिर से हीरो बनने का समय है, क्योंकि वह पिछले कुछ समय से टेस्ट में बड़ा स्कोर नहीं बना पाए हैं। बेशक भारतीय टीम को अब कोहली की पहले से कहीं ज्यादा जरूरत है, खासकर अनुभवी बल्लेबाजों अजिंक्य रहाणे और चेतेश्वर पुजारा की गैरमौजूदगी में। इसके कोई दोराय नहीं है कि उनके बिना भारत मध्य क्रम में कमजोर है।

# रामकुमार और युकी ने भारत को दिलाई 2-0 की बढ़त

नयी दिल्ली। देश के शीर्ष खिलाड़ी रामकुमार रामनाथन और युकी भांबरी ने उम्मीदों के अनुरूप प्रदर्शन करते हुए दिल्ली जिमखाना क्लब के ग्रास कोर्ट पर शानदार जीत हासिल कर भारत को डेनमार्क के खिलाफ डेविस कप विश्व ग्रुप-1 प्लेऑफ मुकाबले में शुक्रवार को 2-0 की बढ़त दिला दी।



रामकुमार ने पहले एकल मैच में क्रिश्चियन सिग्सगार्ड को मात्र 59 मिनट में 6-3, 6-2 से शिकस्त दी जबकि युकी भांबरी ने दूसरे एकल मैच मैच में माइकल टोरपेगार्ड को एक घंटे 27 मिनट में 6-4, 6-4 से हराया।

मुकाबले के युगल मैच में शनिवार को रोहन बोपन्ना और दिविज शरण के सामने डेनमार्क के कप्तान फ्रेडरिक नीलसन और जोहानस इंगिल्ड्सन की चुनौती रहेगी। शनिवार को ही पहले उलट एकल में रामकुमार का सामना माइकल टोरपेगार्ड से होगा जबकि युकी का सामना क्रिस्टियन सिग्स्गार्ड से होगा।

मुकाबले के बाद दोनों भारतीय खिलाड़ियों और गैर खिलाड़ी कप्तान रोहित राजपाल ने प्रदर्शन पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि सब कुछ उनकी योजना के अनुसार रहा जबकि डेनमार्क ने भारत की जीत का श्रेय भारतीय खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन को दिया।

विश्व रैंकिंग में 170वें नंबर के खिलाड़ी रामकुमार ने 824वीं रैंकिंग के सिग्स्गार्ड को हराने में मात्र लगभग एक घंटे का समय लगाया। रामकुमार ने 12 सर्विस ब्रेक के अवसरों में से तीन बार विपक्षी खिलाड़ी की सर्विस तोड़ी जबकि सिग्स्गार्ड पूरे मैच में एक बार भी ब्रेक अंक तक नहीं पहुंच पाए। भारतीय खिलाड़ी ने अपनी पहली सर्विस पर 86 फीसदी और दूसरी सर्विस पर 84 फीसदी अंक जीते। मैच पर रामकुमार का पूरी तरह नियंत्रण रहा और उन्होंने मैच के बाद कहा कि वह काफी शार्प खेले।

दूसरा मैच पहले के मुकाबले कुछ संघर्षपूर्ण रहा। युकी में मैच के पहले गेम में ही टोरपेगार्ड की सर्विस तोड़ दी। लेकिन चौथे गेम में अपनी सर्विस गंवा बैठे और स्कोर 2-2 से बराबर हो गया। युकी ने नौवें गेम में टोरपेगार्ड की सर्विस तोड़कर 5-4 की बढ़त बनायी और 10वें गेम में अपनी सर्विस बरकरार रखते हुए पहला सेट 6-4 से जीत लिया

दूसरे सेट की शुरुआत भी युकी ने ब्रेक के साथ की। युकी ने तीसरे गेम में भी सर्विस ब्रेक कर 3-0 की बढ़त बना ली। टोरपेगार्ड ने पांचवें गेम में अपनी सर्विस बरकरार रखी। युकी ने आठवें गेम में जाकर अपनी सर्विस गंवाई और टोरपेगार्ड ने अगले गेम में अपनी सर्विस कायम रखते हुए स्कोर 4-5 कर दिया। लेकिन युकी ने 10वें गेम में अपनी सर्विस कायम रखते हुए यह सेट भी 6-4 से जीतकर दर्शकों को तालियां बजाने का मौका दे दिया। टोरपेगार्ड ने दूसरे सेट के पहले गेम में जब अपनी सर्विस गंवाई तो उन्होंने झुंझलाते हुए अपना रेकैट कोर्ट पर पटक दिया।

युकी ने नौ मौकों में से चार बार विपक्षी की सर्विस ब्रेक की जबकि छह मौकों में दो बार अपनी सर्विस गंवाई।

मैच के बाद टोरपेगार्ड ने स्वीकार किया कि युकी ने जब जरूरत थी अपने खेल का स्तर ऊंचा करते हुए अंक हासिल किये जबकि वह महत्वपूर्ण मौकों पर चूक गए।

### कोहली आठ हजार टेस्ट रन बनाने वाले छठे भारतीय बने

मोहाली। पूर्व भारतीय क्रिकेट विराट कोहली ने यहां श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट क्रिकेट मैच के पहले दिन शुक्रवार को अपने 100वें टेस्ट मैच में आठ हजार रन का आंकड़ा पार कर लिया। इसी के साथ वह आठ हजार टेस्ट रन बनाने वाले छठे भारतीय बल्लेबाज भी बन गए। कोहली ने श्रीलंकाई तेज गेंदबाज विश्व फर्नांडो की गेंद पर पॉइंट की दिशा में एक सिंगल लेकर 169 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की। वह क्रिकेट इतिहास में 100वें टेस्ट मैच में आठ हजार रन तक पहुंचने वाले दूसरे बल्लेबाज बने हैं। उनसे पहले दिग्गज ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज रिकी पोंटिंग ने 2006 में सिडनी में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने 100वें टेस्ट में शतक बना कर यह कीर्तिमान हासिल किया था। भारतीय बल्लेबाजों की बात करें तो सचिन तेंदुलकर (154 पारी), राहुल द्रविड़ (157), वीरेंद्र सहवाग (160), सुनील गावस्कर (166) और वीवीएस लक्ष्मण (201) आठ हजार रन बनाने की उपलब्धि हासिल कर चुके हैं। विराट भारत के लिए 100वां टेस्ट मैच खेलने के साथ ही सचिन, द्रविड़, गावस्कर, लक्ष्मण, सौरव गांगुली, वीरेंद्र सहवाग, अनिल कुंबले, हरभजन सिंह, कपिल देव, दिलीप वेंगसरकर और इशांत शर्मा की मौजूदगी वाले एलीट क्लब में भी शामिल हो गए।

## पंत शतक से चार रन से चूके लेकिन भारत का 357 का मजबूत स्कोर




मोहाली। विकेटकीपर ऋषभ पंत (96) मात्र चार रन से शतक बनाने से चूक गए लेकिन उनकी, रवींद्र जडेजा, हनुमा विहारी और विराट कोहली की शानदार पारियों से भारत ने यहां श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट क्रिकेट मैच के पहले दिन शुक्रवार को 85 ओवर में छह विकेट पर 357 रन का मजबूत स्कोर बना लिया ।टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरे भारत के लिए लगभग सभी बल्लेबाजों ने अच्छा योगदान दिया। पहले सलामी बल्लेबाजों मयंक अग्रवाल और रोहित शर्मा ने टीम को अच्छी शुरुआत दी, हालांकि दोनों बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल पाए। इसके बाद विहारी और विराट ने अच्छी पारियां खेलीं और फिर अंत में पंत और जडेजा ने बेहतरीन पारियां खेलीं। पंत ने विस्फोटक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए नौ चौकों और चार छक्कों के सहारे 97 गेंदों पर 96 रन बनाए, वह हालांकि चार रन से अपने पांचवें टेस्ट शतक से चूक गए। वहीं जडेजा ने पांच चौकों की मदद से 82 गेंदों पर 45 रन बनाकर क्रीज ;पर डटे हुए हैं। जडेजा के साथ रविचंद्रन अश्विन क्रीज पर मौजूद हैं और दो चौके लगा कर 11 गेंदों में 10 रन पर खेल रहे हैं।

इससे पहले विहारी ने पांच चौकों के सहारे 128 गेंदों पर 58 रन की अर्धशतकीय पारी खेली, जबकि अपना 100वां टेस्ट खेल रहे विराट ने पांच चौकों के दम पर 76 गेंदों पर 45 रन बनाए। इसके अलावा मयंक, रोहित और श्रेयस अय्यर ने क्रमशः33, 29 और 27 रन बनाए।

भारतीय बल्लेबाजों ने अच्छी शुरुआत की लेकिन कोई भी उसे बड़े स्कोर में नहीं बदल पाया। भारतीय पारी को गति और मजबूती देने का श्रेय पंत को गया। ऐसा नहीं था कि आज पंत ने पहली गेंद से प्रहार किया था, उन्होंने शुरुआत में अपना समय लिया और सेट होने के बाद श्रीलंकाई गेंदबाज़ी को तहस-नहस किया।

हालांकि दूसरी नई गेंद के ख़िलाफ़ पंत आउट हो गए और शतक बनाने से केवल चार रन दूर रह गए। तीसरे सत्र में पंत नाम की एक आंधी आई और श्रीलंका को अपने साथ उड़ाकर ले गई।

## न्यूज़ीलैंड को तीन रन से हरा कर वेस्ट इंडीज ने जीत के साथ किया महिला विश्व कप का आगाज

माउंट माउंगानुई। हेले मैथ्यूज (119 रन, 41 रन पर दो विकेट) के शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन और गेंदबाजों की घातक गेंदबाजी की बदौलत वेस्ट इंडीज महिला क्रिकेट टीम ने यहां शुक्रवार को रोमांचक मैच में मेजबान न्यूजीलैंड को तीन रन से हरा कर जीत के साथ 2022 महिला क्रिकेट विश्व कप का आगाज किया।

वेस्ट इंडीज ने टॉस हार कर पहले बल्लेबाजी करने उतरा और मैथ्यूज के शानदार शतक तथा चेडियन नेशन, कप्तान स्टेफनी टेलर और विकेटकीपर शेमेन कैंपबेल की अहम योगदानों से 50 ओवर में नौ विकेट पर 259 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। जवाब में न्यूजीलैंड की टीम 49.5 ओवर में 256 रन पर ऑलआउट हो गई।

कप्तान सोफी डिवाइन के शतक, विकेटकीपर केटी मार्टिन और एमी सैटरथवेट की शानदार पारियों से न्यूजीलैंड जीत के करीब तो पहुंचा, लेकिन तीन रन से हार गया। न्यूजीलैंड को 50वें और आखिरी ओवर में जीत के लिए महज छह रन चाहिए थे और तीन विकेट उसके हाथ में थे, लेकिन आखिरी ओवर में उसने अपने तीनों विकेट गंवा दिए और तीन रन से मैच गंवा दिया। वेस्ट इंडीज की डिएंड्रा डॉटिन ने आखिरी ओवर में दो विकेट लिए। उनके अलावा मैथ्यूज और अनीसा मोहम्मद ने दो-दो विकेट लिए, जबकि चिनले हेनरी और शकीरा सेल्मन ने एक-एक विकेट लिया। इससे पहले मैथ्यूज ने 16 चौकों और एक छक्के की मदद से 128 गेंदों पर 119 रन की शतकीय पारी खेली। मैथ्यूज को ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया।




# यूक्रेन के टुकड़े करने की है रूस की योजना

मॉस्को। रूस के समाचार पत्र नोवाय गेजेट ने कहा है कि राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन की योजना यूक्रेन को कुछ इस तरह विभावित करने की है कि राजधानी कीव सहित देश का मध्य और पूर्वी हिस्सा रूसी समर्थक रहे जबकि यूरोप से सटे पश्चिमी हिस्सों को छोड़ दिया जाएं ताकि वह जैसा करना चाहते हैं वैसा करें।

नोवाय गेजेट के प्रधान संपादक एवं पिछले साल फिलिपींस की पत्रकार मारिया रेस्सा के साथ नोबल शांतिपुरस्कार हासिल करने वाले दिमित्री मुरातोव ने भी द न्यूयॉर्कर को दिये साक्षात्कार में कहा कि आम रूसी यूक्रेन के खिलाफ युद्ध का समर्थक नहीं है और एक तिहाई से अधिक जनसंख्या सैन्य कार्रवाई के खिलाफ है। मुरातोव ने कहा कि रूसी सरकार की यूक्रेन को कुछ इस तरह से विभाजित करने की योजना है कि यूक्रेन का पश्चिमी हिस्सा जिसका केंद्र लवीव है उस क्षेत्र को उसके हाल पर छोड़ दिया जाए और मध्य यूक्रेन जिसका केंद्र कीव है इस क्षेत्र पर पुतिन समर्थक सरकार का शासन हो। ऐसी सरकार जिसका झुकार रूस की ओर हो न कि पश्चिमी देशों की ओर । उन्होंने कहा कि जहां तक पूर्वी हिस्से की बात है तो पूरा डोनबास का इलाका रूस में विलय स्वीकार कर ले। हकीकत में अधिकतर रूसी लोग सैन्य कार्रवाई के पक्ष में नहीं हैं।

लोग किसी तरह से युद्ध विशेषकर यूक्रेन के खिलाफ युद्ध के समर्थन में नहीं हैं। इस लड़ाई को लेकर रूस में किसी तरह का समर्थन नहीं मिल रहा है बल्कि एक मिलियन लोगों ने चेंज डॉट ऑर्ग प्लेटफार्म पर नो टू वार अभियान पर हस्ताक्षर किये है इतना ही नहीं रूस के बुद्धिजीवी जिनमें लेखक, पत्रकार और वैज्ञानिक आदि शामिल हैं उनका भी कुछ ऐसाा ही मानना है।

मुरातोव ने बताया कि सरकार और व्यापारिक प्रतिष्ठानों में भ्रष्टाचार, रूस की राजनीति और चेचन्या से लेकर पूर्वी यूक्रेन में सैन्य संघर्षों पर आवाज बुलंद करने के कारण वह तीन दशकों से गंभीर खतरा झेल रहे हैं। यूक्रेन के खिलाफ युद्ध के धुर विरोधी मुरातोव ने पुतिन पर रूसी युवाओं के भविष्य को बरबाद करने का आरोप लगाते हुए कहा कि हम किसी भी तरह से इस युद्ध का समर्थन नहीं करते हैं।

मुरातोव ने स्वीकार किया कि कोई नहीं जानता कि पुतिन युक्रेन में किस हद तक जायेंगे। निस्संदेह वह अपनी सोच के हिसाब से दुनिया और यूक्रेन को बनाना चाहते हैं। साथ ही उन्होंने रूस और यूक्रेन के बीच किसी तरह की बातचीत के कोई सकारात्मक नतीजे निकलने की संभावनाओं से भी इंकार किया। बहुत से रूसी पुतिन के उस विचार से इत्तेफाक नहीं रखते हैं कि नाटो रूस के लिए कोई खतरा है, नाटो ने कभी रूस पर हमला नहीं किया है। यह तर्क कि यूक्रेन पर फांसीवादियों का कब्जा होता जा रहा है इस पर भी स्पष्ट रूप से कुछ नहीं कहा जा सकता है। पुतिन ने एक ऐसे देश के खिलाफ मोर्चा खोला है जो दूसरे विश्व युद्ध में करीब 80 लाख लोगों को खो चुका है।

# विश्वभर में 10.5 अरब लोगों को दी जा चुकी है कोरोना वैक्सीन

**वाशिंगटन।** दुनियाभर में कोरोना संक्रमण के मामले बढ़कर 44.2 करोड़ के पार हो गए हैं। इस महामारी से अब तक कुल 59.8 लाख से अधिक लोगों की मौत हुई है, जबकि 10.5 अरब से ज्यादा लोगों को वैक्सीन लगाई जा चुकी है।



अमेरिका की जॉन हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के अनुसार वर्तमान में कोरोना के वैश्विक मामलों की संख्या 44,20,84,034 है, जबकि संक्रमण से मरने वालों की संख्या 59,81,137 हो गई है। अब तक दुनिया भर में कोरोना के कुल 10,55,15,09,923 टीके दिये जा चुके हैं।

पिछले 28 दिन में दुनिया भर में जहां कोरोना संक्रमण के 5,34,62,823 मामले सामने आए हैं, वहीं इस दौरान 2,69,940 लोगों की मौत हुई है।

सर्वाधिक कोरोना मामलों की सूची में अमेरिका पहले स्थान पर है, जहां अब तक 7,91,96,200 लोग संक्रमित हुए हैं और 9,56,262 लोगों की मौत हो चुकी है। यहां पिछले 28 दिन में कोरोना के 32,16,847 मामले सामने आए हैं। साथ ही देश में 55,41,68,735 कोरोना वैक्सीन दी जा चुकी हैं।

भारत इस सूची में दूसरे पायदान पर है जहां कोरोना संक्रमितों की कुल संख्या 4,29,51,556 हो गई है जबकि 5,14,589 लोगों की कोरोना से मौत हुई है।

पिछले 28 दिनों में देशभर में 9,98,844 कोरोना मामले और 14,534 मौतें दर्ज की गई हैं। अब तक यहां कोरोना वैक्सीन की 1,78,21,33,187 डोज दी गई हैं।

ब्राजील में अभी तक 2,89,13,214 लोग महामारी की चपेट में आ चुके हैं जबकि इसके कारण 6,50,876 लोग काल के गाल में समा गये हैं। पिछले 28 दिनों में यहां 27,98,778 लोग संक्रमित हुए हैं जबकि 20,523 लोगों ने अपनी जान गंवाई है। अब तक ब्राजील कोरोना के 39,29,25,626 टीके लगा चुका है।

इस सूची में चौथे पायदान पर फ्रांस है, जहां कोरोना 2,30,79,453 लोगों को संक्रमित कर चुका है और 1,39,962 लोगों की जान ले चुका है। पिछले 28 दिनों में देशभर में 28,04,743 कोरोना मामले दर्ज किये गए हैं जबकि 7,115 लोगों की मृत्यु हुई है। देश में अब तक 15,30,13,512 कोविड वैक्सीन दी जा चुकी हैं।

ब्रिटेन में अभी तक 1,92,11,944 लोग कोरोना संक्रमित हुए हैं, जबकि 1,62,472 लोगों की इस जानलेवा वायरस से मौत हो चुकी है। पिछले 28 दिनों में यहां महामारी से 14,84,680 लोग संक्रमित हुए हैं जबकि 4,208 लोगों की मौत हुई है। ब्रिटेन में अब तक 14,12,76,855 वैक्सीन डोज दी जा चुकी हैं।

रूस में कोरोना संक्रमितों की संख्या बढ़कर 1,64,45,802 हो गई है। यहां महामारी से अब तक 3,46,967 लोगों ने अपनी जान गंवाई है। देश में अब तक 16,09,30,641 कोविड टीके दिये गए हैं।

जर्मनी में वैश्विक महामारी से अभी तक 1,55,31,240 लोग संक्रमित हुए हैं। देश में मृतकों का आंकड़ा 1,23,801 तक पहुंच गया है, जबकि 17,01,77,398 कोरोना टीके दिये जा चुके हैं।

तुर्की में कोरोना संक्रमितों की कुल संख्या 1,42,55,545 हो गई है। देश में कोरोना संक्रमण से अब तक 95,025 लोग जान गंवा चुके हैं । अब तक देश में कोरोना वायरस के 14,58,70,323 टीके दिये गए हैं।

### परमाणु संयंत्र के पास लगी आग पर काबू पाया गया : यूक्रेन

कीव। यूक्रेनी राज्य आपातकालीन सेवा ने शुक्रवार को कहा कि जापोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र में लगी आग पर काबू पा लिया गया है। सेवा ने एक बयान जारी कर कहा, सुबह 5:55 बजे एनरहोदर शहर में जापोरिज्जिया संयंत्र के एक प्रशिक्षण केंद्र में लगी आग को 2,000 वर्ग मीटर में समेट दिया गया है। कोई भी हताहत नहीं हुआ है। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने कहा कि उसने जापोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र के आसपास की स्थिति पर अपने घटना एवं आपातकालीन केंद्र को चौबीसों घंटे प्रतिक्रिया के लिए तैयार रखा है। इससे पहले, जापोरिज्जिया संयंत्र ने अपने क्षेत्र में आग लगने की सूचना दी थी, लेकिन बाद में यूक्रेनी राज्य आपातकालीन सेवा ने कहा कि आग संयंत्र के बाहर लगी थी, जिसके बाद एक इकाई को बंद कर दिया गया था। आईएईए ने ट्वीट किया, यूक्रेन में जापोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र में गंभीर स्थिति के कारण आईएईए ने अपने घटना और आपातकालीन केंद्र को चौबीसो घंटे प्रतिक्रिया के लिए तैयार रखा है।

### रूस ने किए 1800 यूक्रेनी सैन्य ठिकाने नष्ट

मास्को। रूसी सशस्त्र बलों ने विशेष अभियान शुरू होने के बाद से यूक्रेन के 1,800 से अधिक सैन्य ठिकानों को नष्ट किया गया है। रूसी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता इगोर कोनाशेनकोव ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। रूसी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने संवाददताओं से कहा,रूसी सशस्त्र बलों ने यूक्रेन के सैन्य ठिकानों पर निरंतर हमला करना जारी रखा है। ऑपरेशन के दौरान अब तक 1,812 निशाना बनाया जा चुका है। इनमें यूक्रेनी सेना के 65 कमांड पोस्ट और संचार केंद्र, 56 एस -300, बुक एम -1 और ओसा वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली और 59 रडार स्टेशन शामिल हैं। उन्होंने कहा कि नष्ट की गई यूक्रेनी ठिकानों में जमीन में खड़े 49 विमान और हवा में 13 विमान, 635 टैंक और अन्य बख्तरबंद लड़ाकू वाहन, 67 मल्टीपल रॉकेट लॉन्चर, 252 फील्ड आर्टिलरी पीस और मोर्टार, 442 विशेष सैन्य वाहन तथा 54 मानव रहित हवाई वाहन शामिल हैं।

### पेशावर की मस्जिद में विस्फोट, 30 की मौत, 50 से अधिक घायल

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में पेशावर की एक मस्जिद में शुक्रवार को एक आत्मघाती बम विस्फोट में 30 लोगों की मौत हो गयी और 50 से अधिक घायल हो गये। जियो न्यूज ने पुलिस और बचावकर्मियों के हवाले से बताया कि पेशावर के कोचा रिसालदार इलाके में किस्सा ख्वानी बाजार की एक मस्जिद में जुमे की नमाज के दौरान विस्फोट हुआ। विस्फोट में कम से कम 30 लोग मारे गये और 50 से अधिक लोग घायल हो गये। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल के प्रवक्ता ने बताया कि घायलों में से 10 लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। विस्फोट से जुड़ी विस्तृत जानकारी का इंतजार है।

### रूस यूक्रेन युद्ध में 9166 रूसी जवानों की मौत

कीव। यूक्रेन सेना ने शुक्रवार को दावा किया कि उसने 24 फरवरी को देश में हुए आक्रमण के बाद रूस के 9166 जवानों को मार गिराया है। यूक्रेन के सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ ने अपने आधिकारिक फेसबुक पर कहा कि यूक्रेन की सेना ने रूस के 9166 जवानों को मारा है और इसके अलावा 251 टैंकों, 939 बख्तरबंद लड़ाकू वाहन, 105 तोपखाने प्रणाली, 18 विमान भेदी तापें, 33 विमान, 37 हेलीकॉप्टर और 404 वाहनों को ध्वस्त कर दिया है। यूक्रेन ने यह कभी यह खुलासा नहीं किया कि उसके कितने सैनिक मारे गए हैं।

### रूस ने ज़ापोरिज्जिया परमाणु संयंत्र पर किया कब्जा

कीव। यूक्रेन में ज़ापोरिज्जिया क्षेत्र के सैन्य प्रशासन ने शुक्रवार को परमाणु नियमन के लिए सरकारी निकाय का हवाला देते हुए कहा कि रूसी सैनिकों ने ज़ापोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र (एनपीपी) की साइट पर कब्जा कर लिया है। प्रशासन ने टेलीग्राम पर लिखा,ज़ापोरिज्जिया एनपीपी की साइट को रूसी सैन्य बलों ने जब्त कर लिया है। परिचालन कर्मियों ने आवश्यकता के अनुसार तकनीकी जांच की तथा सुरक्षित संचालन को सुनिश्चित किया। इससे पहले यूक्रेनी राज्य आपातकालीन सेवा ने कहा था कि ज़ापोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र के बाहर आग लग गई और इसकी एक इकाई को बंद कर दिया गया। बाद में उन्होंने बताया था कि आग को बुझा दिया गया है तथा घटना में कोई व्यक्ति हताहत नहीं हुआ है।

### कनाड़ा हवाईअड्डे पर रूसी नागरिकों को रोका गया

ओटावा। कनाडा के यलोनाईफ हवाई अड्डे पर रूसी नागरिकों को ले जा रहे एक चार्टर विमान को रोका गया है। कनाडा के मंत्री उमर अलघाब्रा ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अलघाब्राा ने ट्विटर पर कहा, रूसी नागरिकों को ले जा रहे चार्टर विमान को यलोनाइफ में रोका गया है। हम यूक्रेन पर रूसी आक्रमण के लिए उसको जवाबदेह ठहराना जारी रखेंगे। कनाडा के अधिकारियों के हवाले ने न्यूयार्क टाइम्स की रिपोर्ट में बताया गया कि इसी सप्ताह जिनेवा से अपने निजी जेट पर सवार होकर निकले दो रूसी नागरिक उत्तरी कनाडा में उतरे और इसके बाद उन्हें आगे यात्रा पर नहीं जाने दिया गया। रविवार को कनाडा जा रहे रूसी विमान को कनाडा के हवाई क्षेत्र में प्रवेश करने से रोका गया था। अमेरिका और यूरोपीय संघ ने यूक्रेन में रूसी हमले के बाद उसपर लगभग एक जैसे ही प्रतिबंध लगाये हैं। इस बीच एयर बीएनबी ने रूस और बेलारूस में अपनी गतिविधियां रोक दी हैं और कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ब्रायन चेरस्की ने ट्वीट कर कहा एयर बीएनबी ने रूस और बेलारूस में सभी परिचालन को रोक दिया है।

# शिबानी दांडेकर ने प्रेग्नेंसी की अफवाहों पर तोड़ी चुप्पी



शिबानी दांडेकर और फरहान अख्तर 19 फरवरी को खंडाला फार्महाउस में एक निजी समारोह में शादी के बंधन में बंधे हैं। शादी से कपल की कई तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुई। कई तस्वीरों को देखकर तो फैंस ने कयास लगाने शुरू कर दिए कि शिबानी दांडेकर प्रेग्नेंट हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने प्रेग्नेंसी के कयासों पर चुप्पी तोड़ी है और अपने ही अंदाज में अफवाहों को खारिज किया है। शिबानी दांडेकर ने हाल ही में अपनी इंस्टाग्राम की स्टोरी पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वो स्लिम फिगर और सपाट पेट के साथ नजर आ रही हैं। इसके साथ उन्होंने लिखा मैं महिला हूं! मैं गर्भवती नही हूं! यह टकीला था। इस वीडियो में न्यूली मैरिड शिबानी सपोर्ट्स ब्रा और ब्लैक शॉर्ट में नजर आ रही हैं। उनका ये पोस्ट सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है।

# सुधांशु सरिया की सना में नजर आएंगी राधिका मदान

बॉलीवुड अभिनेत्री राधिका मदान राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म निर्माता सुधांशु सरिया की आगामी फिल्म सना में अभिनय करती नजर आएंगी। राधिका मदान कहती हैं कि मुझे खुशी है कि मुझे इसके लिए साइन किया गया है। यह एक बहुत ही आत्मनिरीक्षण और मनोरंजन के विभिन्न ब्रांड के साथ एक मजेदार चरित्र है। सरिया फिल्म के निर्माता, निर्देशक और लेखक है। आगामी फिल्म राधिका अभिनीत एक आत्मनिरीक्षण ड्रामा है। फिल्म की शूटिंग जल्द ही शुरु होगी। इसका प्री-प्रोडक्शन काम अब पूरे जोरों पर है। सरिया कहते हैं कि सना में भौगोलिक क्षेत्र और संस्कृतियां देखने को मिलेंगी। यह आत्मनिरीक्षण, सामयिक और इसके केंद्र में एक शानदार शीर्षक चरित्र के साथ प्रासंगिक है। फोर लाइन एंटरटेनमेंट में हम सभी इस यात्रा पर जाने के लिए उत्साहित है। फोर लाइन एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित, सरिया द्वारा निर्देशित और लिखित और राधिका अभिनीत, सना जल्द ही फ्लोर पर आएगी।






# फिल्म बेधड़क से 3 नए चेहरे लॉन्च करने जा रहे करण जौहर

फिल्ममेकर करण जौहर स्टार किड्स के गॉडफादर माने जाते है। वह कई नए चेहरों को अब तक इंडस्ट्री में लॉन्च कर चुके हैं। अब करण जौहर तीन और नए चेहरों को बॉलीवुड की दुनिया में लॉन्च कर रहे हैं। करण ने अपनी नई फिल्म का ऐलान किया है। फिल्म का नाम बेधड़क है। इस फिल्म से करण जौहर संजय कपूर की बेटी शनाया कपूर को लॉन्च करने जा रहे हैं। शनाया के साथ इस फिल्म से लक्ष्य और गुरफतेह सिंह पीरजादा भी डेब्यू करने जा रहे हैं। धर्मा प्रोडक्शंस ने इन तीनों का फर्स्ट लुक पोस्टर शेयर करते हुए इनका परिचय कराया है। इन पोस्टर को शेयर करते हुए करण जौहर ने कैप्शन में लिखा, हम प्यार के नए एरा को लेकर आ रहे हैं, जो पैशन, इंटेंसिटी और बाउंड्रीज से भरा है और जो क्रॉस होंगी। फिल्म बेधड़क को शशांक खेतान निर्देशित करेंगे। लक्ष्य का पोस्टर शेयर करते हुए करण जौहर ने लिखा, लगता है कि यह आपके दिल को उतनी ही आसानी से पिघला देगा जितनी आसानी से उनकी मुस्कान। पेश है करण का किरदार निभाने वाले लक्ष्य। यह फिल्म भावनाओं के उस्ताद शशांक खेतान द्वारा निर्देशित होगी। शनाया कपूर का पोस्टर शेयर करते हुए करण ने लिखा, पेश बेधड़क में निमृत का किरदार निभाने वाली खूबसूरत शनाया कपूर। मैं यह देखने के लिए काफी उत्साहित हू कि शनाया कपूर स्क्रीन पर अपना जादू कैसे बिखेरती है। वहीं गुरफतेह का पोस्टर शेयर करते हुए करण ने लिखा, उनका दिलकश अंदाज आपको कुछ ही समय में मदहोश कर देगा! अंगद के चरित्र को बेधड़क में जीवंत देखें गुरफतेह के साथ बड़े पर्दे पर उनकी सहजता को लेकर!



# शिल्पा ने शुरू की फिल्म सुखी की शूटिंग

समीक्षकों द्वारा सराही गई फिल्म शेरनी, छोरी और जलसा के बाद भूषण कुमार और अबुदंतिया एंटरटेनमेंट अब प्रस्तुत करेंगे शिल्पा शेट्टी कुंद्रा की फिल्म सुखी - की शुरू हुई फिल्म की शूटिंग। शेरनी, छोरी और जलसा जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों के लिए की गई सक्सेसफुल कोलेबोरेशन के बाद, टी-सीरीज और अबुदंतिया एंटरटेनमेंट एक बार फिर फिल्म सुखी के लिए एक साथ आ रहे हैं। इस फिल्म के साथ सोनल जोशी अपना डायरेक्टोरियल डेब्यू कर रही हैं। सुखी यह बहुत ही मनोरंजक, लाइट हार्टेड और स्लाइस ऑफ लाइफ फिल्म है। इस फिल्म में अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी कुंद्रा अहम भूमिका में नजर आएंगी।



# डीप नेक टॉप में क्लीवेज दिखाकर गंदी बात फेम फ़्लोरा ने बरपाया कहर

अभिनेत्री ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया। चार मिनट के वीडियो में अभिनेत्री फैंस के साथ बात करती दिख रही हैं। फ़्लोरा के ऑउटफिट की बात करें तो उन्होंने पीले रंग का डीप नेक टॉप और मल्टी कलर पैंट पहनी हुई है। अभिनेत्री के इस हॉट लुक पर अबतक तक हजारों लोग मर मिटे हैं। फिल्मों से लेकर वेब सीरीज तक अपनी हॉटनेस से लोगों के होश उड़ाने वाली अभिनेत्री फ्लोरा सैनी इस समय सोशल मीडिया पर चर्चा में बनी हुई है। अभिनेत्री ने बीते दिन अपनी एक हॉट वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट करके एक बार फिर अपने फैंस के दिल धड़का दिए हैं। फ़्लोरा के फैंस को उनका यह वीडियो काफी पसंद आ रहा है।



## सेलिब्रिटी होने के कारण इंडिपेंडेंट महसूस करने में

# मुश्किल होती थी: माधुरी दीक्षित

बॉलीवुड एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित ने हाल ही में वेब सीरीज द फेम गेम से ओटीटी डेब्यू किया है। सीरीज में माधुरी एक सुपरस्टार की लाइफ जीते नजर आ रही हैं। माधुरी असल जिंदगी में भी सुपरस्टार है और इसी स्टार स्टेटस के कारण माधुरी कभी पूरी तरह से खुद को इंडिपेंडेंट नहीं महसूस कर पाई। माधुरी ने बताया कि भारत में उनके माता- पिता उन्हें फिल्म के सेट पर छोडने जाते थे। यहां तक कि लगभग 20 लोगों की एक टीम हमेशा उनके इर्द-गिर्द होती थी इसलिए अपना काम खुद करने जैसा कुछ उनके लाइफ में नही था। हालांकि, शादी के बाद अमेरिका शिफ्ट होने के बाद ये चीजें बदल गई। माधुरी ने कहा, मैं एक बहुत ही संरक्षित वातावरण में पली-बढ़ी हूं। मेरे माता-पिता हमेशा मेरे साथ रहते थे, तब भी जब मैं काम कर रही थी। लेकिन जब मेरी शादी हो गई, तो मैंने खुद फैसले लेना शुरू कर दिया। अमेरिका में रहने के कारण मैंने जीवन के बारे में बहुत कुछ सीखा। जब मैं भारत में थी, तो हर समय लगभग 20 लोग मेरे इर्द-गिर्द होते थे, लेकिन वहां मैं बहुत स्वतंत्र थी। बता दें कि माधुरी ने 7 अक्टूबर 1999 को डॉ. श्रीराम नेने से शादी की थी। शादी के बाद वह अमेरिका शिफ्ट हो गई थी। कपल के दो बेटे अरिन और रायन है। माधुरी अपने पति और बच्चों के संग दोबारा मुंबई में शिफ्ट हो गई है।



# 13 मई को रिलीज होगी रणवीर सिंह की फिल्म जयेशभाई जोरदार

बॉलीवुड स्टार रणवीर सिंह की अगली फिल्म जयेशभाई जोरदार 13 मई को रिलीज होने के लिए बिल्कुल तैयार है। यह फिल्म पहले फरवरी में रिलीज होने वाली थी। हालॉकि, ओमिक्रॉन के प्रकोप के कारण रिलीज को आगे बढ़ा दिया गया था। रणवीर बताते हैं कि लोग जयेशभाई के किरदार से क्या उम्मीद कर सकते हैं। वे कहते हैं कि जयेश बड़ा नायक नहीं है, लेकिन कहानी के दौरान वह साहसिक काम करता है। यही वह चीज है जिससे मैं आकर्षित हुआ। वह एक नायक के रूप में विकसित होता है। वह बहुत ही अपरंपरागत टाइप का सुपरहीरो हैं। रणवीर जयेशभाई जोरदार के निर्देशक दिव्यांग ठक्कर की तारीफ करते है। उन्हें लगता है कि यह भारतीय सिनेमा के इतिहास में सबसे प्यारी फिल्मों में से एक होगी। रणवीर कहते हैं कि मेरे गुरु आदित्य चोपड़ा ने एक दिन मुझे फोन किया और उन्होंने कहा कि मुझे एक चमत्कारिक स्क्रिप्ट मिली है और मैं चाहूंगा कि आप इसे सुनें। मैं नरेशन के लिए गया। दिव्यांग ठक्कर जिन्होंने पहले कभी कुछ निर्देशित नहीं किया, उन्होंने मुझे कहानी सुनाई। मैं एक ही समय में हंस और रो रहा था। मेरे पास टेबल पर एक टिशू बॉक्स रखा था जो कि कथन के अंत तक खत्म हो गया था। मैंने इस फिल्म के लिए तुरंत हां कह दिया। इस फिल्म का दिल लेखक-निर्देशक दिव्यांग ठक्कर हैं। उन्होंने आगे कहा कि जयेश एक ऐसा चरित्र है जिसे मैंने पहले कभी नही आजमाया है और इसलिए यह मेरे लिए पूरी तरह से नया था। मैंने अपने लिए कुछ अनोखा और मूल बनाने की संभावना देखी है और एक कलाकार के रूप में, यह एक बहुत ही संतोषजनक प्रक्रिया रही है।



रूस और यूक्रेन के बीच छिड़ी जंग रूकने का नाम ही नहीं ले रही। रूस द्वारा लगातार हमले किए जा रहे हैं। कई भारतीय छात्र यूक्रेन में फंसे हुए हैं। काफी छात्र सुरक्षित भारत लौट आए हैं और जो रह गए हैं उन्हें भी लाने की तैयारी की जा रही है। इस युद्ध में एक बार फिर एक्टर सोनू सूद मसीहा बने नजर आ रहे हैं।

# अब यूक्रेन में फंसे भारतीय छात्रों के लिए मसीहा बने सोनू

यूक्रेन से सुरक्षित लौटे एक छात्र ने वहीं का पूरा हाल सुनाया और बताया कि सोनू सूद की टीम ने कैसे उनकी मदद की। सोनू नेखुद ये वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। यूक्रेन से जब फ्लाइट दिल्ली आई तो छात्र ने अपनी पूरी कहानी सुनाई। वीडियो में छात्र कह रहा है- मैं ल्वीव का मेडिकल स्टूडेंट हू और यह सबसे सेफ था। एंबैसी से हमें 15 दिनों पर युद्ध के कंडिशन के बारे में नोटिस आया कि आपकी इच्छा हो तो आप जा सकते हैं और यदि आपको सेफ लग रहा हो तो आप रुक सकते हो। सभी कह रहे थे कि ल्वीव सेफ है, यूनिवर्सिटी तो ये कह रही थी कि वॉर तो 8 साल से चल रहा है तो यूनिवर्सिटी थोड़े बंद कर देंगे। उन्होंने कहा कि यूनिवर्सिटी खुली रहेगी और यूक्रेन का सिस्टम ये है कि तीन एब्सेंट पर वे निकाल देते हैं। इसलिए डरकर मैं नहीं आया। जब ये कंडिशन शुरू हुई, एंबैसी ने कहा जिनके पास जो बॉर्डर है आप वहां से निकल जाइए। मेरे पास था पोलैंड बॉर्डर। छात्र ने आगे कहा- पोलैंड बॉर्डर में 3 बॉर्डर हैं, मैं निकला और रात हो चुकी थी। बस ने मुझे 20 मिनट पहले उतार दिया था। ठंड में बड़ी मुश्किल से हमने अपने लिए सेंटर ढूंढा, सुबह होते ही हम वहां से निकले और मेरे फ्रेंड ने वीडियो भेजा कि वहां मारपीट हो रही है और बच्चों के साथ गंदा सलूक हो रहा है। फिर मैं गया नहीं और लौटकर आ गया। इसके बाद मेरा कॉन्टैक्ट हुआ सोनू सूद की टीम से। उनकी टीम ने मुझे गाइड किया और बताया कि कौन सा बॉर्डर सबसे सेफ है, जबकि उस बॉर्डर का मेंशन एंबैसी ने नहीं किया था। मैं रात के 12 बजे निकला और तिरंगा लगाकर निकाला और इसका असर ये हुआ कि झंडे को देखकर किसी ने रोका नहीं और बॉर्डर पर हमें खाना भी खिलाया। फिर वहां से मैं सुरक्षित निकल पाया।